हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 25.12.2023 वर्ष 10, अंक 350

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

सफलता का मिलना तय है, देखना तो यह है कि आप उसकी कितनी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

## क्विक न्यूज

### रंका मुठभेड़ में शामिल एक और नक्सली गिरफतार, हथियार बरामद

**गढ़वा :** रंका मुठभेड़ की घटना में शामिल जेजेएमपी के एक और सक्रिय नक्सली को पुलिस के द्वारा गिरफतार किया गया है। गिरफतार सक्रिय सदस्य का नाम मनोज राम उर्फ मनोज कुमार है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने रविवार को गढ़वा पुलिस केन्द्र के रक्षित कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। इस अभियान में पुलिस ने एक इंसास राईफल समेंत कुल पांच हथियार बरामद किया है। उन्होने बताया कि घटना में शामिल सक्रिय नक्सली को 23 दिसम्बर की रात्रि में गिरफतार किया गया है। उसके निशानदेही पर ग्राम ढेंगुरा एवं बैदिसी के बीच डुमरियानाला जंगल में अवस्थित पत्थर के खोह से उक्त दस्ता के हथियारों के जखीरा की बरामदगी हुयी है। बरामद हथियारों में एक इंसास राइफल, एक इंसास राईफल का मैगजीन, 5.56 एमएम कैलिबर का छह गोली, .315 बोर का चार राईफल, चार मैगजीन, .315 बोर का चार गोली, गोली रखने का चार पाउच बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि घटना में शामिल जेजेएमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर टुनेश उरांव एवं उसके दस्ता में शामिल फरार क्रियावादियों की गिरफतारी के लिए सघन छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पु.उपा.मु. संतोष कुमार, अंचल निरीक्षक राम जी महतो, रमकंडा थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, रंका थाना पिंकू कुमार राणा, हवलदार डोमन मोची, लक्ष्मीकांत महतो, अमित सिंह, रामकंडा हरिश्चंद्र भगत, रंका थाना ओंकार नाथ दुबे आदि शामिल थे।

### एमपी में आज होगा कैबिनेट का विस्तार

**भोपाल :** सोमवार को मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव की कैबिनेट का विस्तार होगा। कल दोपहर 3:30 बजे एमपी कैबिनेट में शामिल होने वाले सभी नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह भी होगा। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश में 35 मंत्रियों का पूरा सीएम मंत्रिमंडल होने वाला है। इसमें 34 मंत्री होंगे जबकि इनके अलावा सीएम भी मंत्रिमंडल में शामिल होंगे।

### धनबाद में हैवी ब्लास्टिंग से तीन घायल, आक्रोशित लोगों ने अधिकारी को पीटा

**धनबाद :** जिले के झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र के आरके ट्रांसपोर्ट आउटसोर्सिंग ऐना में प्रबंधन की ओर से रविवार को हैवी ब्लास्टिंग की गयी। ब्लास्टिंग के बाद पत्थर उड़कर पास की बस्ती टिकीयापाड़ा तक पहुंच गई। इसमें बस्ती के कई घरों को नुकसान पहुंचा और एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोग आरके ट्रांसपोर्ट आउटसोर्सिंग स्थल पहुंच गए और वहां काम कर रहे कर्मियों और अधिकारियों पर टूट पड़े। लोगों का गुस्सा देख कर्मी और अधिकारी वहां से भाग खड़े हुए। इस दौरान तीन घंटे तक उत्पादन ठप रहा। हंगामे की सूचना पाकर झरिया व बोर्रागढ़ पुलिस सहित सीआईएसएफ बल भी वहां पहुंच गए। ऐना कोलियरी प्रबंधक ललन कुमार, अधिकारी (पीओ) टी. पासवान पुलिस बल के साथ इंडस्ट्री काली मंदिर के समीप ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंची।आउटसोर्सिंग प्रबंधक को देखते ही ग्रामीण भड़क गए और प्रबंधक ललन कुमार को गाड़ी से खींच कर बाहर निकाल दिया और उनकी पिटाई कर दी।

### भारतीय महिला टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट मैच खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। भारतीय महिला टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। यह टीम इंडिया की लगातार दूसरी टेस्ट जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने इंग्लैंड को भी टेस्ट मैच हराया था। भारत ने यह मुकाबले टेस्ट मैच के आखिरी दिन अपने नाम किया। टीम इंडिया की सालमी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने भारत के लिए यह मैच फिनिश किया। टीम इंडिया को जीत लिए ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 75 रन का ही टारगेट दिया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 17° |

## अनिश्चितकाल के लिए भारतीय कुश्ती संघ हुआ निलंबित

# भारतीय कुश्ती संघ में घमासान

### खेल मंत्रालय ने आईओए से तदर्थ समिति बनाने को कहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती संघ के विवाद में अब सरकार ने हस्तक्षेप किया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया है। संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने जो फैसले लिए थे, उन्हें भी रद्द कर दिया है। संजय कुमार सिंह को जिस दिन अध्यक्ष चुना गया था उसी दिन उन्होंने घोषणा की थी कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय मुकाबले नंदिनी नगर गोंडा (यूपी) में होंगे। खेल मंत्रालय ने आईओए से तदर्थ समिति बनाने को कहा है। यही समिति देखेगी कुश्ती संघ का पूरा कामकाज। इसी साल मई के महीने में कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को संघ के कामकाज से दूर रहने के लिए कहा गया था। ऐसे में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति ही संघ का कामकाज देख रही थी। इसी समिति ने कुश्ती संघ के चुनाव कराए और 21 दिसंबर के दिन संजय सिंह को नया अध्यक्ष चुना गया।संजय सिंह का जमकर विरोध हुआ और उन्होंने कुछ मनमाने फैसले किए। इस वजह से खेल मंत्रालय ने पूरे कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया है।

### सरकार का सही फैसला : बजरंग पूनिया

पद्म श्री पुरस्कार लौटाने वाले बजरंग पूनिया ने सरकार के फैसले को सही ठहराया है और कहा है कि वह अपना सम्मान वापस ग्रहण करेंगे। वहीं, विनेश ने भी कहा है कि उनकी लड़ाई सरकार के खिलाफ नहीं थी। यह फैसला खिलाड़ियों के हित में है।

### पूरी जानकारी के बाद ही कुछ कहूंगा : संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा, खेल मंत्रालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के बाद उन्हें अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। मैं फ्लाइट में था। अभी तक मुझे कोई पत्र नहीं मिला है। पहले मुझे पत्र देखने दीजिए, उसके बाद ही कोई टिप्पणी करूंगा। मैंने सुना है कि कुछ गतिविधि रोक दी गई है।

### पहलवानों के हित में है फैसला : साक्षी

साक्षी ने कहा कि यह फैसला पहलवानों के हित में है। हम पहले ही कहते रहे हैं कि यह बेटियों और बहनों की लड़ाई है। यह पहला कदम है। अपने संन्यास से वापसी पर उन्होंने कहा कि नए कुश्ती संघ के आने के बाद वह इस बारे में फैसला करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि अब तक लिखित रूप में यह साफ नहीं हुआ है कि कुश्ती संघ को निलंबित किया गया है या सिर्फ संजय सिंह को हटाया गया है। यह साफ होने के बाद ही वह कुछ कहेंगी। उन्होंने आगे कहा कि वह संन्यास का एलान कर चुकी हैं और युवा पहलवानों के लिए न्याय चाहती हैं। भविष्य में स्थिति साफ होने पर वह अपने संन्यास से वापसी के फैसले पर विचार करेंगी।

**संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने जो फैसले लिए थे, उन्हें भी रद्द कर दिया है।**

**संजय कुमार सिंह को जिस दिन अध्यक्ष चुना गया था उसी दिन उन्होंने घोषणा की थी कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय मुकाबले नंदिनी नगर गोंडा (यूपी) में होंगे।**



### मेरा पूरा ध्यान लोकसभा चुनाव पर : बृजभूषण सिंह

बृजभूषण सिंह ने इस मामले पर कहा है कि वह कुश्ती से दूरी बना चुके हैं और उनका पूरा ध्यान लोकसभा चुनावों पर है। बृजभूषण ने कहा,संजय सिंह मेरे रिश्तेदार नहीं हैं। 15 और 20 साल के बच्चों का साल खराब नहीं हो, इस कारण नंदिनी नगर में टूर्नामेंट रखा गया। यह फैसला आम सहमति से लिया गया था। सभी 25 फेडरेशन ने अपनी लिखित और मौखिक सहमति दी थी। बृजभूषण ने आगे कहा,मैंने 12 साल तक कुश्ती के लिए काम किया। अच्छा किया या गलत किया, इसका मूल्यांकन समय करेगा। एक तरह से कुश्ती खेल से मैं संन्यास ले चुका हूं।



## मुख्यमंत्री ने दी क्रिसमस की बधाई

**इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि क्रिसमस पर्व एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल एवं जीईएल चर्च के बिशप सीमन तिर्की ने मुलाकात कर क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि क्रिसमस पर्व एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है। यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द तथा एक-दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। मैं समस्त राज्यवासियों को क्रिसमस पर्व के अवसर पर अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश कच्छप, जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, कोषाध्यक्ष-सह-वित्त सचिव (जीईएल चर्च) श्री अटल खेस्स, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद लकड़ा, महासचिव विकास तुर्की सहित सदस्य गोविंद टोप्पो एवं अनिल उरांव उपस्थित थे।

### जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में हुआ उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन

## धर्म परिवर्तित लोगों का डीलिस्टिंग होकर रहेगा : कड़िया मुंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पद्म भूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि धर्मांतरण हुए लोगों को अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाय। वे जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में रविवार को आयोजित रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज जाग उठा है। धर्म परिवर्तित लोगों का डीलिस्टिंग तो होकर ही रहेगा। डीलिस्टिंग से पहले जिनको अपने मूल धर्म में घर वापसी करना है उनका स्वागत किया जाएगा।राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहा कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था।

लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई एवं मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है कि धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नहीं मिले। देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास और उन्नति के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई और मुस्लिम बन गए हैं। पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने संविधान अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम और ईसाई धर्म ग्रहण करेंगे। उसे अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा।

जब मुस्लिम और ईसाई बनने पर अनुसूचित जाति की पहचान मिट जा रही है तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई और मुस्लिम धर्म में जाने पर उसकी आदिवासी की पहचान मिट जाती है।जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केन्द्रीय टोली सदस्य सत्येन्द्र सिंह खेरवार ने कहा कि डीलिस्टिंग, डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना और देशभर के 12 करोड़ परम्परागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का कराहती हुई आवाज है।

धर्मांतरित ईसाई 75 वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार लेते आ रहे हैं जबकि ईसाइयों को एसटी आरक्षण में कोई अधिकार नहीं है। ईसाई तो अल्पसंख्यक है।

धर्मांतरित ईसाई जनजाति आरक्षण की सूची में कभी नहीं रहा है।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित 300 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 21 दिसंबर को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने हटिया डीएसपी सहित छह पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में जगन्नाथपुर थाना में संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित तीन सौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो, अनिल कुमार ठाकुर, राजेंद्र नायक, दीपक सिंह, जय प्रकाश तिवारी, कुंदन कुमार, गौतम कुशवाहा, संतोष कुमार, नागेश्वर महतो, जितेंद्र कुमार, शादाब आलम, बलदेव करमाली, पावेल महतो, सतीश कुमार, रामदीप तिवारी, प्रदीप पासवान, उमेश चंद्र त्रिया, शमीम अख्तर सहित 300 लोगों के खिलाफ राज्य कर पदाधिकारी, अन्वेषण ब्यूरो के संजय कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।बताया जाता है कि संघ के सदस्य बैरिकेडिंग तोड़ कर विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। साथ ही सदस्यों पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन, आंदोलन करना, ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए गाली-गलौज करना तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का भी आरोप है। तब पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था।जांच अधिकारी चंद्रशेखर यादव की जांच में रविवार को यह खुलासा हुआ है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130



## पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण को लेकर अयोध्या रवाना हुए होली फेथ स्कूल के 60 विद्यार्थी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई :** डंडई प्रखंड अंतर्गत होली फेथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए उत्तर प्रदेश के अयोध्या नगरी रवाना हुए। विद्यालय के डायरेक्टर विवेक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को डंडई से हरिओम नामक बस से रवाना हुए। विद्यालय के कक्षा पांच से दस तक के कुल 60 छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया है।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश के रेणुकूट, डाला वैष्णो देवी मंदिर, काशी की नगरी वाराणसी, अयोध्या और बिहार के तुतला भवानी का भ्रमण करेंगे। बच्चों के रहने खाने की व्यवस्था विद्यालय की ओर से किया गया है। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराने के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान को प्रायोगिक रूप में साक्षात्कार करने का एक सर्वोत्तम तरीका है।यह शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। वे इस उद्देश्य के निहित उत्तर प्रदेश और बिहार का भ्रमण करेंगे। शैक्षणिक भ्रमण के तहत विद्यार्थियों को प्रसिद्ध चीजों का दर्शन कराएंगे तथा उसके वाले में उन्हें अवगत कराएंगे। इस दौरान आसपास की वनस्पतियों और भौगोलिक परिस्थितियों की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराने और जैविक उद्यान में विभिन्न फ्लोरा व फाउना के जीवन-वृत्त के बारे में समझाने के उद्देश्य से यह शैक्षणिक भ्रमण बहुत ही महत्वपूर्ण है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस भ्रमण का मकसद स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षक दिनेश प्रसाद, रविन्द्र कुमार गुप्ता, मंतोष कुमार, प्रियांशी कुमारी, अंचल कुमारी, रीना कुमारी, जूही कुमारी, श्रवण कुमार हैं। वही विद्याथियों में मुख्य रूप से रितिका कुमारी, आकांक्षा सोनी, पम्मी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, दीपांजलि कुमारी, रौशनी कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, आरोही कुमारी, बबलू, दिव्य प्रकाश, शुभम गुप्ता, पियूष समेत अन्य का नाम शामिल हैं।

## रोटरी स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत रविवार को रोटरी स्कूल में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त शशि रंजन सह उनकी पत्नी, रोटरी स्कूल अध्यक्ष अनुग्रह नारायण शर्मा, प्राचार्य अश्लेष पांडे ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। रोटरी स्कूल के छात्र छात्राएं विज्ञान प्रदर्शनी का कलाकृतियां ने डांस कर प्रस्तुत किया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि रोटरी स्कूल विश्व में कही भी अपना पहचान का मोहताज नहीं हैं। रोटरी स्कूल के छात्र छात्राएं खास कर विज्ञान टेक्नोलॉजी में महारत हासिल किया है। उन्होंने कहा कि बच्चें कमजोर नही होते हैं। बच्चों को निखारने के लिए उनके माता पिता और गुरु का महान योगदान होता है। रोटरी स्कूल अध्यक्ष अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि रोटरी स्कूल का पूरे विश्व में पढ़ाई के क्षेत्र में एक अपना स्थान हैं और उन्होंने कहा कि रोटरी स्कूल शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य और कमजोर व गरीब बच्चों को सहयोग करने का काम शिक्षा के क्षेत्र में करता हैं। हमारा एक ही उद्देश्य है अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान प्रकाश को फैलाना। देश के नोनीहाल बच्चे देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे यही मेरी शुभकामना है। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडे ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि दिखाना तथा विज्ञान विषय को बढ़ावा देना है। इससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि को बढ़ावा मिलता है। छात्रों को रुचि के साथ में तथ्यों और आविष्कारों को सिखाने में मदद मिलता है। कार्यक्रम में मौके पर डीएवी स्कूल प्रधानाध्यापक जीएम खान, चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे, सहेली सेंटर की अध्यक्ष विजया शर्मा, उप प्राचार्य रितु मुस्कान, स्मिता सिंह, गोरी शंकर मिश्र, उमाकांत मिश्र, सुधीर सिंह, नम्रता पांडे सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## जनता की स्वास्थ्य को दरकिनार करते हुए तेजी से कार्य कर रही है भारत वाणिज्य कंपनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित भोगु से संख्या तक ऐन ऐच आई के द्वारा फोर लेन रोड निर्माण कार्य, तेजी से चल रहा है। वही रोड निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण, काफी संख्या में कंपनी के द्वारा, बड़ी-बड़ी मशीने कार्य कर रही है। यह रोड मुख्य मार्ग होने के कारण, काफी संख्या में बड़ी-बड़ी वहन का परिचालन इस रोड में होती है। जिससे रोड काफी बिजी रहती है, वही भारत वाणिज्य कंपनी लोगों की स्वास्थ्य का ख्याल करते नहीं दिख रही है। कम मात्रा में पानी की छिड़काव करने के कारण रोड में कुहासा सा नजर आता है, धूल से स्नान करते हुए यात्री इस रोड से गुजरने में मजबूर हैं, रोड किनारे बने हुए मकान की अंदर तक धूल पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण जनता को सांस लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है! वहीं अगर बात करें कंपनी की तो, अपने वर्कर का पूर्ण रूप से ख्याल, करते हुए कार्य कर रही है ! आम जनता की कोई ख्याल नहीं ग्रामीण जनता ने ऐन ऐच आई रोड संबंधित उच्चतम पदाधिकारी से स्वास्थ्य की गुहार लगाते हुए पूर्ण रूप से पानी की छिड़काव करने की मांग की है।

## ब्याहुत कलवार समाज का हुआ सम्मेलन, वरिष्ठ व युवा कमेटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अखिल भारतीय ब्याहूत कलवार समाज की ओर से रविवार को शहर के चेचरिया स्थित अलका मैरिज गार्डन परिसर में स्वजातीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व इंस्पेक्टर जोखू प्रसाद, पूर्व सीएस डॉ शशि शेखर वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य विद्यासागर, प्रतिष्ठित व्यवसाई रवि प्रकाश, समाजसेवी कामता प्रसाद, भारत भूषण, नंदलाल प्रसाद, अश्विनी कुमार व पूर्व मुखिया अजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से समाज के आराध्य देव भगवान बलभद्र की तस्वीर पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में कलवार समाज को और मजबूत बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।वक्ताओं ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सदस्यों से सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन करने का आवाह्न किया। उन्होंने समाज के सदस्यों से सामूहिक विवाह, संगठन की मजबूती के लिए होने वाले सम्मेलन और अधिकारों की प्रति के लिए किए जाने वाले संघर्ष में बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने समाज की वर्तमान परिपेक्ष्य में आई जागरूकता की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक सम्मेलन से समाज के लोगों में आपस में परिचय बढ़ता है। शादी विवाह के लिए वर वधु की खोज में खर्च होने वाले पैसे की बचत होती है। शिक्षा के सामाजिक और मानसिक रूप से मजबूती मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से समाज व धर्म की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। सम्मेलन के दौरान गत दिनों पहले हुए कलवार समाज के कमेटी गठन में नवनिर्वाचित लोगों का नाम घोषित किया गया और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारीयों को समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हर्षोल्लास के माहौल में सम्मानित किया गया। सर्वसम्मति से चुने गए कलवार समाज के अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद, सचिव रुपेश कुमार पप्पू अनमोल, कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार, मनोज कुमार मंटू, अजय प्रसाद मुखिया जी व वीरेंद्र प्रसाद मुखिया जी तथा उपसचिव अविनाश कुमार व हीरा प्रसाद, सहकोषाध्यक्ष सूर्यनाथ प्रसाद एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अजीत कुमार को बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में दो दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है। सम्मेलन के दौरान युवा ब्याहुत कलवार समाज का भी गठन किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से उमेश कुमार चाहत को अध्यक्ष चुना गया। जबकि नीरज कुमार को सचिव, शुभम कुमार एवं धीरज कुमार को उपाध्यक्ष तथा रंजन कुमार छोटू एवं चंदन कुमार कुमकुम को उपसचिव बनाया गया। इन सभी नवनिर्वाचित लोगों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वही समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का मन संचालन देव शंकर प्रसाद ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जोखू प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के अंत में जलपान की व्यवस्था की गई थी।

## सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच प्रमुख ने किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी ने रविवार को अपने आवास ग्राम-पंचायत पाचाडुमर में बढ़ते ठंड को देखते हुए सैकड़ो जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने पंचायत अंतर्गत कमदरवा, मुनमुन, बरहियाराज, कुम्हिया, सोनबरसा, बिजडीह, पाचाडूमर के जरूरतमंद शांति कुंवर, सुमित्रा कुंवर, प्रसाद राम, जिर्मणिया कुंवर, यमुनी बीबी, तुलसी चौहान, प्रसाद साह, रघुरेश्वर बैठा, मालती कुंवर स्व. ठाकुर यादव, शोकनी कुंवर आदि सहित अन्य गांव टोला में लगभग 150 असहाय, गरीब, वृद्ध, विधवा, विकलांग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद उदय प्रसाद अखिलेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय कुम्हार समाज का किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड में रविवार को प्रजापति (कुम्हार) समाज का प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लवकुश प्रजापति (पूर्व विधायक प्रत्याशी भवनाथपुर) ने किया। कार्यक्रम की सुरुवात इस बैठक में उपस्थित सभी प्रजापति के लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रवजल्लित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रजापति ने किया, वहीं मंच संचालक अनूप प्रजापति ने किया। जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रजापति ने प्रजापति समाज की बैठक में खरौंधी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए लोगों को संगठन का पुन~ गठन करने को लेकर बताया। इसके साथ ही अपने समाज के बच्चे को शिक्षित होने पर चर्चा किया. और अपने समाज को आगे कैसे बढ़ाया जाए इस पर कई तरह की चर्चा की गयी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष लवकुश प्रजापति ने कहा की आज के दिन में अपने समाज के लोग ही अपने लोगों को भूल जाते हैं किस तरह अपने लोग आगे बढे और शिक्षित हो इस बातों पे ध्यान न देकर अपने समाज के लोगो पर ही जलन करते हैं जो की ऐसा न करके स्वंय शिक्षित होकर आगे बढे. आज के हमारे प्रजापति समाज बहुत पीछे हुआ है इसलिए हमलोग को मिलकर आगे बढ़ना होगा। वहीं बैठक में उपस्थित सभी प्रजापति समाज के लोगों अपने बातों को एक -एक कर संबोधित किया। **इन लोगों का संगठन में पद के लिए किया गया चयनित :** अध्यक्ष- बबलू प्रजापति, सचिव - बिन्टेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष- चंद्रदेव प्रजापति, मीडिया प्रभारी-पिंटू प्रजापति, अनय प्रजापति, सहित अन्य पद पर अन्य लोग चयनित हुए। बैठक में उपस्थित अवधेश प्रजापति, चंद्रिका प्रजापति, दिग्विजय प्रजापति, संभु प्रजापति, सहित सैकड़ो प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थी।

## थाना प्रभारी ने उमाढांकी में बुजुर्ग महिला पुरुष को कंबल बच्चों को कॉपी पेंसिल सहित बैग अन्य सामग्री का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत उमाढांकी गांव में निवास करने वाले गरीब यसहाय व बुजुर्ग महिला पुरुष के बीच थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने शनिवार को कम्बल बच्चों को पेंसिल कॉपी बैग चॉकलेट सहित अन्य सामग्री का वितरण सामुदायिक पुलिसिंग के तहत वितरण किया गया। तथा बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया और उनके अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहे। और उन्होंने बताया कि ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया। एवं बुजुर्गों को ठंड से बचने की बात कही। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा ए एस आई रंजय कुमार सहित थाना के पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## रंका के आलोक को झारखंड राज्य के पर्यटक मंत्री हाफिजुल हसन ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव में झारखंड राज्य से विज्ञान संचार एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त रंका अनुमंडल निवासी आलोक कुमार चौधरी को राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवम युवा कार्य तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफ़िजूल हसन एवं खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक सुशांत गौरव द्वारा सम्मानित किया गया। आलोक को विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से पुरस्कृत होकर राज्य के युवाओं के बीच मिशाल पेश करने के लिए पुरस्कृत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के खेल उपनिदेशक मनीष कुमार, एनएसएस पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, झारखंड राज्य नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक एसपी सिंह एवं विभिन्न जिलों के खेल विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## रा0 म0 विद्यालय केतार के 140 छात्र-छात्राएं गए शैक्षिक भ्रमण पर तातापानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** राजकीय मध्य विद्यालय केतार के द्वारा रविवार को 140 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन के द्वारा छत्तीसगढ़ के तातापानी पर्यटन स्थल ले जाया गया। जहां बच्चों ने पर्यटन स्थल का भ्रमण कर खूब लुत्फ उठाया। साथ ही पिकनिक के तौर पर शाकाहारी भोजन भी किया गया। इस अवसर पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम मेरे विद्यालय में पिछले वर्ष से ही शुरू किया गया है हम लोग के द्वारा पिछले वर्ष बच्चों को नेशनल बेतला पार्क का भ्रमण कराया गया था इस बार छत्तीसगढ़ के तातापानी पर्यटन स्थल भरमन के लिए भेजा जा रहा है। वहीं स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे छात्र-छात्राओं के लिए अल्पाहार की प्रबंध मेरे द्वारा किया गया है। वही ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि सुदूरवर्ती इलाके के बच्चे भी शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे हैं जो बहुत ही अच्छा पहल है। इससे बच्चों में शारीरिक और बौद्धिक क्षमता डेवलप होता है। साथ ही उपस्थित गण मान्य लोगों ने विद्यालय द्वारा किया गया इस पहल को लेकर खूब सराहना की और कहा कि इस तरह का कार्यक्रम प्राइवेट विद्यालय में हुआ करता था जिससे सरकारी विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को गिल्टी फील होता था। इस तरह के भरमन कार्यक्रम से सरकारी विद्यालय में बच्चों का झुकाव बढ़ेगा।

## शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी : एनके तिवारी

### संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**आलोक पांडेय@प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर (पलामू) :** संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर व पाटन शाखा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन आउट डोर तथा दूसरे दिन इंडोर खेल प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, लूडो, बैडमिंटन, थ्रो बॉल, बास्केट बॉल,कबड्डी, बॉली बॉल, म्यूजिकल चेयर सीट, स्पून मार्बल सहित दर्जनाधिक खेल को शामिल किया गया था। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में यूकेजी से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्रों ने अपने क्षमता व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विजयी प्रतिभागियों के बीच स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक एन के तिवारी व उप निदेशक पूनम तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक एन के तिवारी ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित होता है। इसलिए खेल को शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। प्राचार्य आर के सिंह ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है तो शारीरिक विकास का साधन खेल हैं. इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल शिक्षक अवनीश चौबे की भूमिका सराहनीय रही। मौके पर शिक्षिका निधि राय, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैतिक कुमार, हिमांशु कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## रंका के खरडीहा बजनवा मंदिर में चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** रंका के खारडीहा बजनवा महावीर मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में पूजा समिति के सदस्य सह मुखिया पति पप्पू यादव ने बतलाया कि बजनवा महावीर मंदिर में तीन बार पहले भी चोरी कर ली गई है। अभी तक शासन के लोग चोर को नहीं पकड़ पाए हैं। अगर इसी प्रकार से चोरी होता रहा तो बाध्य होकर हम सभी ग्रामीण आन्दोलन करेंगे। गढ़वा के बीएसएफ बटालियन में कार्यरत विजय कुमार पासवान के निधन पर गढ़वा पुलिस लाइन में दी गई सलामी। इस संबंध में बताते चले की गढ़वा के पचपेड़वा धर्मडीह गांव निवासी पलामू लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान के भाई विजय पासवान जम्मू कश्मीर में करत थे जिनकी अज्ञात बीमारी के कारण उनके निधन हो गई जिनकी शव गढ़वा पुलिस लाइन में पहुंचते हैं गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे भाजपा विधायक अमन बारी पलामू मेदनी नगर विधायक आलोक चौरसिया पुलिस लाइन पहुंचकर बीएसएफ के जवान विजय कुमार पासवान को लोगों ने सलामी दी।

## बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का हो रहा है सार्थक प्रयास : बीईईओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने व विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जुड़ाव के लिए शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन नवाचार कर रहे है। ऐसा ही नवाचार हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया में किया गया है। यहां पर स्कूल की दीवार पर रेल के डिब्बों के जैसा रंगरोगन व रेलवे स्टेशन जैसी आकृति बनाया गया है, जो पूरे हुसैनाबाद क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां विद्यार्थी बड़े चाव के साथ विद्यालय आते हैं। इस शिक्षा की ट्रेन का नाम है एजुकेशन एक्सप्रेस, जिस पर बैठकर हर बच्चे शिक्षा की एक नई इबारत लिखेंगे। विद्यालय को दूर से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। इस एजुकेशन एक्सप्रेस का विधिवत उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम, वरीय शिक्षक निर्मल कुमार, जुबैर अंसारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी, सहायक अध्यापक पप्पू पटेल आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर बीईईओ श्री राम ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के प्रयोग से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। बिद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री चौधरी ने बताया कि बच्चे ट्रेन देखकर बड़ा ही आकर्षित होते है इसलिए अपने विद्यालय को ट्रेन का रूप दे दिए हैं।ताकि बच्चे के बीच आकर्षण का केंद्र बने और पढ़ाई में रुचि लगे। इस अवसर पर बिद्यालय के कई सहायक शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

## अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित छात्र के इलाज के लिए मिली 41 हजार रूपए की सहायता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के लंबा धौड़ा निवासी गंभीर बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित छात्र अंकित कुमार को इलाज के लिए 41 हजार रूपए की सहायता मिली है.अंकित एसीसी हाई स्कूल खलारी का छात्र है. एसीसी उच्च विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों, शिक्षकों व प्रबंधन के आपसी सहयोग से संयुक्त रूप से मिलकर अंकित के पिता विनोद कुमार को सहायता राषि का चेक सौंपा. विद्यालय परिवार ने अंकित के जल्द स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की है.

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी में मसीही समुदाय द्वारा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को लेकर मसीही विश्वासियों ने चर्च को आर्कषक रूप से सजाया. शांति नगर खलारी ख्रीस्त राजा चर्च में रात दस बजे कार्यक्रम शुरू हुआ जो प्रभु यीशु के जन्म के बाद समाप्त हुआ.फादर ऑस्कर टोप्पो ने मिस्सा पूजा कराया. उनके सहयोगी में फादर हिलारियूस तिग्गा थे. कार्यक्रम में सभी मसीही विश्वासी हाथों में कैंडल लेकर जुलूस की शक्ल में चर्च के अंदर गए. चर्च में प्रभू यीशु के जन्म पर चरनी को आकर्षक ढंग से सजाई गई थी. इसमे बालक यीशु के जन्म को चरनी के माध्यम से मनोहारी रूप से पेश किया गया.लोगों ने प्रभु यीशु का जयकारा लगाया तथा पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया. लोगों ने प्रभु यीशु के जन्म के खुशी में कैरोल सिंगिंग गाया तथा एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी. फादर ओस्कर टोप्पो ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु इंसान के रूप में धरती पर जन्म लेकर सभी को प्रेम का पाठ पढ़ाए. कहा कि प्रभु यीशु प्रेम ने प्रेम, दया व सेवा का संदेश दिया है. क्रिसमस मानव के प्रति ईश्वर की असीम प्रेम व शांति का महापर्व है. फादर ने कहा कि ईश्वर मनुष्य बनकर इस दुनिया में आए.ईश्वर ने हमारे नश्वर रूप में इस दुनिया में जन्म लिया.इनकी याद में हम जन्म पर्व मनाते हैं. हमें भी अपने जीवन में ईश्वर के रूप को पहचानकर उनके अनुरूप बनने की जरूरत है.. अंत में उपस्थित लोगों के बीच परम प्रसाद बांटा गया. कार्यक्रम में सिस्टर जयंती, सिस्टर नेली, इनोसेंट कुजूर, अमित टोप्पो, ज्ञान कुजूर, रोबिन एक्का, प्रकाश कुजूर, नरेश करमाली, ज्ञान कुजूर, प्रदीप कुजूर, अनूप मुंडा, अमन टोप्पो, दीपक कुजूर, वंदना मिंज, टेरेसा तिग्गा, सुनीता तिग्गा, नीरा गीध आदि शामिल थे.

## मिशन जेआरएफ श्रृंखला शुरू

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के शीर्ष परीक्षण तैयारी ब्रांड, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा के लिए अपनी फ्मिशन जेआरएफफ्र (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) श्रृंखला शुरू की है। श्रृंखला में वीडियो व्याख्यान, इंटरैक्टिव कक्षाएं, मॉक टेस्ट और विशेषज्ञ मार्गदर्शन शामिल हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए वर्ष में दो बार यूजीसी नेट आयोजित करती है। फिजिक्स वल्लाह के ऑनलाइन सीईओ अतुल कुमार ने भारत में शिक्षण या अनुसंधान के द्वार खोलने और जूनियर रिसर्च फेलोशिप के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए यूजीसी नेट परीक्षा की क्षमता पर प्रकाश डाला।मिशन जेआरएफ श्रृंखला में दो पेपर शामिल हैं- शिक्षण योग्यता, अनुसंधान योग्यता, पढ़ने की समझ, संचार कौशल, गणितीय तर्क, तार्किक तर्क, डेटा व्याख्या और शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी जैसे विषयों को कवर करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य।

## जरूरत मंद के साथ खड़ा रहूँगा : राजेश कच्छप

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधान सभा के लोकप्रिय विधायक श्री राजेश कच्छप के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कुल 06 (छः) व्यक्तियों को कुल 3,00,000/-(तीन लाख) रुपये विभिन्न रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को लाभ दिलाया गया। जिसकी आज खिजरी विधायक के आवास लुपुंगटोली में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनता के हर सुख दुःख में मैं एवं हमारी सरकार खड़ी है। जनता के हर समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा। आज निम्नलिखित लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। 1. करमा उरांव पिता स्व गोपाल उरांव, ग्राम डहुवा बगानटोली, थाना अनगड़ा जिला रांची। को 50,000/- 2. नमिता देवी, पति अयोध्या प्रसाद, ग्राम आदर्श नगर टाटीसिलवे, थाना टाटीसिलवे, जिला रांची को 50,000/- 3. कमाल राजा पिता कय्यूम अंसारी, ग्राम इरबा थाना ओरमांझी ,जिला रांची को 50,000/- 4. सहजराम महतो, पिता मोहराई महतो, ग्राम चिलदाग, थाना अनगड़ा, जिला रांची को 50,000/- 5. पकलू चौधरी पिता सुरेश चौधरी, ग्राम चिलदाग, थाना अनगड़ा, जिला रांची को 50,000/- 6. रौशन जहां, पति वसीम अंसारी, ग्राम करमा, थाना ओरमांझी, जिला रांची को 50,000/- रू का चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनगड़ा राजेन्द्र मुण्डा, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, पूर्व मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि धरमु नायक, संजय प्रसाद, मुखिया हिरदू उरांव, मकर मुण्डा, बबलू लकड़ा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेनैक्सीपीर एक्टिव को सर्वश्रेष्ठ माना गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एफएमसी इंडिया, एक कृषि विज्ञान कंपनी, और इसकी उद्योग की अग्रणी कीट नियंत्रण तकनीक रेनैक्सीपीर को बेस्ट ब्रांड्स कॉन्क्लेव 2023 में कृषि में सर्वश्रेष्ठ ब्रांडों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। द इकोनॉमिक टाइम्स (श्वज्ज) एज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम , एफएमसी की रेनैक्सीपीर0 सक्रिय कीट नियंत्रण तकनीक ने भारत के कृषि उद्योग में जो महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है, उसका एक प्रमाण है। रेनैक्सीपीर सक्रिय कीट नियंत्रण आर्मीवर्म, लूपर्स, सिल्वरलीफ व्हाइटफ्लाई निम्फ और लीफमाइनर लार्वा जैसे कीटों पर व्यापक स्पेक्ट्रम नियंत्रण प्रदान करता है। यह भारत के प्रमुख फसल सुरक्षा उत्पाद ब्रांडों, कोराजेन कीटनाशक और फर्टेर्रा कीटनाशक के पीछे प्रेरक शक्ति है। रेनैक्सीपीर सक्रिय भारत में 16 प्रमुख फसलों में बेहतर फसल सुरक्षा प्रदान करता है और लाखों किसानों के लिए सबसे भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में क्रिसमस को लेकर आज होगा कार्यक्रम, सारी तैयारी पूरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में आज क्रिसमस को लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कोयलांचल क्षेत्र में क्रिसमस का उत्साह देखा जा रहा है।कोयलांचल क्षेत्र के कैथोलिक चर्च मंडेर मे क्रिसमस को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गई है।पुरे चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।रात्रि में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम मे फादर सुनील बारा,सिस्टर विक्टोरिया मिंज,रौशन रामु मिंज, अलेकजेण्डर तिरगा,दिनेश तिग्गा,करूणा तिर्की,रजनी तिर्की,शिला एक्का,सुनील टोपनो सहित कई लोग शामिल होंगे।वही सुबह में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे।

## नौढ़ी में किसानों को प्रशिक्षण दिया गया

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के नौढ़ी पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को किसानों को प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सासंद प्रतिनिधि अनूप साहू उपस्थित थे, उपस्थित किसानों को बीज वितरण करते हुए अनुप साहू ने कहा वर्तमान समय मे लोग एक ही फसल धान की फसल ही करते है, बाकी समय काम की तलाश मे पलायन कर जाते है यदि थोड़ा मेहनत कर सब्जियों की खेती करेंगे तो किसानों को पलायन करने की जरूरत नहीं होगी और यहीं पर सब्जी की अच्छा पैदावार कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं साथ ही अपने परिवार का अच्छे से पालन पोषण कर सकते हैं मौके पर किसानों को पालक, सरसों, भिंडी, करेला, समेत और बीच का वितरण किया गया मौके पर सैकड़ो किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रकृति पूजकों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए बाध्य करना बंद हो : बगरय ओड़ेया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू के बालो में रविवार को सरना धर्म सोतो- समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई. जीतु पहान, लुथडू मुंडा व विश्राम डोडराय की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अथिति अथिति जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया और विशिष्ट अथिति डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र गुंजल इकिर मुंडा रहे. इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय ओड़ेया ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो प्रकृति आधारित है. अब सरना धर्म कोड के लिए करो या मरो के तर्ज पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन चलाया जा रहा है ताकि भारत सरकार यथा संभव जनगणना परिपत्र में सरना धर्म कोड अंकित करें. आज देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और दूसरी ओर जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अनदेखा किया जा रहा है.

उन्होंने आगे कहा कि सरना कोड न देकर आजाद भारत में आदिवासियों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है. हम भारतवर्ष के मूल निवासी हैं जिससे धर्म-संस्कृति संरक्षण के दावेदार हैं. अत- भारत सरकार सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें.

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मसीह गुड़िया ने कहा कि समाज में अशिक्षा व बेरोजगारी है जिसे राज्य सरकार सामाजिक संगठनों के साथ समंवय स्थापित कर हर संभव खत्म करने का प्रयास कर रही है. सरना, जतरा, हड़गड़ी जैसे सामाजिक-धार्मिक धरोहरों का घेराबंदी कर संरक्षण व संवर्धन कर रही है. इसके लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अत- सभी गांव के प्रबुद्ध जन, माता-पिता एवं सामाजिक अगुओं को ऐसे योजनाओं को लाभ लें और धार्मिक-सामाजिक धरोहरों का संरक्षण करें.

इस कार्यक्रम में डॉ सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीर, जेना तोपनो, मधु बारला, दीपा डोडराय, अभिमन्यु पहान, दुगलू मुंडा, सोमा मुंडा, सुनिल गुड़िया, गोमेया पहान, सोमरा भेंगरा, बुधराम सिंह मुंडा, साबा बारजो, समिया डोडराय, मंगरा बरजो, बिरसा तोपनो, करमु हेंबरोम, सुभासिनी पुर्ती, जमुना मुंडू आदि ने विचार व्यक्त किए. इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, गुमला तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

## 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट और 2 दिवसीय आर टी पी बी सी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सम्मान समारोह किया गया। राज्यों के विभिन्न प्रखंड बेरो रामगढ़, रातु, अनगड़ा, ओरमांझी, आदि प्रखंड से आए 55 महिलाओ ने इस प्रशिक्षिण कार्य क्रम में भाग ली। मुख्य अतिथि सीमा बराइक लापुंग पंचायत के मुखिया ने प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया की ब्यूटी पार्लर का शादी विवाह के मौके पर ज्यादा मांग हैं खास कर दुल्हन मेकअप के लिए, और आज के दौर में हर कोई सुंदर दिखना चाहती है। रोजगार का बहुत बड़ा साधन है। आप चाहेंगे तो खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर कर आप दुसरो को भी रोजगार दे सकती है। आप मालिक बनना सीखिए । रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मंगदर्शन दिया की वित्तीय सहायता के लिए आप बैंक से लोन लेकर भी अपने स्वरोजगार को और आगे बढ़ा सकते है। मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल कुमार,जगदीश चंद्र महतो ,दशरथ कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## हवाँगहतु पंचायत मे आजसू की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक- 24/12/2023 को नामकुम प्रखण्ड के होवांगहातु पंचायत में प्रखण्ड अध्यक्ष श्री रतन लाल सिंह होण्डा के अध्यक्षता में बैठक की गयी।पंचायत प्रभारी विवेक कुमार गोप, महिला पंचायत प्रभरी श्रीमती मूर्तमणी देवी जी के अगुवाई में होवांगहातु पंचायत के विभिन्न टोली के बृध्द महिला पुरूष को ठण्ड से बचने के लिए आजसू पार्टी के सौजन्य से कंबल दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा ने कहा कि आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई,दवाई,क्षेत्र का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी माटी की पार्टी है, ये राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के ऊर्जावान क्रांतिकारी योद्धाओं की त्याग एवं शहादत से हीं झारखण्ड राज्य अलग हुआ है। मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, ग्राम प्रभारी राकेश सिंह, नागेश्वर सिंह विजिया,शंभू सिंह विजिया, राजेन्द्र सिंह मुण्डा,शनिका मुण्डा, लखन नायक,सुखराम मुण्डा, हरी सिंह,नागेश्वर मुण्डा,कोड़े मुण्डा, शिवा नायक,कजरू मुण्डा, मांडू नायक,सोमरा नायक, लालमोहन सिंह,महादेव मुण्डा, बलदेव सिंह विजिया,डोमन सिंह, कालांदी देवी, बाला देवी,देवकी देवी एंव सैकड़ो बृध्द महिला पुरूष उपस्थित थे।

# विधायक अंबा प्रसाद ने बुंडू पंचायत में छः करोड़ की लागत से बनने वाले दो पथों का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुण्डु पंचायत के दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया।विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा एवं जिला के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने के बाद करीब छः करोड़ की लागत से उक्त दोनों पथों के निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान हुई है।जानकारी के अनुसार बुंडू पंचायत के दामोदर नदी से ढोठन गंझू के घर तक भाया उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू तक पथ निर्माण में तीन करोड़ 94 हजार रूपये एंव अति सुदूरवर्ती मुख्य पथ शल्या टुंगरी से ग्राम हल्दी कोचा तक पथ निर्माण में तीन करोड़ 30 लाख की लागत आएगी।कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया।पारंपरिक रूप से पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास किया।विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि जहां लोग पैदल भी नहीं जा सकते थे वहां भी सड़क बन रहा है,अब वहां भी चार पहिया वाहन दौड़ेंगे। पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है।हल्दीकोचा में सड़क बनने की शुरुआत होने से लोगों में अलग प्रकार का उत्साह दिख रहा है।पूरे गांव में त्यौहार जैसा माहौल है। विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य कर रहे विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने तथा गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखने की बात कही।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, विधायक प्रतिनिधि पिपरवार राजेंद्र गुप्ता,मुखिया तुलसी तुरी,पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो,पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी,पंचायत अध्यक्ष मोहन करमाली,बसंत गुप्ता, हीरालाल महतो,सुरेंद्र साव, धनंजय कुमार,रोहित तुरी, भोला साव,राजेश साव,रवि साव,मनीष उरांव,जितेंद्र राम, संतोष यादव,उमेश यादव, अशोक साव,बबलू यादव, सिवन तुरी,प्रभु साव,पवन तुरी,सुनील तुरी,भुनेश्वर तुरी, सुरेंद्र साव,संदीप साव, राजदीप साव,कृष्णा तुरी, गणेश साव,सावित्री देवी, सुभाष साव,भुवनेश्वर तुरी, सुरेंद्र करमाली,रूपलाल यादव,राजेश साव,सिकंदर तुरी,कृष्णा तुरी,मनोज राम, रंजीत यादव,विनोद यादव, मनोज रविदास,लाल देव करमाली,मंगल सिंह,हीरा राम,गुरदयाल सिंह,तेजनाथ महतो,मुकेश महतो सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## आनंद एवं प्रेम का सुसमाचार देता है क्रिसमस पर्व : प्रतिभा सुमन सुरीन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन उन्होंने चरणी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा क्रिसमस प्रेम,विश्वास,त्याग,समर्पण और सौहार्द का जन्म पर्व है। यह पर्व हमें परमेश्वर के उस बड़े प्रेम को बताता है जो उसने समस्त मानव जाति से किया. उसने अपने इकलौते बेटे यीशु को हमारे उद्धार के लिए दे दिया. ताकि लोग पाप में न मरें, वरन् यीशु के द्वारा अनंत जीवन को प्राप्त करें। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि प्रभु यीशु का यह जन्म पर्व आनंद का सुसमाचार देता है, जीवन में निराश हताश लोगों में उम्मीद और आशा का संचार करता है। हमें प्रभु यीशु के शुभ समाचारों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कैरोल एवं नागपुरी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी तथा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया इस दौरान म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान काव्या के द्वारा बेहतरीन डांस प्रस्तुति तथा प्रिंस के द्वारा आकर्षक क्रिसमस ट्री बनाने के लिए मुख्य अतिथि प्रतिभा सुमन ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका रिया, शमिता ,रागिनी ,अंजलि , सुमित एवं पुष्कर का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम का संचालन बिपाशा एवं आराध्या ने संयुक्त रूप से किया।

## युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहु प्रखंड की युवा कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक मुरहु मे की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने की। मौके में खूंटी जिला सह प्रभारी मोहम्मद शादाब खान ने कहा कि अब समय आ गया है और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी युवा एकजुट हो जाए और पूरे प्रखंड में अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस परिवार से जोड़े ।मौके में अरुण संगा ने सभी युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी युवा को एकजुट होना है और बुथ स्तर पर काम करना है ताकि कांग्रेस को ताकत मिल सके और आगामी चुनाव में इसका लाभ हम सभी जिला वासियों को दे सके। बैठक में चार युवा साथियों को युवा कांग्रेस परिवार से नियुक्ति पत्र देकर जोड़ा गया जिसमें वहा मुंडा को खूंटी जिला युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार को खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष, सोनू को खुंटी प्रखंड सचिव, कैफ़ खान को खूंटी प्रखंड सचिव बनाया गया। मौके में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तरहां खान ,मुरुहु प्रखंड अध्यक्ष एमडी नौशाद खान, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ, विधानसभा उपाध्यक्ष एमडी उस्मान, पप्पू खान साथ ही दर्जनों युवा साथी मौजूद थे,

## खेलो सिल्ली अभियान का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत आज को पिस्का पंचायत में खेलों सिल्ली अभियान का शुभारंभ होगा! मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक श्री सुदेश कुमार महतो और बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी सिल्ली की अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो होंगी साथ में अंतरराष्टीय फुटबॉलर अजय सिंह ,अंतरराष्टीय तीरंदाज एंजला सिंह , लॉन बाल के अंतरराष्टीय खिलाडी दिनेश कुमार, कबड्डी के हरीश कुमार, एथेलेटिक्स के राजू कुमार ,बॉलीबॉल के अमरपाल साथ ही कई खिलाडी उपस्थित होंगे! खेलों सिल्ली अभियान में पिस्का पंचायत के लगभग 12 टीम भाग लेंगी ।

## शहीद निर्मल महतो जयंती पर डबल खास्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अन्तर्गत दो दिवसीय डबल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता 25 एवं 26 दिसंबर 2023 को स्थान - लोटा स्कूल मैदान की तैयारी पुरी जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद निर्मल महतो जयंती शुभ अवसर पर 25 दिसंबर को विधिवत रूप से शहीद निर्मल महतो के चित्र पर मल्लार्पणकर के 16 टीमों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू किया जाएगा। 26 दिसंबर को फुटबॉल फाइनल एवं मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक-बलराम महतो उर्फ राधिका, अजीत कुमार महतो,, अध्यक्ष-रविंद्र नाथ मुंडा मुखिया प्रतिनिधि लोटा,, उपाध्यक्ष-विष्णु चरण महतो,, सचिव -मिथुन चंद्र महतो,, सहसचिव-भगीरथ महतो,, कोषाध्यक्ष-भृगु राम महतो,, सह कोषाध्यक्ष-प्रवीण कुमार महतो ।

## डीएवी नागेश्वर पब्लिक स्कूल मे कार्निवल वार्षिक समारोह



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी नागेश्वर पब्लिक स्कूल चंदघासी मे क्रिसमस कार्निवल वार्षिक समारोह के अवसर पर भोजन उत्सव जायका का आयोजन किया गया । इस अवसर पर नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, समाजसेवी माधो कच्छप, आई पी एल मे चयनित खिलाडी रॉबिन मिंज, विधालय निदेशक कविता सिंह के साथ सैकडो छात्र छात्रा, अभिभावक के साथ शिक्षक उपस्थित थे । मुख्य अतिथि ने कहा की रॉबिन मिंज का गुजरात टाइटन के आई पी एल मे चयन होना स्कूल एवम हम सबो के लिए गौरव की बात है, यह देश की शान हैं।

## लोगों के बीच कंबल का वितरण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर,बहेरा और मंडेर गांव में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने गरीब, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।उक्त जगह पर एक सादे समारोह आयोजित कर क्षेत्र के गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस संबंध में प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब,असहाय लोगों को ठंड में काफी परेशानी होती है।गरीब आग जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते हैं,लेकिन अब लकड़ी का भी अभाव हो गया है। जिस कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है।क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सहयोग कार्य जारी रखने की बात कही।इस मौके पर बृजमोहन उरांव,बंदनी देवी, रूपु भगत,जसमतिया देवी, तीटो देवी,एतवा उरांव,सीता टाना भगत,पन्ना टाना भागत, विश्वनाथ उरांव,रुपनी टाना भगत,सुशांति लकड़ा, गंगोतना भगत,शुक्रमनी देवी, एतवारीया टाना भागत, लालजी उरांव,गूंजी देवी, तितरी देवी,विष्णी टाना भगत,धर्मा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।कार्यक्रम में उन्होंने करीब 60 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

## विधायक ने बहुचर्चित नावाडीह मोड़ भाया तिलाईपीड़ी से तोलसांडीह सड़क का शिलान्यास किया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड के बारुहातु रोड़ स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास के जीर्णोद्धार के लिए भवन निर्माण विभाग से लगभग तीस लाख की योजना का स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने शिलान्यास किया । इससे पुर्व विधायक सहित तमाम अतिथियों का तिलाईपीड़ी गांव के सभास्थल में महिलाओं के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया।मौके पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस सड़क की मांग आप लोग वर्षों से कर रहे थे और मैं इसके लिए लागातार प्रयासरत था आज आखिरकार वो दिन आ ही गया और मैं आपलोगों के बीच 4.60 किलोमीटर की पक्की सड़क का सौगात लेकर आया हूं और मैं ये आस्वस्त करता हुं की विधानसभा क्षेत्र की छुटी हुई सारी सड़कों का निर्माण कराकर मुख्य सड़क,बाजार,प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने को कृतसंकल्प हुं। मौके पर बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया ,बारुहातु मुखिया रेखा देवी, प्रदीप मुंडा,मेथा पाल,मनोज मंडल,जीतेंद्र उरांव,घासीराम उरांव,अरसद अंसारी,गिरीश मुंडा,प्रेमा यादव, गुरूवा उरांव,लोदे उरांव, उमेश महतो,बासु सेठ,अरविंद कुमार,लखन मुंडा, सुखराम मुंडा,कुंवर मुंडा,गुरुवा लोहरा, नागरा मुंडा,कृष्ण उरांव,जगदीश पातर बिरसा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## तमाड़ में रौनियार वैश्य समाज की बैठक संपन्न

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रौनियार वैश्य समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक उपेन गुप्ता के डोडेया मोड़ स्थित मकान मे संपन्न हुई, बैठक में सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया, एव बैठक में निर्णय लिया गया की प्रत्येक महीने के पहले रविवार को हमेशा बैठक होगी, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने,रौनियार समाज धर्मशाला बनाने को लेकर सभी ने सहमति प्रदान की। इस बैठक मे सर्वसम्मती से अध्यक्ष श्री मनोज कुमार, उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, महासचिव सुरेश लाल गुप्ता, सचिव संतोष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष मनीष देव,कार्यकारिणी अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता, सलाहकार अनिल साहू, कुलदीप सेन गुप्ता, रमेश चंद्र साहू, विष्णु कश्यप, भरत लाल साहू, मीडिया प्रभारी रितेश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी मिथुन गुप्ता, कार्यकरिणी सदस्य संजय कुमार साहू, चंदन, सतीश, राजेश, सुजीत, भोला ,मुकेश, अनिकेत, राजेश, उपेन, राजकुमार, विवेक को चयनित किया गया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## गंध वणिक समाज के जिला उपाध्यक्ष अरुप दत्त का हार्ट अटैक से निधन, शोक की लहर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गंध वणिक समाज कल्याण समिति, पूर्वी सिंहभूम के जिला उपाध्यक्ष अरुप दत्त का शनिवार को टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। करीब 55 वर्षीय अरुप दत्त जमशेदपुर के मानगो सुभाष कॉलोनी में पिछले कई दशकों से रह रहे थे। वे मूल रूप से पुरुलिया, पश्चिम बंगाल के चिरुडीह गांव निवासी थे। उनके अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से बुद्धेश्वर कुंडू, स्वपन सेन, उत्तम हालदार, सजल दत्त, कालीपद पाल, तापस मल्लिक, संजीव कुंडू, महावीर पाल, मृत्युंजय दत्त, रिटू हालदार व तूफान भोल समेत सैकड़ों लोग बर्निंग घाट पहुंचे।

## झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के भाई का निधन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लावा टोला कामारडीह निवासी झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के बड़े भाई कार्तिक कर्मकार की रविवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे टीएमएच में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। करीब 41 वर्षीय कार्तिक मिर्गी की बीमारी से ग्रसित थे और ठंड लगने की वजह से सुबह करीब 6 बजे बेलटांड़ चौक में चाय पीने के दौरान गिर गए। सूचना पाकर पहुंचे सुभाष कर्मकार ने अन्य लोगों की मदद से पहले माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु टीएमएच ले जाया गया। इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे माता -पिता व पत्नी के अलावे एक पुत्र और दो पुत्री को छोड़ गए हैं। अंतिम दर्शन को पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, शिवराम दास, विश्वनाथ माझी, अश्विनी सिंह, खादिम अंसारी, वंशी दास, मिलन दास समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

## जमशेदपुर के प्रथम सांसद भजहरि महतो की पुण्य तिथि पर बांटे गए कंबल



**पदमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वतंत्रता सेनानी सह जमशेदपुर के प्रथम सांसद रहे स्व भजहरि महतो की 20वीं पुण्यतिथि के मौके पर रविवार को राष्ट्र शहीद सम्मान समिति की ओर से पटमदा के कुमीर गांव स्थित लड़ाईटांड़ मैदान में दिव्यांगजनों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। यहां स्थापित भजहरि महतो की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। मौके पर मौजूद राष्ट्र शहीद सम्मान समिति के अध्यक्ष छुटुलाल महतो, सचिव भीष्मनाथ महतो, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, पंचानन दास, प्रबोध कुमार महतो, मदन सरकार, शेख सिराजुद्दीन व अतुल महतो सह दर्जनों लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## लाकड़ी में पीएलवी ने किया अनाथ व असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लाकड़ी एवं गौरीडीह गांव में झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से अनाथ बच्चों तथा असहाय बुजुर्गों के बीच पीएलवी शुभंकर महतो के द्वारा कंबल वितरण किया गया। पीएलवी ने कहा कि इस ठिठुरते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया ताकि ठंड से उन सभी गरीब असहाय लोगों को राहत मिल सके।

## पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने चिलगु में 150 लोगों के बीच वितरित कराया कंबल



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कनकनी एवं हाड़ कंपाने वाली ठंड के प्रकोप को देखते हुए चांडिल प्रखंड के चिलगु ग्राम के लोगों ने ईचागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह (मलखान सिंह) कंबलों की मांग की थी ताकि वृद्ध एवं असहाय लोगों को राहत दिलाई जा सके। पूर्व विधायक ने रविवार को 150 कंबल उपलब्ध करा दिया जिसे उनके कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच वितरण किया। मौके पर विष्णुपदो गोप, महावीर गोप, फनी भूषण गोप, प्रदीप कुमार गोप, गौतम वर्मा, कालीपदो गोप, दिनेश कुमार शाहदेव, राजू गोप, भगतु गोप, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## मजदूर गणेश मंडल की मौत पर 10 लाख की मुआवजा राशि व नौकरी पर सहमति



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा स्थित नीलांचल आयरन कंपनी के मजदूर गणेश मंडल की मौत के बाद उसके परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर रविवार को त्रिपक्षीय वार्ता कंपनी परिसर में हुई। वार्ता के क्रम में मृतक के परिवार को 10.33 लाख रुपए बतौर मुआवजा और उसकी पत्नी को नौकरी देने पर सहमति बनी। इस बावत कंपनी प्रबंधन व मृतक के परिजनों द्वारा समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा प्रबंधन द्वारा मृतक के तीनों बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा भी लिया गया। त्रिपक्षीय वार्ता में कंपनी के महाप्रबंधक जीडी बाजपेयी के अलावा झामुमो नेता अमृत महतो, सूरज लाल महतो, राम महतो व मृतक के परिजन शामिल थे। त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति बन जाने के बाद कंपनी का गेट जाम वापस लिया गया।

## घाटशिला के पहाड़ी क्षेत्र में सबर बच्चों के बीच राजकुमार सिंह ने किया ऊनी वस्त्रों का वितरण



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने रविवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के केंदापोसी और घटीडूबा में सबर बच्चों के बीच अत्यधिक ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ों का वितरण किया। साथ ही बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए फुटबॉल भी दिया ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी ध्यान दें। मौके पर भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमें पहुचना है। उसी के तहत हम बंगाल सीमा से 3 किलोमीटर पहले ग्रामीण क्षेत्र जैसे केंदापोसी और घटीडुबा जैसे पहाड़ी इलाकों में पहुंचे। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, भाजपा घाटशिला मंडल अध्यक्ष राहुल पांडे, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कौशिक कुमार, विजय पांडे, आदि थे।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने साकची में किया शानदार जैम@स्ट्रीट का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से रविवार साकची में दूसरे जैमञ्चस्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 20 हजार लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान प्रतिभागियों ने रोमांचकारी गतिविधियों में खुद को डुबोया जिससे वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया। सड़कों पर ऊर्जा की गूंज थी, जिसमें जूम्बा, बास्केटबॉल, घुड़सवारी, लाइव बैंड प्रदर्शन, शतरंज, स्केटिंग, सेल्फी कॉर्नर, कॉस्मिक योगा, कैरोके प्रदर्शन आदि शामिल था। विविध रुचियों को ध्यान में रखते हुए मनोरंजन की एक जीवंत श्रृंखला बुनी गई थी। इस बार के जैमञ्चस्ट्रीट के मुख्य आकर्षण में गतका (स्थानीय मार्शल आर्ट), शतरंज, सेल्फी कॉर्नर, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, साइकिलिंग का अनुभव और पहले से अधिक चित्र कलाकार एवं खाद्य पदार्थों के स्टॉल शामिल किये गए थे। इन परिवर्धनों ने कार्यक्रम को एक विशिष्ट सार से भर दिया, प्रतिभागियों की कल्पना को प्रज्ज्वलित किया और समग्र उत्साह को बढ़ाया। मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी और धनंजय मिश्रा, वरिष्ठ महाप्रबंधक, टाउन ओ एंड एम और आरई मौजूद रहे। उनका उत्साह भीड़ में गूंजा और खुशी और उत्सव के दिन के लिए माहौल तैयार किया। कार्यक्रम के दौरान होटेलियर्स एसोसिएशन द्वारा प्रबंधित एक लाजवाब खाद्य स्टॉल की व्यवस्था की गयी थी, लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। साकची में जैमञ्चस्ट्रीट एक कार्यक्रम ही नहीं उभरते कलाकारों के लिए जीवंत एक मंच है जिसका इंतजार जमशेदपुर की जनता को हर वर्ष रहता है। यह समुदाय की भावना, मजे और अनुभवों का एक उत्सव है।

# डहरे टुसू परब कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी 7 जनवरी को साकची आमबागान मैदान में प्रस्तावित डहरे टुसू परब कार्यक्रम को लेकर रविवार को एक तैयारी बैठक रांची उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल चंद्र महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के तहत शोभा यात्रा शहीद सुनील महतो के समाधि स्थल से निकलकर साकची आमबागान मैदान पहुंचेगी। बैठक का आयोजन छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के बैनर तले किया गया। इस दौरान मौजूद सक्रिय सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की ताकि अपनी आदिवासी मूलवासी की संस्कृति आगे बढ़े और शहरों मे स्थापित हो। मंच की ओर से कहा गया कि इसमें 6 हजार की संख्या में महिला पुरुष वोलेंटियर एवं लाखों की संख्या में झारखंड, पश्चिम बंगाल व ओड़िसा से आदिवासी मूलवासी शहीद सुनील महतो की माताजी की अगुवाई मे शामिल होंगे।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करीम सिटी कॉलेज के विद्यार्थियों को मिली सफलता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निर्देशालय द्वारा शनिवार को रांची में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करीम सिटी कॉलेज, पूर्वी सिंहभूम के छात्र ओलिविया विश्वास(स्लो डांस), कुलप्रीत भामरा(फोटोग्राफी), शुभम कुमार सिंह (डिक्लेनेशन) प्रतियोगिता मे विजयी हुए। इन सफल छात्रों को पुणे में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। युवा उत्सव में पूर्वी सिंहभूम जिला टीम का नेतृत्व करीम सिटी कॉलेज के नोडल अधिकारी सैयद साजिद परवेज ने किया। कॉलेज के प्राचार्ज डॉ. मोहम्मद रेयाज ने अपने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई दी है।

# पूर्व आयुक्त ने पटमदा में जरुरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमदा :** भाजपा युवा मोर्चा के पटमदा मंडल अध्यक्ष निरंजन रजक के कॉलेज मोड़ स्थित आवास में रविवार को मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण हेतु एक बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद कोल्हान के पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने प्रत्येक बूथों में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार -प्रसार करने घर-घर तक पहुंचने का निर्देश दिया। बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रभारियों की बैठक एक महीना के अंदर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बूथ में कोई समस्या होने पर तुरंत उन्हें मंडल अध्यक्ष के माध्यम से जानकारी दें। बैठक के पश्चात लच्छीपुर पंचायत के बांतोड़िया सबर टोला में मुखिया कृष्णपद सिंह के नेतृत्व में तथा पटमदा बाजार माहली पाड़ा में सुभाष माहली के नेतृत्व में विजय सिंह के सौजन्य से जरुरतमंद बुजर्गो के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इसके अलावे पूर्व आयुक्त ने पटमदा के जर्जर स्टेडियम का निरीक्षण किया। बैठक में पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, मंडल महामंत्री कृष्णपद सिंह, सुभाष माहली, निरंजन रजक, बिमल मंडल, आदि थे।

## झोपड़ी नुमा होटल में लगी आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पातकुम डुमटांड़ केनाल सड़क पर पाटपुर के पास एक झोपड़ीनुमा होटल में रविवार को अचानक आग लग गई। पाटपुर चौक पर तीन-चार झोपड़ी नुमा होटल है। लेपाटांड़ मेला सह फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सभी होटल बंद था एवं वीरान लग रहा था, जिससे आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया और न ही होटल संचालक के बारे में किसी प्रकार की कोई जानकारी मिल सकी है। आग लगने की सूचना पर ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग तब तक झोपड़ी को अपने आगोश में ले चुकी थी।

# मेगा ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने के लिए महाबीर मुर्मू ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जमशेदपुर के बर्मामाइंस क्लब हाउस में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सह समाजसेवी महाबीर मुर्मू की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक के दौरान आगामी 11 जनवरी को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वें जन्मदिन एवं वीर शहीद सुनील महतो की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति मेगा ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। निर्णय हुआ कि रक्तदान को सफल बनाने के लिए आम लोगों के बीच प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही बैनर, होर्डिंग लगाने और पंपलेट बांटने का काम किया जाएगा। शिविर में ज्यादा से ज्यादा रक्तदाताओं को लाने के लिए सभी अपने क्षेत्र में बैठक कर लोगों को प्रेरित करेंगे। बैठक में नंदू सरदार, अरुण मुर्मू, गोल्डी तिवारी, अभिषेक सिंह, आनंद श्रीवास्तव, लोलेश शर्मा, पप्पू उपाध्याय, बलजीत सिंह, नंटू सरकार, मनोज तांती, प्रतीक दिनकर, सागर कानूनगो, मैनुल खान, करण कालिंदी, अभय पांडे, विक्की कंडिर, बब्लू टुडू, रवि मुंडा, सोमनाथ विश्वास, राजू मुखी, भोला पांडे, पवन नाग, बिप्पिन शुक्ला, बप्पी मलगोप, मोहन लोहार व लेबा सुंडी आदि उपस्थित थे।

# कोयरा में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमदा :** आदिवासी दलमा ग्रीन क्लब कोयरा की ओर से रविवार को बोड़ाम प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत कोयरा गांव में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल आम आदमी पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष गणपति करुवा ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह, शंभू सिंह, कन्नन गणेशन, आदिवासी दलमा ग्रीन क्लब के सदस्य अंगद सिंह, भुमिज समाज के राधेश्याम सिंह, चंडी चरण सिंह, सुकु सिंह, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस, अश्वनी सिंह, गोविंद सिंह, वैद्यनाथ सिंह, बाबूलाल सिंह व भगीरथ सहिस उपस्थित थे।

# राजनीति में शिक्षित लोगों को आगे बढ़ाने की जरुरत : अमर चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत मिलन चौक में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह रांची विश्वविद्यालय के पूर्व निबंधक अमर चौधरी ने बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कि जब तक बुद्धिजीवी राजनीति में सक्रिय भूमिका नहीं निभाते हैं, तब तक क्षेत्र में लोगों को गुमराह करने की प्रवृत्ति वाले लोग हावी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षित लोगों को राजनीति में आना जरूरी है। देश एवं राज्य की राजनीति में शिक्षित युवा वर्ग आगे आएंगे तभी लोगों को जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक बड़े वर्ग को दरकिनार कर नहीं चला जा सकता है। मौके पर बृन्दावन प्रसाद, गुरूचरण महतो, परशुराम महतो, कर्मु स्वांसी, सुबल पांडे, फतुराम महतो, राज कुमार कटियार, दिलीप कुमार दास, केदारनाथ महतो व सहदेव स्वांसी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप में बोड़ाम के सुदर्शन ने जीता गोल्ड मेडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बेंगलुरु में आयोजित नेशनल कैम्प में नेशनल स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप-2023 में पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत कुटिमाकुली निवासी सुदर्शन मुर्मू ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह ब्वॉयज ग्रुप के स्पीड क्लाइंबिंग में शनिवार को पहला स्थान प्राप्त किया है। आरएमएस स्कूल खूंटाडीह, सोनारी में 7 वीं कक्षा की पढ़ाई करने वाले सुदर्शन वर्तमान में जेआरडी में रहता है। उसे कुटिमाकुली निवासी रवींद्र मार्डी की देखरेख में टाटा स्टील की ओर से अभ्यास कराया जा रहा था। उसकी उपलब्धि से परिवार समेत क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में कुटिमाकुली निवासी युवा समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने बताया कि सुदर्शन के गांव लौटने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। उसकी उपलब्धि पर सभी को गर्व है। सुदर्शन ने डिमना लेक से क्लाइंबिंग करके आज नेशनल गेम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, उम्मीद है कि वह इसी तरह भविष्य में एक दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने क्षेत्र के साथ-साथ पूरे झारखंड और देश का नाम रोशन करेगा। उमेश चंद्र महतो ने बताया कि झारखंड से कुल 29 लोग इस स्पर्धा में शामिल हुए थे जिनमें से 2 लड़के व 1 लड़की कुटिमाकुली गांव से ही थे। लेकिन 2 बच्चे चोटिल होने की वजह से खेल नहीं पाए थे।

# कोल्हान का प्रसिद्ध फुटबॉल प्रतियोगिता सह मेला में उमड़ पड़ा लोगों का हुजूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड़ मैदान में शनिवार को कोल्हान का प्रसिद्ध फुटबॉल प्रतियोगिता सह मेला में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ग्रामीण क्रीड़ा संस्थान लेपाटांड़ पातकुम द्वारा आयोजित खेल के महाकुंभ में बंगाल, रांची व कोल्हान भर से दर्शकों का जत्था पहुंचा। फुटबॉल प्रतियोगिता 8 दलों के बीच हुई। फाइनल में डेंजर स्पोर्टिंग चांडिल ने एफसी घाट दुलमी को हराकर 1 लाख 61 हजार रुपए खिताब पर कब्जा जमाया। ग्रामीण क्रीड़ा संस्थान द्वारा विजेता टीम डेंजर स्पोर्टिंग चांडिल को 1 लाख 61 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। उप विजेता एफसी घाट दुलमी को 1 लाख 11 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। विधायक सविता महतो ने लेपाटांड़, खीरी व बामनडीह में खेल का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा कि इस क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे निखारने के लिए मंच की आवश्यकता है। मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता विनोद राय व सारथी महतो, समाजसेवी खगेन महतो, जेबीकेएसएस नेता तरूण महतो, नवल किशोर सिंह मुंडा, पशुपति बागची, मुखिया राखोहरि सिंह मुंडा व दिनेश उरांव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# झारखंड जीवन ज्योति फाउंडेशन के शिविर में 106 यूनिट रक्त संग्रहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड जीवन ज्योति फाउंडेशन की ओर से सतवाहिनी धिराजगंज स्थित सामुदायिक भवन में पंचम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन फाउंडेशन के संरक्षक डॉ. जेएन दास ने विधिवत द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने रक्तदान की महत्ता बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को ऐसे पूण्य कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। शिविर के माध्यम से कुल 106 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा। सफल आयोजन में संस्था के अध्यक्ष रूपेश गोराई, उपाध्यक्ष गोवर्धन गोस्वामी व संजय गोराई, सचिव धनंजय स्वर्णकार एवं उत्पल चौधरी समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# मिशन मोड में बीजेपी की चुनावी तैयारी

**आगामी** लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय नेतृत्व ने दो दिनों तक दिल्ली में मंथन किया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के साथ बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारी से चर्चा के दौरान कहा गया कि वह नए मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस करें। साथ ही बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का भी लक्ष्य तय किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही भाजपा में राम मंदिर निर्माण पर एक बुकलेट जारी करने पर सहमति बनी। वहीं भाजपा एक जनवरी से मंदिर समारोह अभियान चलाएगी। जिसके जरिए विपक्ष को घेरने की तैयारी की जा रही है। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि चार जातियों ̶ महिलाओं, किसानों, युवाओं व गरीबों को ध्यान में रखकर काम किए जाएं। साथ ही उन्होंने 2024 के आम चुनाव के लिए मिशन मोड में काम करने पर जोर दिया। राजनीति के जानकारों का कहना है कि विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी %सी-कैटेगरी% फॉर्मूला लागू करेगी। इस फॉर्मूले को लागू करने का उसे व?िधानसभा चुनावों में फायदा म?िला था। अगले हफ्ते से पार्टी की चुनावी तैयारियां जमीन पर दिखने के आसार हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने %सी-कैटेगरी% फॉर्मूले को लागू किया था। इन विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा काफी पहले कर दी गई थी। ये वे सीटें थीं जिन पर पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने जीत दर्ज नहीं की थी। वहीं, 2023 में इन सीटों पर उसने अच्छा प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनावों के लिए भी पार्टी इसी तरह की रणनीति अपना सकती है। ऐसी सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अगले 30-45 दिनों में की जा सकती है। बीजेपी ने पहले ही 160 सीटों की पहचान कर ली है। इनमें स्थिति को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को उतारने की तैयारी है। दक्षिण और पूर्व में कई %कमजोर सीटों% की पहचान की गई है। यहां कमजोर सीटों से आशय उनसे है जिन पर बीजेपी ने पिछले चुनावों में अच?छा नहीं किया है। पार्टी को उम्मीद है कि कैंडिडेंट्स की जल्दी घोषणा से उन्हें %फर्स्?ट मूवर एडवांटेज% मिलेगा। यानी पहले उतरने का फायदा। हालांकि, यह अभी तक साफ नहीं है कि क?या पार्टी केवल 160 सीटों पर ही उम्मीदवारों की जल?दी घोषणा करेगी। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, ज?यादातर केंद्रीय मंत्रियों और राज्यसभा सांसदों को लोकसभा चुनावों में मैदान में उतारा जा सकता है। 160 %कमजोर% लोकसभा सीटों में रायबरेली शामिल है। इसका प्रतिनिधित्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी करती हैं। डिंपल यादव की मैनपुरी सीट भी इनमें शामिल है।बीजेपी 2019 के लोकसभा चुनावों में इनमें से ज?यादातर सीटें हार गई थी। कुछ सीटें जो उसने जीती थीं, वे भी सूची में शामिल हैं। ये वे सीटें हैं जिन्हें पार्टी मानती है कि जो स्थानीय सामाजिक और राजनीतिक हालातों के कारण चुनौती बन गई हैं। नड्डा या उनके पूर्ववर्ती अमित शाह सभी 160 निर्वाचन क्षेत्रों का कम से कम एक बार दौरा कर चुके हैं। बीजेपी ने 2019 के चुनावों से पहले भी मुश्किल सीटों की ऐसी ही सूची बनाई थी।पार्टी की तैयारियों का पता इस बात से लगता है कि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठकों में व्यस्त हैं। इनमें आगामी लोकसभा चुनावों पर चर्चा हो रही है। इसके बाद जनवरी में जिला इकाई प्रमुखों की उपस्थिति में राष्ट्रीय परिषद की बैठक हो सकती है।लोकसभा कैंपेन में बीजेपी की टॉप थीम %मोदी की गारंटी%रहेगी। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नड्डा के साथ मिलकर इस पर मंथन किया। पीएम और नड्डा ने मिलकर संगठन स?तर पर तैयारियों का जायजा लिया। इसमें %मोदी की गारंटी% बीजेपी के कैंपेन की मुख?य थीम में से एक होगी।बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में पदाधिकारियों से यह कहा गया कि केंद्र सरकार और बीजेपी शासित राज्य सरकारों के कामकाज को वे जनता के बीच लेकर जाएं। इस दौरान लोगों से अपील करें कि देश निर्माण के लिए बीजेपी सरकार क?यों जरूरी है। बैठक में राम मंदिर को लेकर पार्टी ने जो प्रयास किए हैं, कार्यकर्ताओं को उनकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश मिले हैं। उनसे कहा गया है कि आरएसएस और वीएचपी जो आयोजन कर रही है,उनमें पूरी तरह सहभागिता करनी है। पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश मिले हैं कि सरकार ने भव्य राम मंदिर के लिए जो भी कदम उठाए हैं,उनकी अपने-अपने क्षेत्रों में बुकलेट बनाकर बांटें। उसके अलावा विपक्ष द्वारा राम मंदिर निर्माण को रोकने के लिए जो-जो किया गया उसको भी जनता के बीच में जाकर बताने को कहा गया है। यह बैठक संगठनात्मक ढांचे को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने और 'मोदी की गारंटी' को जनता के बीच अधिक से अधिक पहुंचाने पर केंद्रित रही।

### नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी

# इंडिया गठबंधन को स्वीकार नहीं राहुल का नेतृत्व

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे।

**इंडियन** नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया। बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं। कर्नाटक में शानदार




जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी। इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया। बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक और प्रधानमंत्री के चेहरे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है। खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडिया गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के जिन तीन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर थी, वहां नतीजे उसके पक्ष में नहीं गये। जनता ने राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया। जनता को कांग्रेस के वादों से ज्यादा पीएम मोदी की गारंटी पर ज्यादा भरोसा जताया।

दृष्टि कोण

# एकजुट एनडीए का तीन तरह इंडिया गठबंधन से मुकाबला

**आगामी** लोकसभा चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक परटियां अपनी रणनीति बना कर चुनावी संघर्ष में वूद गईं है। इस समय एकजुट एनडीए का तीन तरह इंडिया गठबंधन से मुकाबला है। एनडीए हिदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत के बाद उत्साहित है वहीं इंडिया गठबंधन के सामने अपने घटक दलों में सीट शेयरिग का काम काफी चुनौतीपूर्ण है। इसी बीच तृणमूल सुप्रीमों और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनजा ने इंडिया गठबंधन की और से प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित कर एक तीर से कईं शिकार करने का प्रयास किया है लगता है यह चुनाव मोदी और खरगे के चेहरे पर लड़ा जायेगा। यदि ऐसा होता है तो यह अब तक का सबसे दिलचस्प चुनाव होंगा। अस्सी आयु पार खड़गे दलित समुदाय से है। कर्णाटक जीत का श्रेय भी उन्हें दिया जा सकता है। कन्नड़ होने के बावजूद हिदी में जोशीला बोलते है। भाजपा और प्रधान मंत्री पर हमला बोलते समय कईं बार मर्यादा का उल्लंघन भी कर देते है।



ममता ने खरगे का नाम प्रस्तावित कर नेहरू गाँधी परिवार के वारिस राहुल गाँधी का पीएम बनने का रास्ता काट दिया है। हालाँकि खरगे ने कहा मैं वंचितों के लिए काम करता हूं। पहले जीतें फिर देखेंगे। इंडिया गठबंधन के निर्माण के साथ सबसे पूर्व कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नाम की ही दावेदारी की गईं थी, लेकिन राहुल के नाम पर विपक्षी दल एकजुट नहीं हुए। इसके बाद नीतीश वुमार, ममता बनजा, शरद पवार समेत कईं वरिष्ठ नेताओं के नाम सामने आए, लेकिन हर नेता के नाम पर दूसरा नेता सहमत नहीं दिखा। गठबंधन में सबसे बड़ा दल कांग्रेस है, इसलिए पीएम का चेहरा कांग्रेस से होना चाहिए। खरगे के नाम पर विपक्षी परटियों के बीच उनकी स्वीकार्यता भी देखी जाती है, मगर सियासी क्षेत्रों में इसे लेकर एक नईं बहस छिड़ गईं है। आने वाले लोकसभा चुनाव में इसे दक्षिण और उत्तर की लड़ाईं के रूप में देखा रहा । भाजपा और एनडीए के पास प्रधान मंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी जैसा लोकप्रिय और मजबूत व्यत्तित्व है। हिदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत के बाद भाजपा के हौसले बुलंद है। तीन राज्यों में से दो राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ को भाजपा ने कांग्रेस से छीन लिया। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस की उम्मींदें धराशाही हो गयी। तेलंगाना को एक क्षेत्रीय पाटा से छीन कर कांग्रेस ने जरूर वुछ राहत महसूस की है। मगर तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत ने कांग्रेस के छक्के छुड़ा दिए। इसे छह महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व सेमी फाइनल की संज्ञा दी जा रही है। देश के सामने वर्तमान में तीन मोच्रे की त्रिकोणात्मक लड़ाईं है। पहला मोर्चा भाजपा नीत एनडीए का है तो दूसरा मोर्चा कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन का है। तीसरा मोर्चा निर्गुट कही जाने वाली क्षेत्रीय परटियों का है। तीन राज्यों को जीतने के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का कद और देशभर में मोदी की गारंटियों पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। देश के अधिकांश राज्यों में एनडीए और इंडिया गठबंधनों के बीच सीधे मुकाबले के आसार है। उड़ीसा, तेलंगाना, आंध्र, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब और यूपी जैसे प्रदेशों में त्रिकोणात्मक संघर्ष की संभावनाएं व्यत्त की जा रही है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी है जबकि विपक्षी परटियों का गठबंधनअभी सीट शेयरिग का मामला भी नहीं सुलझा पाया है। कहा गया है, इस महीने के अंत तक सुलझा लेंगे। 2014 और 2019 के चुनाव में एनडीए की भारी जीत हुईं और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पिछले दो लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पाटा ने अपने 'मिशन 2024' के तहत नये सिरे से काम करना शुरू कर दिया है।

कुछ अलग

# वायुमार्ग से आए शिशिर के प्रवासी

**यह** सबसे ऊंची उड़ान भरने वाले पक्षियों में से एक, बार-हेडेड गूज (सफेद हंस) के झुंड में एक नन्हे परिंदे की कहानी है। कहानी गूज के मध्य एशिया से भारत तक की यात्रा से जुड़ी है। झुंड में से एक वायुराज नामक युवा हंस, थोड़ा उत्सुक और जिज्ञासु है। यह वायुराज की, तिब्बत पठार से निकल कर, हिमालय पर्वत श्रृंखला पर उड़ान भरते हुए भारत पहुंचने की पहली यात्रा थी। वह नए दृश्यों और अन्य पक्षियों को देखने समझने के लिए अत्यंत उत्सुक था। उड़ान शुरू होने से पहले वायुराज की मां ने उसे हल्की चेतावनी भी दी कि उसे झुंड के साथ-साथ रहना होगा। झुंड 5500-6000 मीटर की ऊंचाई पर लम्बी यात्रा तय कर हिमालय को पार कर, गुजरात में कच्छ के छोटे रण पर ठहराव लेने को उतरा। झुंड का एक हिस्सा रास्ते में पहले ही भारत के पूर्वी भाग असम की और अग्रसर हो चुका था। वायुराज का झुंड जैसे ही कच्छ के छोटे रण पर उतरा, वायुराज फ्लेमिंगो (राजहंस) और दसमोसाइल क्रेन से मंत्रमुग्ध हो झुंड से कुछ बिछड़ सा गया। वह फ्लेमिंगो और क्रेन को उत्साहित हो निहार ही रहा था कि रण के एक सुदूर कोने में वायुराज को बादामी रंग के स्तन वाले अद्भुत रेड-ब्रेस्टेड गूज दिखाई दिए। उसने पास खड़े फ्लेमिंगो जोड़े से पूछा तो पाया कि यह रेड-ब्रेस्टेड गूज सामान्य तौर पर अपनी सर्दियां बिताने भारत आते हैं और उन्हें यहां देख पाना एक दुर्लभ दृश्य ही था। वायुराज बादामी रंज वाले गुज को देख इतना मोहित हो गया था कि उसने अपने झुंड के हॉर्न की आवाज पर ध्यान नहीं दिया और वह पीछे रह गया। गूज का झुंड दक्षिण भारत के पॉइंट कैलीमेर सैंक्चुअरी की और बढ़ गया था। नन्हे वायुराज को जब ज्ञात हुआ कि वह अपने झुंड से बिछड़ गया है, वह घबरा गया और बेचैन हो पास बैठे डेमोइसेल क्रेन से पूछा कि उसका झुंड संभवतः किस और गया होगा? डेमोइसेल क्रेन ने वायुराज को बताया कि हर वर्ष बार-हेडेड गूज भारत के कई हिस्सों में अपनी सर्दियां बिताते हैं, जैसे ही असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान एंड लगभग सभी तटीय स्थानों पर उनके पाए जाने की संभावना हो सकती है। वायुराज चिंतित हुआ कि इतने बड़े देश में वह अपने झुंड से पुनः कैसे मिल पाएगा? नलसरोवर में वायुराज ने घास की नोक पर फारेस्ट वैगटेल बैठा मिला। पूछने पर वैगटेल ने वायुराज को बताया कि नलसरोवर में तो गूज का कोई झुंड नहीं उतरा, किन्तु संभवतः वे राजस्थान के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान गए होंगे, क्योंकि राजस्थान गुजरात के समीप है और पहले नदजीकी स्थानों पर तलाशना आसान होगा, इसलिए वायुराज केवलादेव जाने का निश्चय करता है। केवलादेव पहुंचने पर वायुराज एक बार पुनः वहां कि सुंदरता और पक्षियों की विविधता को देख अत्यंत उत्साहित हो जाता है। एक बार को तो वह भूल भी गया की वह अपने झुंड से बिछड़ गया है। वहां उसे झुंड के झुंड ढोक (पेंटेड स्टोर्क), राजीव अम्बुकुक्कुटी (पर्पल मूरहेन), ग्लॉसी इबिस, ग्रे बगुला (ग्रे हेरॉन) डार्टर व अन्य अद्भुत पक्षियों का परिचय मिला और वह पक्षी प्रजातियों कि विविधता में खो गया। तभी उसे केवलादेव के जलाशय में बार-हेडेड गूज का एक झुंड दिखा। गूज के झुंड को देख कर वह अत्यंत प्रफुल्लित हुआ और समीप जाकर अपनी मां को ढूंढने लगा। कुछ ही पलों में वह अपनी मां से मिल गया और थोड़ी झिरकी पाने के बाद, उसने अपनी मां को अपनी यात्रा कि कहानी सुनाई। वायुराज की मां ने उसे बताया की झुंड तमिलनाडु के पॉइंट कैलीमेर सैंक्चुअरी की ओर ही अग्रसर था, किंतु वायुराज के पीछे छूट जाने के कारण, झुंड ने केवलादेव में अपने ठहराव की अवधि बढ़ा ली थी।

देश दुनीया से

# क्यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक

> गोवा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गोवा वासियों के सुसंस्वृत व्यवहार से लेकर सड़कों पर व्यवस्थित ट्रैफिक को देखकर समझ आने लगता है कि ये अलग मिजाज का शहर है। क्यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक अगर कोईं यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आर्कषित करने लगा है वाराणसी।

**यह** ठीक है कि काशी ने गोवा को दूसरे स्थान पर धकेल दिया है, पर गोवा अपने में लाजवाब है। यहां के अनेक 'बीच' पर आनंद करने के लिए इसलिए ही तो सारे संसार से टूरिस्ट गोवा आते हैं। गोवा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गोवा वासियों के सुसंस्वृत व्यवहार से लेकर सड़कों पर व्यवस्थित ट्रैफिक को देखकर समझ आने लगता है कि ये अलग मिजाज का शहर है। क्यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक अगर कोईं यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आर्कषित करने लगा है वाराणसी। आईंसीआईंसीआईं के एक सव्रे से पता चला है कि पिछले साल-2022में वाराणसी में7.02करोड़ टुरिस्ट पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र85लाख टूरिस्ट। यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर2015के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गईं। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिजो आबे (अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में2015में भाग लेना। गंगा सिर्प एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्वृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजाविधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोईं हुईं या यूं कहें कि तिरस्वृत का दिये गये सांस्वृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाईं थी। बीते60सालों की राजनैतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था।संस्वृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी। लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नईं तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टुरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे। वाराणसी के चाहुर्मुखी विकास ने पर्यटकों को भरपूर आर्कषित किया। काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्प एक भव्य इमारत नहीं है, बल्कि;यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि में नए चैप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है। लेकिन जिन300संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उससे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। काशी में श्रद्धालुओं को आर्कषित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गईं है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डॉमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है। इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक वेंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोधगया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जहाँ प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने500ईंसवी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रहीं हैं, पर अब श्रीलंका, थाईंलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक यहाँ आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख र्आकिलॉजिकल सव्रे ऑफ इंडिया की तरफ से की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन, इस जगह को र्आकिलॉजिकल सव्रे ऑफ इंडिया बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रही है।

आप का नजरीया

# सेल्फ गोल

**सरकार** ने अपने सारे विधेयकसंसद से पारित करा लिए तो निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही राज्यसभा और लोकसभा अनितिकाल के लिए स्थगित कर दी गईं। संसद में ज्वलंत लोक विषयों पर चर्चा के बजाए राजनीतिक दांवपेच साधने के चक्कर में विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बनाते-बनाते खुद ही बाहर हो गया और सरकार ने अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा। दरअसल लोकसभा में घुसपैठ की घटना के बाद विपक्ष को लगा कि वह प्राधानमंत्री मोदी की सरकार को कमजोर बताकर उसे घेरेगी किन्तु वह सामान्य बात भी भूल गए कि संसद भवन की सुरक्षा की व्यवस्था की जिम्मेदारी दोनों सदनों के महासचिवों के हाथों में होती है। संसद में विपक्ष धूल पर लट्ठ मारता रहा और गृहमंत्री से वक्तव्य की मांग करता रहा। इसका परिणाम यह हुआ कि सरकार को इस बात का अवसर मिल गया कि वह विपक्ष को इस बात के लिए चिढ़ा सके कि जो काम सरकार का है ही नहीं, उसके लिए भी बवाल मचाया जा रहा है। किन्तु जिस तरह विपक्ष के सदस्यों को दोनों सदनों से बाहर किया गया वह विपक्ष के लिए एक अच्छा अवसर था जिसके आधार पर आसन और सरकार को वे लोकतंत्र विरोधी साबित करने के लिए आंदोलन करने के अवसर का इस्तेमाल कर सकता था। देश की जनता को भी लग रहा था कि जिस तरह संसद की सुरक्षा मुद्दे पर विपक्ष के विरोध को सरकार सहन करने के बजाए प्रातिव्राया स्वरूप उन्हें निलंबित करवा रही है वह लोकतांत्रिक भावना के अनुवूल तो कदापि नहीं है। किन्तु जब कोईं भी आंदोलन वुशल नेतृत्व में नहीं होता तो वह दिशाहीन होता है और दिशाहीनता की स्थिति में ऐसे ही सेल्फ गोल होते हैं जिससे पूरी स्थिति ही बदल जाती है। टीएमसी सदस्य कल्याण बनजा ने राज्यसभा के सभापति का मजाक उड़ाने के लिए नकल करके और कांग्रोस नेता राहुल गांधी ने उसकी वीडियो बनाकर वायरल करके सरकार को ऐसा हथियार दे दिया कि विपक्षी सदस्यों के निलंबन से बड़ा मुद्दा आसन और उपराष्ट्रपति के अपमान का बन गया। बहरहाल विपक्ष की वही पार्टियां संसद में अवरोध पैदा कर रही थीं जो इंडिया गठबंधन की घटक हैं। विपक्ष की कईं पार्टियों के सदस्यों ने संसद की कार्यवाही में भाग लिया और विधेयक को पारित करने में पूरा सहयोग दिया। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन की घटक पार्टियां न तो सरकार के काम में बाधा डालने में सफल हुईं और न तो निलंबन को मुद्दा बनाकर सरकार की छवि को प्रामाणित कर सकीं। मजे की बात तो यह कि शीत सत्र के जाते-जाते विपक्ष खासकर कांग्रोस अपना राजनीतिक नुकसान कर गईं। हैरानी की बात तो यह राजनीतिक कौशल से राजनेता अपनी पाटा को मुसीबत से निकालते हैं किन्तु समय का चव्रा देखिए कि कांग्रोस पाटा के वरिष्ठ नेता की जरा सी नासमझी की वजह से पूरा राजनीतिक विमर्श ही बदल गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने गरीब असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्र का किया वितरण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में रविवार को शहर में गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। यह गर्म वस्त्र मुख्य रूप से गरीब असहाय लोगों के बीच किया गया। वस्त्र का वितरण रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन विवेक केशरी के द्वारा किया गया। वस्त्र वितरण का कार्य मजदूरी कर ठंड से ठिठुरते हुवे घर लौट रहे एक मजदूर से किया गया। इसके बाद पोस्टऑफिस चौक, गुदरी बाजार, केशरी चौक, खैनी गोला मोड़ और पुराना पेट्रोल पंप पर किया गया। इस दौरान गर्म वस्त्र पाने वाले लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने बताया कि गर्म वस्त्र वितरण का कार्य इस बार पांच चरणों में किया जायेगा। इसके तहत दो चरण शहर में, एक चरण रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में तथा दो चरण ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा।

### नगर मंदिर के सेवायत ने की लातेहार के चहारदीवारी से नगर मंदिर का पेंटिंग हटाने का आग्रह



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर में प्रसिद्ध चंदवा माँ उग्रतारा नगर मंदिर का चित्र लातेहार के दर्शनीय स्थलों की जानकारी हेतु समाहरणालय के चाहरदीवारी में बनाया गया है। मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है, लेकिन गलत स्थान में चित्र बनाया गया है जिससे कि कई लोगों की आस्था को ठेस पंहुच रही है। इस संबंध में नगर मंदिर के सेवायत वो मुंतजिमकार गोविंद बल्लभ मिश्र ने नगर पंचायत लातेहार के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर इसे तत्काल विलोपित करने की मांग की है। श्री मिश्र ने पत्र में लिखा है कि माँ उग्रतारा का यह मंदिर उत्तर भारत समेत पूरे देश में प्रसिद्ध है। चित्र को गलत स्थान में बनाया गया है,जहां मंदिर का चित्र बनाया गया है वहां कई लोग लघुशंका करते है जिससे कि मैं काफी मर्माहत हूँ, लाखो लोगों की भावना आहत हो रही है। आपसे आग्रह है कि इसे तुरंत विलोपित करें ताकि श्रद्धालुओं की श्रद्धा का अपमान ना हो। वही चंदवा के उप प्रमुख अश्वनी मिश्र ने भी शोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट कर जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

### भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर होगा कार्यक्रमों का आयोजन

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के सभी मतदान केदो पर सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता सभी मतदान केंद्र पर जाकर कार्यकर्ता के साथ-साथ आम लोगों से रूबरू होंगे और अटल बिहारी वाजपेई के पद चिन्हों पर चलकर देश के नए भविष्य के निर्माण पर चर्चा भी करेंगे। गौरतललब है कि 25 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर आम लोगों को भाजपा से जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जाता है।इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जाती है और समाज का समग्र विकास कैसे हो इस पर चर्चा भी की जाती है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी 12 प्रखंडों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री रामेश्वर तेली से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने की विशेष मुलाकात



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, रोजगार एवम् श्रम मंत्री रामेश्वर तेली से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने राजधानी दिल्ली में उनके आवास पर विशेष मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने झारखंड के समग्र विकास पर चर्चा की है।विधायक किशुन कुमार दास के साथ ही समाज सेवी प्रमोद कुमार साव ने भी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री रामेश्वर तेली से मुलाकात की है। गौरतलब है कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में सीसीएल की कई बड़ी बड़ी परियोजनाएं है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में एनटीपीसी, टंडवा परियोजना का अब शीघ्र ही उदघाटन होने वाला है। विधायक किशुन कुमार दास ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि झारखंड खनिज संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है और सिमरिया विधान सभा क्षेत्र में तो कोयला का अकूत भंडार है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के नीतियों के कारण स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

# राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर

## उपायुक्त, एसपी पहुंचे कार्यक्रम स्थल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल मुख्यालय के कर्बला मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन 26 दिसंबर को होना है। जिसे लेकर एक सप्ताह से कार्यक्रम स्थल की तैयारी की जा रही है। पंडाल निर्माता रांची द्वारा भव्य तरीके से पंडाल की तैयारी की जा रही है। जिसे लेकर रविवार को जिला उपायुक्त अब्बू इमरान ,जिला आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन , एसी पवन मंडल, अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, सन्नी राज, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, अविनाश कुमार, मनोज चन्द्रा ने कार्यक्रम स्थल की बारीकी से जांच किया। जहां मौजूद पदाधिकारीयों को सुरक्षा को लेकर कई निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त और एसपी ने कार्यक्रम स्थल को चारों तरफ घूम कर बारीकी से जांच पड़ताल किया ताकि राज्य के मुखिया के आगमन पर सुरक्षा में कोई कमी ना चूक चूक हो। वहीं मौजूद पुलिसकर्मियों को सुरक्षा को लेकर एसपी ने दिशा निर्देश दिया। हालांकि पंडाल लगभग बन कर तैयार हो चुकी है। बस आगमन की आस में कर्बला मैदान है तैयार। हालांकि पंडाल निर्माण जाने माने रांची के निर्माणकर्ता द्वारा निर्माण किया जा रहा है। जिसमें सभी तरह का सुविधाओं से लैस है। आम नागरिकों पानी पीने से लेकर शौच की व्यवस्था बनाई गई है। बता दें कि 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोगों को करेंगे संबोधित और लगभग पांच सौ करोड़ परिसम्पतियों का वितरण करेंगे। साथ हीं कई योजनाओं को ऑनलाइन उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन पर सिमरिया क्षेत्र एवं जिले के लोगों को रोजगार की आस जगी है। वहीं उनके आगमन पर लोग प्रफुल्लित है। जबकि कार्यक्रम में लगभग 20 हजार भीड़ होने की संभावना है। मौके बीडीओ नीतू सिंह, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, थाना प्रभारी विवेक कुमार, गुड्डू आलम, शारदा देवी चन्द्रदेव साहू, बिनोद महतो, विनोद साहू के अलावे अन्य कर्मी मौजूद थे।

## जेएमएम ने प्रखण्ड स्तरीय कमिटी का किया विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के किसान भवन में रविवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सिमरिया विधान सभा के लोक प्रिय नेता एवं विधायक प्रत्याशी मनोज चन्द्रा ने की। जहां संदीप कुमार साहू,सलीम अख्तर, आलोक रंजन, रमन साहू, मालेश्वर प्रसाद साहू, भूपेंद्र ठाकुर, नेमधारी महतो, कृष्णा साहू, पूरन राम, दुलारचंद साहू, बिनोद साहू, मो इकराम, बबलू अंसारी, चंद्रदेव साहू, बिनोद साहू, श्यामसुंदर साहू, नरायन साहू, ललिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रखण्ड के कार्यकर्ता शामिल हुए। जहां प्रखण्ड स्तरीय कमिटी का विस्तार कर पंचायत स्तरीय चयन किया गया। वहीं नव चयनित पंचायत अध्यक्षों को पंचायत स्तरीय पार्टी विस्तार की जिम्मेवारी दी गयी। चयनित अध्यक्षों ने दिए गए कार्यो पर खरा उतरने का संकल्प लिया। जिसमें प्रखण्ड अध्यक्ष मालेश्वर साहू, वरीय उपाध्यक्ष रमन साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन साव, एसटी मोर्चा अध्यक्ष केशव गंझू, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो.जमरुद्दीन अंसारी, युवा मोर्चा के रंजीत यादव, सुनील कुमार साहू, एसी मोर्चा के उमेश पासवान, किसान मोर्चा के वीरेंद्र कुमार वर्मा, महिला मोर्चा के राधा देवी, मालती देवी के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## सद्भावना क्रिकेट मैच में प्रशासन एकादश की टीम ने मारी बाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को नये वर्ष का आगमन के उपलक्ष्य में प्रखंड मुख्यालय के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जहां दस ओवर के मैच की शुरुआत प्रशासन एकादश की टीम ने टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम आठ ओवर 64 रन बनाकर धाराशाई हो गई। वहीं प्रशासन टीम ने महज छह ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया। प्रखंड प्रशासन एकादश के टीम की कप्तानी कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बोलिंग में काफी रन दिए पर बैटिंग और फिल्डिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर दिल जीत लिया। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बेहतरीन बोलिंग का प्रदर्शन करते तीन विकेट चटकाए। जहां प्रशासन एकादश टीम के तरफ से मैच फिनिशर एस आई शाहिद अंसारी ने चार विकेट उड़ाकर तथा बेहतरीन बल्लेबाजी कर पत्रकार एकादश के टीम की कमर तोड़ दी, उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं पत्रकार एकादश के टीम की कप्तानी कर रहे दीपक राज ने तीन विकेट चटकाए। पत्रकार एकादश की टीम ने भी बेहतर मुकाबला किया। वहीं अंपायर के रूप में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और कुमार सावन ने इमानदारी से निर्णय दिया। मौके पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि मैच के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भावना का संदेश देना है। जहां दोनों टीम में सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, रवि कुमार, नीरज सिंह, दिलीप कुमार दास, साबिर अंसारी, बसंत कुमार, पिंटू प्रजापति, सुर्यनाथ राम, नवल सिंह के साथ पत्रकार एकादश टीम के संजय कुमार, प्रमोद कुमार, अर्जुन विश्वकर्मा, संतोष कुमार, उप कप्तान शशिशेखर सिंह, मयंक विश्वकर्मा, अख्तर अंसारी, तस्लीम खान,रवि गुप्ता, राहुल गुप्ता, रामनिवास पाठक प्रमोद ठाकुर और सुरज कुमार शामिल रहे। वहीं मैच समापन के बाद सामुहिक भोजन का जायका लिया गया।

## आगामी 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री के लातेहार आगमन पर कार्यक्रम को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आगामी 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री का आगमन लातेहार जिले में होना तय हुआ है जिसे लेकर रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा लातेहार जिला अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा क्षेत्र भावी प्रत्याशी लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार प्रखंड के पुराने ब्लॉक परिसर में बैठक का आयोजन वरिष्ठ नेता सह 20 सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर तिवारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड राज्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन लातेहार जिले के कुंदरी पंचायत में कार्यक्रम तय हुआ है। उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल पर्यवेक्षक देवनाथ सिंह खरवार झारखंड मुक्ति मोर्चा उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य महबूब आलम प्रखंड उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव सदस्य गुलाम असगर लोगों के बीच समन्वय स्थापित कर निर्णय लिया गया कि हर पंचायत से कम से कम 200 लोगों को लेकर कार्यक्रम स्थल कुंदरी पंचायत पहुंचाना है ये हमारी जिम्मेदारी है। बैठक में दीनानाथ राम, अशोक कोरवा, युसूफ अंसारी, मजीद खान, प्रेम शिला देवी, अमरेश राम, राजकुमार कोरवा, जाहिद अंसारी, लक्ष्मण सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बौधाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बौधाडीह में शनिवार को प्रबंधन समिति का एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय यादव ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें विद्यालय के विकास व शौचालय की साफ सफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था समेत अन्य प्रस्ताव लिया गया। बैठक में सभी सदस्यों का कहना है कि विद्यालय में 1 से 10 तक की बच्चों की संख्या लगभग 400 से भी ज्यादा है। लेकिन इस विद्यालय से विभाग के द्वारा दूसरे विद्यालय में शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति कर दिया जा रहा है। जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानी हो रही है। अभी फिलहाल शिक्षिका कीर्ति पाल और शिक्षक हीरामन रविदास को दूसरे स्कूल में प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है।शिक्षक की कमी होने के कारण छात्र हमेशा इधर-उधर खेलते रहते हैं। समिति के लोगों का कहना है कि विद्यालय में बहुत पहले शौचालय बना था जो अब जर्जर की स्थिति में हो गया है। इससे भी काफी परेशानी होती है।बैठक में सदस्य लोग का कहना है कि प्रबंधन समिति के खाता में पैसा है लेकिन बैंक के द्वारा होल्ड कर दिया गया है। जिससे पैसा निकासी में परेशानी हो रही है।बैठक में विद्यालय के विकास के प्रति चर्चा की गई है।

## 2005 बेंच के युवकों ने वन भोज का लिया आनंद, दर्जनों साथी हुए सम्मिलित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत 2005 बैच के युवकों ने वनभोज का आनंद रविवार को उठाया। जहां दर्जनों साथी उपस्थित हुए। एवं इस कार्यक्रम में एक दूसरे से मिलकर खीर पुरी व अन्य भोजन का आनंद उठाते हुए जमकर मस्ती किया। तथा आदिम जनजाति के बीच चूड़ा गुड़ का भी वितरण किया।साथ ही साथ इसी तरह का कार्यक्रम करने को लेकर टीम की गठन कर लोगों ने प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम करने की बातें आपस में किया गया। बताते चलें की 2005 बैच के युवकों ने 2023 में दूसरी बार साथियों ने एक दूसरे से मिलकर आने वाले नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं कही। इस कार्यक्रम में सम्मिलित बैजनाथ कुमार दांगी उपेंद्र दांगी भूपेंद्र पांडेय प्रभु कुमार दांगी पंकज कुमार दांगी दशरथ कुमार दांगी प्रभु कुमार यादव लक्ष्मीकांत मुकेश कुमार दांगी पवन कुमार सत्येंद्र कुमार प्रदीप पांडेय भोला कुमार दांगी प्रकाश कुमार यादव मनोज कुमार वर्मा जितेंद्र दांगी एवं दर्जनों साथी इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज का हुआ बैठक लिया गया कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मुख्यालय में संचालित बटेश्वर शिव मंदिर में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को संपन्न हुआ। जहां कई निर्णय लिया गया।बैठक की अध्यक्षता संजय पांडेय ने किया। संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने किया। जहां सर्वप्रथम यह निर्णय लिया गया।कि जो भी पदाधिकारी बैठक में नहीं उपस्थित होते हैं। उन्हें कारण बताना होगा अन्यथा 101 रुपया दंड के रूप में जमा करना होगा। आगे निर्णय लिया गया कि अगला बैठक 23 जनवरी 2024 को बारिसाखी के शिव मंदिर में किया जाएगा। एवं बैठक प्रत्येक महीने होगा। आगे निर्णय लिया गया कि ब्राह्मण समाज के प्रत्येक घर से?10 जमा कर समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम आवेगा यह भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड से रंजीत पांडेय प्रदीप पांडेय सुरेश पांडे राम लखन पांडेय बैजनाथ पांडेय अरविंद पांडेय दिलीप पांडेय प्रमोद पांडेय लक्ष्मी पांडेय चमारी पांडेय श्रीकांत पांडेय मुनी पांडेय बनवारी पांडेय टीकम पांडेय कुंदन पांडेय दर्जनों ब्राह्मण समाज के परबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# शिलान्यास हुए बीत गया ढ़ाई साल, अब तक शुरू नहीं हुआ टोरी चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रीज का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए सोशल मीडिया में अभियान छेड़ा गया है। माकपा के वरिष्ठ नेता चतरा लोकसभा छेत्र से प्रत्याशी रहे सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने बताया कि सोशल मीडिया पर रविवार से एक सप्ताह का अभियान आज से शुरू कर दिया गया है। टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण और फुट ब्रीज निर्माण शुरू कराने के लिए सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम, नेशनल हाईवे (एनएच) का ध्यान खींचकर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है।उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका हो गई है। यह एक बड़ा प्लेट फॉर्म है। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा दसकों से लगातार संघर्ष कर इस जनहित की मांग को रख रही है, प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेलमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, रेलवे जीएम, डीआरएम तक अपनी बात पहुंचाई फिर भी यह कार्य शुरू नहीं हो पाई है, इसे शुरू कराने के लिए जिम्मेदारों तक पुनः इस मांग की ओर ध्यान खींचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।शिलान्यास हुए बीत गया ढ़ाई साल, अब तक शुरू नहीं हुआ टोरी चंदवा का फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण केंद्र और राज्य सरकार एवं नेशनल हाईवे (ह्वा) के रवैये के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, शिलान्यास को ढ़ाई साल बीतने पर भी अब तक फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी अबतक शुरू नहीं हो पाई है। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण का शिलान्यास ढ़ाई साल पहले दिनांक 03 अप्रैल 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम ने किया था। शिलान्यास के बाद ये सभी भूल गए। फ्लाई ओवरब्रिज के निर्माण नहीं होने से रेलवे क्रॉसिंग जाम पर लोग आधे आधे घंटे फंस रहे हैं, मरीज लिए एम्बुलेंस भी जाम पर फंस रही है। लोगों को जाम में और जान को खतरा मे डालकर छोड़ दिया गया है।सभी राजनीतिक दलों को चुनाव में जनता का वोट चाहिए और जीत, इसके बाद जनता की जन समस्याओं से मुह फेर लेते हैं, यही सिलसिला बदस्तूर चलता रहता है।विकास की बात करने वाले केंद्र और राज्य सरकार को रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या दिखाई ही नहीं दे रही है। सोशल मीडिया अभियान में प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रॉनि चैनल के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया के साथी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र, नौजवान, किसान, सम्मानित आम जनता से सहयोग समर्थन करने की अपील उन्होंने किया है।

### झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का जत्था हुआ रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** रांची स्थित पुराना विधान सभा में आयोजित एक दिवसीय कुम्हार महासभा सम्मेलन में शामिल होने के लिए झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का एक जत्था बारियातु से रविवार को रवाना हुआ। इस जत्था में शामिल झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सोनु प्रजापति ने बताया कि राज्य में कुम्हार जाति की स्थिति काफी दयनीय है। समाज के लोगों को सभी प्रकार से उत्थान को लेकर प्रदेश स्तरीय कमेटी का गठन किया जाना है। इस कार्य के लिए झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के द्वारा रांची स्थित पुराना विधान सभा परिसर में कुम्हार महासभा का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस महासभा में पुरे झारखंड राज्य से अधिक से अधिक संख्या में कुम्हार जाति के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हमारा आधुनिकीकरण के दौर में हमारा पारम्परिक रोजगार विलुप्त होने के कगार पर है।

## कुन्दा में धर्मांतरण जोरों पर, गरीब व भोले भाले लोगों को बनाया जा रहा निशाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ईसाई मिशनरियों के द्वारा लगातार भोले भाले गरीब और असहाय लोगो को चमत्कार का नजारा दिखा कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ताजा मामला रविवार को डोकवा गांव में देखने को मिला जहाँ लोगों को पिता परमेश्वर को लेकर बताया जा रहा था। वही मिली जानकारी के अनुसार भोले भाले लोगों को धर्मांतरण कराने की कोशिश किया जा रहा था।धर्मांतरण के सूचना मिलते ही गांव के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दिया। जब मौके पर पुलिस पहुँची तो धर्मांतरण कराने वाले पुरूष भागने में सफल रहे जबकी महिलाओं को पुलिस ने समझा बुझाकर घर भेजा।वही एकल अभियान के सचिव लवकुश कुमार गुप्ता ने बताया की गरीब लोगों को निशाना बनाकर सत्संग के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। इन दिनों धर्मांतरण एक वायरस की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहा है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि आयोजित प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जा रहा था कि आप पिता परमेश्वर की उपासना करेंगे तो आपके सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। इन्हीं लोगों में से बहुत सारे लोगों ने बताया कि मेरा पैर टूट गया तो पिता परमेश्वर को याद किया तो तत्काल ठीक हो गया, कुछ यह भी बता रहे थे कि हमें दिखाई नहीं देता है मैंने पिता परमेश्वर की उपासना की तो मेरी आंखें वापस आ गई। इस तरह के कई तरह तरह की भ्रामक बातें बताया जा रहा था। वही गांव के लोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया।

## संक्षिप्त खबरें

### नगवां टोल प्लाजा के पास हजारीबाग यूथ विंग ने किया कंबल का वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पिछले एक माह से जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है इसी के निमित रविवार को नगवां टोल प्लाजा के समीप कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सरयू यादव शामिल हुए। अतिथियों को यूथ विंग के संरक्षक एवं पदाधिकारियों के द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद, असहाय, गरीब एवं विधवा महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। यूथ विंग के द्वारा अब तक करीब 1050 से भी अधिक कंबल का वितरण किया जा चुका है। यह कार्य फरवरी माह तक अनवरत जारी रहेगा।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा मे तत्पर रहता हैं,जो निश्चय हीं एक सराहनीय कार्य है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कंबल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया गया है की समाज से मानवता खत्म नहीं हुई है,संस्था का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,जय प्रकाश खण्डेलवाल, मनोज गिरी, विकास तिवारी, डॉ वी वेंकटेश, अजय यादव,दीपक यादव, मानी देवी,संजना कुमारी, सृष्टि कुमारी, सत्यम कुमार, रानी कुमारी एवं सुनीता देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।

### आरोग्यम आई केयर यूनिट द्वारा सेवा सदन बरकट्ठा मे लगाया गया निःशुल्क आंख जांच शिविर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले का सबसे सर्वश्रेष्ठ आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा लोगों के बीच आंखों की इलाज को लेकर बृहद रूप में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम मे रविवार को सेवा सदन बरकट्ठा मे शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजों ने अपनी आंखों का इलाज करवाया। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आंख चिकित्सा डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और उचित चिकित्सा परामर्श दिया। कैंप में 30 लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने और 200 लोगों को दवा एवं चश्मा के साथ इलाज कराने का सलाह दिया गया। साथ ही कभी भी असुविधा पहुंचने पर अस्पताल आने की सलाह दी गई है। शिविर को देखकर आसपास के लोगों में काफी खुशी देखने को मिली उन लोगों ने कहा कि हमें दूर दराज जाना पड़ता है अपने आंखों का इलाज करने के लिए हम धन्यवाद देते हैं अस्पताल के निर्देशक और पूरी टीम को, की यह सेवा हमारे गांव तक उपलब्ध करा रही है।आरोग्यम हॉस्पिटल की निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आंखों के इलाज को लेकर अस्पताल के द्वारा लगातार जागरूकता चलाया जाएगा, यह जागरूकता अभियान निरंतर रूप से चलता रहेगा। हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है और लोगों को यह बताया जा रहा है की हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में आंखों से संबंधित संपूर्ण इलाज किया जाता है। वो भी किफायती दर पर और आधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध है। शिविर के सफलता में आरोग्यम आई केयर यूनिट के नेत्र विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट विकाश कुमार गुप्ता, निशा मिश्रा, नर्सिंग स्टॉफ अविनाश सहित कई लोगों ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना अहम योगदान दिया।

### भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने दानिश अकरम

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद के द्वारा बादम निवासी दानिश अकरम को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी हित एवं संगठन की मजबूती के लिए दानिश अकरम को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि वे अपने दायित्व को निभाने में सफल होंगे जिससे पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

### अंबा प्रसाद ने नयाटांड़ पंचायत के किरी मोड़ से सतीचुरा पथ निर्माण कार्य की रखी आधारशिला



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के नयाटांड़ पंचायत के किरी मोड़ से सतीचुरा पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन रविवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा मुखिया लीलावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंसस प्रभु राम, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो की संयुक्त उपस्थिति में किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद लगभग एक करोड़ की लागत से डीएमएफटी मद से होने वाली उक्त पथ निर्माण कार्य के आधारशिला रखी गई। विधायक द्वारा अनुशंसा एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी मद से हुई है। प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के निर्माण की शुरुआत हुई है, कई योजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन हो रहा है। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के गड़गड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। पारंपरिक रूप से पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं। अंबा ने कहा कि लोगों के प्रेम व समर्थन से विधानसभा क्षेत्र में विकास का नया कीर्तिमान लिखी जा रही है। सड़क निर्माण होने से आसपास के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। आगे विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य है। विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य करा रहे विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने तथा गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखने की बात कही। मुखिया लीलावती देवी ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से पंचायत के खराब सड़कों का कायाकल्प हो रहा है, विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पंचायत के समुचित विकास हेतु भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया लीलावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पंसस प्रभु राम, संजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय महतो,केसर सिंह, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सतीश दास, त्रिलोकी साव, शमशेर आलम, युवा अध्यक्ष आनंद मेहता ,दशरथ महतो, छोटे खान, संतोष कुमार ,शमशेर आलम, महबुल्ला खान,मुंद्रिका सिंह,बाबूलाल यादव, कृष्णा यादव, त्रिभुवन यादव, बबलु यादव, प्रदीप राणा, संतोष राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति का बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति का प्रखंड स्तरीय बैठक हाई स्कूल मैदान बड़कागांव में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन शिक्षक महावीर राम ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी माता शबरी जयंती धूमधाम से बड़कागांव प्रखंड में मनाया जाएगा और वन भोज सह भुईयां समाज मिलन समारोह जनवरी माह में किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम,, प्रखंड सचिव सह शिक्षक महावीर राम, गिरजा भुइया, शंकर भुइयां, रामचन्द्र भुइयां, कार्तिक भुईयां, संजय भुईयां, संतोष कुमार राम, फूलचंद राम, संजीत भुईयां, बरजू भुईयां, राजेश भुईयां सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वेतन कटौती के विरोध में सहायक शिक्षक 26 दिसंबर को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय का करेंगे घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के सहायक शिक्षक 26 दिसंबर को जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय का घेराव करने हजारीबाग जाएगें।जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड सहायक शिक्षकों ने रविवार को विष्णुगढ़ प्लस टू हाई स्कूल मैदान में बैठक की।जिसमें उपस्थित खुबलाल भारती ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 19 दिसबंर को अपनी मांगों को लेकर हम रांची गए थे। सहायक शिक्षक ने बताया कि उस रोज हमने सीएल के तहत छुट्टी में रहने का आवेदन विद्यालय में दे रखा था।पर इसके तुरंत बाद जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से सहायक शिक्षकों की ली गई छुट्टी के लिए आफ लाइन दिए गए आवेदन को अमान्य करते हुए एक दिन के मानदेय काट लेने को फरमान जारी कर दिया गया।जिसके विरोध में जिला शिक्षा कार्यालय का धेराव करने को निर्णय लिया गया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में आचार्य चयन परीक्षा का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में रविवार को आचार्य चयन परीक्षा आयोजित हुई। विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए परीक्षार्थी आचार्य चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए ।गौरतलब है कि इस आचार्य चयन परीक्षा में पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए परीक्षा ली गई द्य मौके पर अखिलेश कुमार, प्रांतीय पर्यवेक्षक, ब्रेन कुमार टुडू, केंद्र अधीक्षक, सतीश्वर प्रसाद सिन्हा, प्रांतीय समिति के प्रतिनिधि, मुकेश शाह,प्रांतीय समिति के प्रतिनिधि, सह पर्यवेक्षक शर्मेंद्र कुमार साहू, सह पर्यवेक्षक रमेश कुमार उपाध्याय एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन के दिशा निर्देश पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई ।

## सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के 45 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। इसमें गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के भी 11 मजदूर शामिल है। सभी मजदूर अलग- अलग गांवों के रहनेवाले हैं। मजदूरों के वहां फंसे होने से उनके परिजनों में भी मायूसी है। मजदूरों के साथ उनके परिजनों के द्वारा उनकी वतन वापसी किए जाने की मांग की जा रही है। सऊदी अरब में गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के 45 मजदूर फंसे हुए हैं। इधर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले किशोरी राणा ने कहा कि प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला लगातार सामने आता है। विदेश जाने वाले मजदूर वहां फंसे नहीं इसके लिए सरकार को कोई नीति बनाने की जरूरत है।उन्होंने पीएम को पत्र लिख कर झारखंड के 45 मजदूरों के वहां फंसे होने एवं उनकी एवं उनके परिजनों की हालात से अवगत कराते हुए मजदूरों की सकुशल वापसी की मांग की है। पत्र में यह भी कहा गया है कि मजदूरों से सात महीने काम कराकर दो महीने की मजदूरी दी गई है। मजदूरी मांगने पर कंपनी के द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित भी किया जा रहा है। इससे मजदूरों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उनके परिजन परेशान रह रहे हैं।बता दें कि सऊदी अरब में फंसे मजदूरों ने पिछले दिनों वीडियो वायरल कर वहां फंसे होने की बात कहते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी। श्री राणा ने झारखंड सरकार के श्रम विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भी अनुरोध किया है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी का भुगतान कराते हुए उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित की जाए।

## मडमो में अबुआ आवास के आवेदनो का बीडीओ ने किया सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत मडमों पंचायत में 11 दिसम्बर 2023 को आपकी योजना,आपकी की सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का वृहत पैमाने में आयोजन किया गया था।जिसमे झारखण्ड सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास के 819 आवेदन प्राप्त हुए थे। हेमन्त सोरेन के साफ निर्देश पर कोई वंचित छुटे नही इसके तर्ज पर कार्य करते हुए बीडीओ अखिलेश कुमार ने लाभुक के सत्यापन के लिए टीम बनाकर मुखिया,पंसस एवं वार्ड सदस्यों के साथ स्वयं एक-एक घर एवं लाभुकों का निरीक्षण किया।इस बाबत जानकारी देते हुए अखिलेश कुमार ने बताया कि 819 प्राप्त आवेदनों में करीब 400 सौ आवेदनों की जांच पूरी की जा चुकी है,बाकी आवेदनो की जाँच जल्द पूरा कर रिपोर्ट सौपी जायेगी। इसी तरह के कार्य पूरे प्रखंड में जारी है।

## नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन को लेकर जदयू ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के कार्य समिति की एक बैठक स्थानीय परिषद में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया एवं संचालन जिला सचिव संजय राम ने किया । बैठक में आगामी 21 जनवरी को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन पर कार्यक्रम पर चर्चा की गई ,एवं कार्यक्रम को अभूतपूर्व बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपनी राय एवं सुझाव दिया । जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रखंडों का युद्ध स्तर पर नेता दौरा करें ,एवं कार्यक्रम में हजारों की उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला प्रवक्ता स वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश सचिव चंद्र मोहन पटेल, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी ,जिला सचिव सुजाता सिंह, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साबिर खान, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष छोटन पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

## प्रभु येसु मसीह ने रात्रि में जन्म लिया आज क्रिसमस की धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रात्रि ठीक 12 बजे प्रभु येसु के जन्म के समयानुसार गिरजाघर की घंटी बज उठी सभी ईसाई विश्वासी ने एक दूसरे क्रिसमस की बधाई दिया,क्रिसमस उत्सव सामारोह का शुभारम्भ रूपांतर महागिरजाघर कैथोलीक आश्रम में मध्य रात्रि मिस्सा पूजा से हुआ रात्रि ग्यारह बजे बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में प्रभारी पल्ली पुरोहित फा रेमंड सोरेंग, फा विजय एक्का, फा मनोज तिर्की, फा टॉमी, फा अनिल,फा अब्राहम,फा राजेंद्र टेटे के साथ मिस्सा पूजा किया।बिशप आनंद जोजो ने सर्वप्रथम प्रभु येसु का जन्म स्थान चरनी को पवित्र जल आशीष किया।

बिशप आनंद ने अपने सन्देश में कहा कि ईसा मसीह का जन्म मानव जाति एवं सारी सृष्टि में मेल मिलाप, प्रेम, सेवा, शांति और एकता स्थापित करने के लिए हुआ था। उनके इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए माता मरियम ने ईश्वर को मदद किया हमें उनसे इस आचरण से सीख लेनी चाहिये, सभी झारखण्ड वासियो को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनायें ईसा मसीही के आशीर्वाद से झारखण्ड वासी सुखी -सम्पन्न बनी रहें और अमन-चैन बना रहें,भक्ति गीत का संचालन कोर्रा के विश्वासियों ने किया फरदीनन्द लकड़ा, फा रेमंड,कथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ के सहयोग से चरनी, गिरजाघर का सजावट किया गया।इस अवसर पर ईसाई और अन्य विश्वासी गण भी उपस्थित थे मेरु बी एस एफ कैम्प से भी मिस्सा पूजा में भाग लिया, मिस्सा पूजा के बाद सभी ने हाथ मिला कर गले मिल कर एक दूसरे को बधाई दिया और आदिवासी नृत्य किया।प्रभु का रूपांतर महागिरजाघर में सुबह 7ः30 बजे भी फा विनसेंट हांसदा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

संत स्टीफन सीएनआई चर्च नया बस स्टैंड रात्रि साढ़े ग्यारह बजे पल्ली पुरोहित मनोज नाग के नेतृत्व में मिस्सा पूजा किया गया इस अवसर गिरजाघर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, बड़े बूढ़े जवान बच्चें नये आकर्षक परिधान में दिख रहें थे मिस्सा पूजा के बाद केक का भी वितरण किया गया जीईएल चर्च सिंघानी में भी मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया था और गिरजाघर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था.सभी क्रिसमस के उत्साह में लबरेज थे ठण्ड के बावजूद भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। दिन में सभी एक दूसरे को केक और पकवान खिलायेंगे और लजीज भोजन खाएंगे नाचेंगे गाएंगे एक दूसरे को हैप्पी क्रिसमस और खुश खुश परब बोलेंगे।

## श्री रामलीला कृष्ण लीला महासमिति का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अयोध्या के बाद भगवान राम की दूसरी नगरी हजारीबाग के धर्म प्रेमियों एवम कलाकारो के द्वारा कला के माध्यम प्रभु श्री राम एवं श्री कृष्ण के जीवन को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज श्री राम लीला समिति हजारीबाग का विस्तार करते हुए श्री रामलीला कृष्णलीला महासमिति का गठन किया गया। स्थानीय डॉल्फिन रिजॉर्ट में आयोजित बैठक में रामलीला समिति के अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव,सचिव विशाल कुमार एवं कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता मुख्य निर्देशक राकेश गौतम ने संयुक्त रूप से समिति का विस्तार करते हुए बतौर संरक्षक विकास कुमार,हर्ष अजमेरा, राजीव रंजन मिश्रा ,डॉक्टर अमला राणा को मनोनीत किया साथ ही मुख्य सलाहकार महंत विजयानंद दास को बनाते हुए उनके मार्गदर्शन में दिनांक 22 जनवरी को भव्य राम उत्सव का आयोजन का प्रस्ताव लाया गया जिसको सभी पदाधिकारीयों ने सर्व सम्मति से पारित किया। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी समिति के संयोजक सुबोध सिन्हा,कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत सिन्हा ,डॉक्टर प्रह्लाद सिंह ,बबलू सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक को दिया गया। इस बैठक में विशेष तौर से सभी पदाधिकारियों के साथ अनिता कुमारी डॉक्टर राजीव रंजन, आदि उपस्थित थे।

## एनएचएआई चुटुपालु घाटी की तकनीकी खामी को दूर करे : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** एनएच 33 के चुटुपालू घाटी में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर संजय मेहता ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से इस पर तत्काल पहल करने का अनुरोध किया है। संजय मेहता ने बताया कि चुटुपालु घाटी की दुर्घटनाओं को लेकर एनएचएआई से कई बार पत्राचार किया। बावजूद इसके कोई ठोस पहल नहीं की गयी। संजय मेहता को एनएचएआई ने चुटुपालु घाटी की दुर्घटनाओं को लेकर एक पत्र भेजा है। जो काफी चौंकाने वाला है।एनएचएआई ने पत्र में साफ तौर पर लिखा है कि चुटुपालु घाटी की दुर्घटनाओं के लिए एनएचएआई को जिम्मेदार मान लेना उचित नहीं है। एनएचएआई ने जवाब दिया है कि चुटूपालू घाटी खंड एन0एच0-33 के पहाड़ी भू-भाग पर स्थित खंड है जिसके दोनों ओर वन भूमि अवस्थित है। इस कारण से चुटुपालू घाटी मे सडक निर्माण पहाड़ी भू-भाग के आधार पर डिजाइन की गई है। इस खंड मे संरेखन की रुपरेखा जिस प्रकार तैयार की गई है उसमें वाहनों द्वारा डिजाइन गति का अनुसरण करना अनिवार्य है।सड़क निर्माण से पूर्व इसकी संरचना (डिजाइन) को लेकर अनेकों प्रकार की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही सडक निर्माण से जुड़े कुशल असैनिक अभियंता (डिजाइनर ) द्वारा इसकी प्राक्कलन और डिजाइन तैयार की जाती है एवं भारतीय रोड कांग्रेस (ढ्ढक्रष्ट) मानको में दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाता है।

उक्त खंड के रामगढ़ स्थित पटेल चौक से लेकर चुटुपालू घाटी की लगभग 5.50 कि0मी0 की पहाड़ी भू-भाग के अंतर्गत आने के कारण इसका डिजाइन भी पहाड़ी भू-भाग हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप ही किया गया है। कोई भी वाहन जैसे ही समतल भू-भाग से पहाड़ी भूभाग में आती है वहाँ वाहनों की गति सीमा बदल जाती है। तात्पर्य यह है कि पहाड़ी भू-भाग (चुटुपालू घाटी) से गुजरने वाली वाहनो को डिजाइन के अनुरूप निर्धारित गति सीमा अर्थात 40.00 कि0 मी0 प्रति घंटा की गति के तहत ही गुजारनी होगी अन्यथा इसका परिणाम दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## बरही के ऐतिहासिक सूर्यमंदिर के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में मंदिर के निर्माण को लेकर भगवान केशरी की अध्यक्षता में सूर्यमंदिर निर्माण समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सूर्यमंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि सूर्यमंदिर का निर्माण बरही के ऐतिहासिक छठ घाट बरहीडीह में सामुहिक सहयोग से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के अथक प्रयास के साथ आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है।राजसिंह चौहान ने लोगों को बताया कि सूर्य भगवान हिंदुओं के लिए आस्था के देवता माने जाते है और छठ के अवसर पर उनके प्रति आस्था और दर्शन अभिलाषी उमड़ते हैं। इसलिए हम सभी सूर्य मंदिर को अभूतपूर्व बनाया जायेगा। उन्होंने अपार हर्ष जताते हुए कहा कि भगवान सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बरही के सभी सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन व महिलाएं एवं समस्त ग्रामवासी उक्त कार्य में भाग लेकर यज्ञ को सफल बनाएंगे। समिति एवं बरहीडीह के ब्राह्मणों के निर्णय के अनुसार शुद्ध तिथि भूमि पूजन हेतु नए साल के 28 जनवरी 2004 को किया जायेगा। 16 फरवरी 2024 से यज्ञ प्रारम्भ करते हुए 24 फरवरी 2024 को यज्ञ को पूर्ण किया जाएगा। मौके पर ब्राह्मणों की मुख्य उपस्थिति में रामलखन शर्मा, परमानंद पांडे, गौतम पांडे, जीवलाल पांडे,युगल शर्मा,रविरंजन पांडे, रिंकू पांडे, अजय पांडे, रामचंद्र पांडे, सुबोध कुमार पांडे के अलावे संचालकर्ता राजसिंह चौहान, भगवान केशरी, मुखिया शमसेर आलम, राजकुमार केशरी, कैलासपति सिंह, सचिव राजवंशी सिंह,कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर, रमेश ठाकुर, रिंकू कुमार, सीताराम राणा, मुकेश सिंह, सुरेश राम, नागेश्वर ठाकुर,चंद्रदेव राणा, शम्भू केसरी, नंदन प्रसाद केशरी के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## बेलगाम हाइवा ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी थाना अंतर्गत जरजरा नालापार समीप रविवार को तेज रफ्तार से आ रही हाइवा जेएच 02 ए यू 2777 ने विपरीत दिशा से आ रहे ललकू मांझी 45 वर्षीय को हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जरजरा निवासी ललकू मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं इस दुर्घटना में ललकू मांझी की हीरो हौंडा बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के बाद मौका पाकर हाइवा ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग निकला। घायल अवस्था में पड़े ललकू मांझी को ग्रामीणों ने आनन फानन में क्षेत्रीय अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया??। ललकू मांझी के परिजनों ने बताया कि अपने पैसे की तकादा के लिए धनसलैया गये थे इसी दौरान घर लौटते समय तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें रौंद दिया। ग्रामीणों के पहल के बाद घायल ललकू मांझी को बेहतर इलाज के लिए कुछ पैसे दिलवाया गया। ग्रामीणों ने दबे जुबान में कहा कि इस रुट से हाइवा का चलना? बंद होंना चाहिए, आए दिन गिद्दी के रास्ते पोटोमोढ़ा,कुरकुट्टा व गरसुल्ला के रास्ते दर्जनों बालू एवं गिट्टी लोड हाइवा चलाई जा रही है जो रास्ते में बेलगाम होकर चल रही है। जर्जर रास्ता होने के बावजूद भी हाइवा की रफ्तार कम नहीं होती है और नाबालिग चालक भी हाइवा को इस रास्ते पर सरपट दौड़ाते हैं। इधर घटना के बाद उरीमारी ओपी के जवान घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर हाइवा को जब्त कर लिया है और उसे थाना लेते आई है घायल के परिजनों ने अभी तक कोई आवेदन थाने में नहीं दिया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी बिरबल करमाली ने बताया कि उक्त हाइवा का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। गाड़ी को? पुलिस थाना ले आई है। परिजनों के आवेदन देने पर उक्त हाइवा पर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक के लोकप्रियता से विचलित हो गए हैं सांसद के अखबारी प्रतिनिधि : कृष्णा सिंह

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सांसद के अखबारी सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो ने प्रेस में बयान दिया है कि रेलवे फाटक का टेंडर हो गया है जिसका इन्होंने 23 दिसंबर को शिलान्यास का भी अखबार में बयान दिया था लेकिन 23 दिसंबर को रेलवे फाटक का शिलान्यास नहीं हुआ और इन्होंने ब्यान दिया है कि अगर रेलवे फाटक का टेंडर नहीं निकला होगा तो हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे मैं अखबारी नेता को बताना चाहता हूं कि कल सांसद महोदय शिलान्यास स्थल रेलवे फाटक पतरातू में खुद आकर इन्होंने बयान दिए हैं कि राज्य सरकार के स्वीकृति के पश्चात ही रेलवे फाटक का क्रियान्वयन किया जाएगा। तो अब यह अखबारी नेता जनता को जवाब दे की इन्होंने इतने दिनों से जनता को बरगलाने का काम क्यों किया।

## पीटीपीएस में आज शहीद निर्मल महतो जयंती मनाई जाएगी

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):**पीटीपीएस शहीद निर्मल महतो चौक में आज सोमवार को शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के तत्वाधान में 73 वीं जयंती मनाई जाएगी को भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को भी जयंती मनाई जाएगी इसकी तैयारी पूरी हो गई है शहीद निर्मल महतो झारखंड के पुरोधी थे उन्होंने झारखंड राज्य अलग करवाने के लिए अपना शहादत तक दे दिए वह हमेशा जन कल्याणकारी काम करते थे और लोगों को हमेशा एक जुट रहकर संघर्ष करने के लिए बोलते थे वह गरीबों के मसीहा भी थे इस शुभ अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी एवं गणलोग उपस्थित रहेंगे उक्त बातें मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा ।

## डी-लिस्टिंग की मांग दरअसल आदिवासियत पर हमला



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरएसएस, भाजपा और जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा आदिवासियों के बीच आपसी विभाजन कर हिंदू राष्ट्र बनाने की जो कोशिश की जा रही है। उसका आदिवासी संघर्ष मोर्चा पुरजोर विरोध करती है। यह बाते रविवार को आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया, राज्य संयोजक जगरनाथ उरांव ने प्रेस बयान में कहीं। बताया कि आगे जो डी-लिस्टिंग की मांग करने वाले जो बात करते हैं तो उसे सबसे पहले यह समझना होगा कि आदिवासी हिंदू नहीं है और बड़ी संख्या में आदिवासी हिंदू धर्म के देवी-देवताओं व पर्व-त्यौहारों को मानते हैं। दुसरे स्थान में इसाई धर्म को मानते हैं, तीसरे स्थान में मुस्लिम अन्य धर्म को मानते हैं। डी-लिस्टिंग की मांग करने वाले जनजाति सुरक्षा मंच ये नहीं कहते हैं कि जो आदिवासी कोई भी दूसरे-तीसरे-चौथे-पांचवें धर्म के देवी-देवता,पर्व-त्यौहार को मानता हो उसे आदिवासी लाभ से वंचित किया जाय वे सिर्फ इसाई,मुस्लिम के खिलाफ ही दुष्प्रचार क्यों किया जाता है? दरअसल यहीं से आदिवासियों के बीच से आदिवासी को विभाजित कर सम्प्रदायिकता फैलाना और हिंदू राष्ट्र के मार्ग को प्रशस्त करना है। भाजपा पुरी तरह से आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन, धर्म, संस्कृति,अस्मिता व सम्पूर्ण आदिवासियत पर हमला तेज कर दी है। एनआरसी,एसीसी,यूसीसी,भूमि अधिग्रहण बिल,वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 नियम कानून लाकर अधिकार को खत्म करना और आदिवासियों को जंगल-जमीन से बाहर करना,पशु के समान व्यवहार करना। मणिपुर में महिलाओं के साथ शर्मसार कर देने वाली घटनाओं को अंजाम दिया गया है। एक आदिवासी युवक के सिर पर पेशाब करना। मध्ययुगीन दौर की क्रूरता को दर्शाता है। तानाशाही फासीवादी शासन को दर्शाता है। भाजपा संविधान के सभी अनुच्छेद को संशोधित करते-करते वे पुरी तरह से संविधान को खत्म करने में लगी हुई है और भाजपा/आरएसएस विचारधारा से जुड़े वनवासी कल्याणकारी केंद्र से लेकर जनजाति सुरक्षा मंच तक का आदिवासी नामक सामाजिक संगठने आदिवासियों के बीच नफरत,हिंसा और विभाजन पैदा करना चाहती है। अनुसूचित जनजाति से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 342 में कहा गया है कि जनजाति (आदिवासी) के सूचि में जो दर्ज है वो जनजाति यदि किसी भी धर्म को मानता हो तो भी वे जनजाति में बने रहेंगे और जनजाति का लाभ मिलता रहेगा। जानजातियों की इतिहास और सभ्यता हमेशा से गौरवशाली रहा है। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने का और शहादतें देकर देश की आजादी में अग्रणी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। राष्ट्र का विकास के लिए सबसे ज्यादा जल-जंगल- जमीन -खनिज का कुर्बानी और त्याग आदिवासियों ने दी है। उसके बदले में आदिवासियों को शिक्षा, रोजगार, विकास करने के बजाय विस्थापन,पलायन,बेरोजगारी,अशिक्षा,उपेक्षा जैसी दंस को आए दिन झेलना पड़ रहा है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल में हिस्सा लिया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में योग में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में प्रतिनिधित्व कियाद्यएक रोमांचक घटनाक्रम में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों की एक टीम ने केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में आयोजित योग के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। खेल निदेशक, डॉ. अमन वर्मा, टीम मैनेजर, संजय राय चौधरी के नेतृत्व में और टीम कोच धनेश्वर बीपी के मार्गदर्शन में, प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने प्राचीन अनुशासन में अपनी कौशल का प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का एक उत्साही माहौल तैयार हुआ। योग के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व को बढ़ावा देने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनने पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय को गर्व है। इस खुशी में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी.एन.साह , राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी , कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# बिहार कोलयरी कामगार यूनियन ने मजदूरों के अधिकार व रैयतों के विकास को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय के पास मैदान में रविवार को बिहार कोलयरी कामगार यूनियन व मासस की बैठक आयोजित हुई। अवसर पर मुख्य रूप से वरीय नेता कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह, बीसीकेयू अरगड्डा अध्यक्ष धनेश्वर तूरी, सचिन गौतम बनर्जी, मासस सचिव आरडी मांझी उपस्थित हुए। इसकी अध्यक्षता शत्रुधन बेदिया ने की। सभी को संबोधित करते हुए कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह ने कहां कि अपने हक, अधिकारों के लिए कामगार आगे आए, कोलयरी व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए युवा जागरुक हो, संगठन का विस्तार करते हुए, विकास एंव रोजगार के साधनों में अपना दायित्व का निर्वाहन करें, अपने भविष्य के लिए एकजुटता का परिचय दें। वही बीसीकेयू प्रतिनिधि धनेश्वर तूरी, गौतम बनर्जी ने एक साथ कहां कि यूनियन लगातार कामगारों के हित में हर कदम पर आपके साथ खड़ी हैं, सबो के लिए लगातार संघर्षरत हैं, सभी नये पदाधिकारी व सदस्य क्षेत्र का भ्रमणकर संगठन विस्तार के लिए जनमानस के बीच जाए। इधर मासस सचिव आरडी मांझी ने कहा कि आज के दौर में संगठित होकर आगे बढ़ने की जरूरत हैं, युवाओं के संगठन में आने से क्षेत्र की गति निश्चित तौर पर तीव्र विकसित होगी। अंत में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सिरका शाखा का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गिरीधारी महतो, कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक बेदिया, सचिव शत्रुधन बेदिया, सहसचिव लक्ष्मण बेदिया, संगठन मंत्री रामाशीष प्रजापति, कोषाध्यक्ष अमित भुईया नियुक्त हुए।

# किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की चाड़ी पंचायत कमिटी का किया गया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के चाडी पंचायत स्थित कुष्टेगढ़ा में रविवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक बैठक आयोजित कर कमिटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोला प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन जिलानी खान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि रामगढ़ विधानसभा में आजसू पार्टी एवं कॉंग्रेस पार्टी दोनो में परिवारवाद कूट कूट कर भरा हुआ है। रामगढ़ की जनता नए विकल्प की तलाश कर रही है और आशा भरी निगाहों से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर देख रही है। इसलिए हमें वह विकल्प बनना है। बैठक में सर्वसम्मति से चाड़ी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष पवन बेदिया, सचिव उज्जवल शर्मा, उपाध्यक्ष श्रावण बेदिया, कोषाध्यक्ष अविनाश बेदिया को चुना गया कमिटी के सदस्य के रूप में शिवम कुमार, संजय बेदिया, चंद्र मोहन बेदिया, अविनाश कुमार, बालेश्वर करमाली, घनश्याम बेदिया, कजरू महतो प्रभात बेदिया, जयदीप बेदिया, बालेश्वर करमाली, परीक्षित महतो को मनोनीत किया गया।मौके पर कालेश्वर,तेजपाल महतो, सुभाष मुंडा आदि उपस्थित थे।

## श्राद्ध कर्म में शामिल हुई रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत होन्हे पंचायत के ग्राम विरहोंहे निवासी रामदास महतो के माता जी का पिछले दिनों स्वर्गवास हो गया था जिसे देखते हुए विधायक ब्राह्मणभोज में शामिल हुई। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात किया रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी इस दौरान उन्होंने मृतक के फोटो चित्र पर श्रध्दा सुमन अर्पित कर? शोक व्यक्त किया,दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किया एवं दुःख प्रकट करते हुए दुख बेला में परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमेशा हम सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहने का काम करूंगी ।

# नईसराय में मस्जिदे अक्सा का छत ढ़लाई संपन्न हुआ

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोशन नगर नईसराय (राउता) में रविवार को मस्जिदे अक्सा का छत ढ़लाई संपन्न हुआ। इसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान मौलाना हबीब, मौलाना मोजिब और मौलाना मुस्ताक ने संयुक्त् रुप से कढ़ाई के लिए बोली की प्रक्रिया शुरु कराया। इस बीच प्रथम कड़ाही के लिए हाजी अस्लम साहब ने सर्वाधिक 3 लाख 7 हजार 786 रुपए की बोली बोला। वहीं हाजी जलालुद्दीन ने द्वितीय कड़ाही के लिए 2 लाख 71 हजार 786 रुपए, तीसरी कड़ाही के लिए रियाजुद्दीन ने 70786, चौथी कड़ाही के लिए मुकरम 32786, पांचवी कड़ाही के लिए मो शाबिर 30786, छठी कड़ाही के लिए मो इस्त्रायल 26786, सातवीं कड़ाही के लिए मो. कमाल 25786, आठवीं कड़ाही के लिए नबी अहमद 22786, नौवीं कड़ाही के लिए मो. अंजार 21786 और दसवीं कड़ाही के लिए हबीबुल खान 12786 रुपए की सर्वाधिक बोली बोलकर कड़ाही उठाया। इसके अलावा भी दर्जनों लोगों ने 5 हजार, 3 हजार सहित अपने शक्ति अनुसार मस्जिद निर्माण के लिए दान किया। साथ ही सैकड़ों लोगों ने मस्जिद की छत ढ़लाई में श्रम दान कर सहयोग किया। मस्जिद ढ़लाई के लिए आसपास के लोग एक पखवारे से अधिक समय से जुटे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फारुक अली, मो. इसरायल, मो गुड्डू, मो कमाल, रज्जाक अंसारी, मो इम्तियाज, मो जमील उर्फ कल्लू, मो. सगीर उर्फ कौसा, मो मोजिब, मो. अफताब, मो गुड्डू, बहादुर खान, पप्पू, मो नेहाल, मो गुलजार, मो जमाल आदि जोर-शोर से जुटे थे।

## विधायक अम्बा प्रसाद ने किया पतरातू डैम में डिज्नीलैंड मेले का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पीटीपीएस पतरातू डैम पर डिज्नीलैंड मेले का उद्घाटन फीता काट कर किया और मेला जनता को समर्पित करते हुए कहा कि नव वर्ष एवम क्रिसमश के अवसर पर पर्यटक स्थल पतरातू डैम सहित इस मेले का भी आनंद बच्चो के साथ ले। इस तरह के मेले के आयोजन से क्षेत्र में मनोरंजन खुशहाली और आपसी समरसता बढती है। वही विघायक ने समस्त विधानसभा क्षेत्र वासियो को क्रिशमस एवम नववर्ष कि अग्रिम शुभकामनएं दिया।उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय विधायक अंबा प्रसाद के साथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कु.पटेल,अनिल कुमार,संजीव सिंह , राजीव रंजन पाठक,मो मुस्तफा, समाजसेवी वारिस खान,मो.सज्जाद नुरी,अंजन प्रसाद,अभिषेक कुमार वही मेला आयोजक समिति के मो . इजहार,भुनेश्वर सिह,आसिफ अंसारी,आबिद अंसारी,मो.समीम , केदार सिह,नितु कुमारी एवं अन्य सैकडो उपस्थित थे।

# आगामी 16 जनवरी को टुसु परब सह सम्मान समारोह का होगा आयोजन, मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश बनें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के बुधबाजार सिरु में टुसू परब के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रविवार को बैठकर आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करमचंद कुमार व संचालन सपुत कुमार ने किया। आयोजन समिति के मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश ने बताया कि 16 जनवरी को टुसु परब सह सम्मान समारोह प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी मनाया जाएगा। एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा साथ ही मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश ने कहा कि टुसू परब हमारे संस्कृति और प्राकृतिक उत्साह और उमंग का त्यौहार है जिसे झारखंडी लोग काफी उत्साह के साथ मनाते हैं। बैठक में आयोजन को लेकर आयोजन को लेकर कहीं नि लिए गए साथी आयोजन समिति की पदाधिकारी को कई जिम्मेदारी सौंप गई मौके पर आयोजन समिति मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश अध्यक्ष लिलेश्वर महतो सचिव छोटन कोषाध्यक्ष राजकुमार महतो व्यवस्थापक उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी अमित कुमार व कार्यकारिणी सदस्य मौके पर हेमलाल महतो बबलू कुमार सिकंदर नायक रोशन कुमार रोहित कुमार अनिल कुमार वीरेंद्र महतो हरेंद्र महतो शेखर महतो रियाज अंसारी कलाम अंसारी तनवीर अंसारी महेंद्र ओहदार अरविंद कुमार सिकंदर कुमार रूपेश कुमार रितेश कुमार राजेश कुमार बिरेंद्र कुमार रामप्रसाद महतो विनोद कुमार चेतलाल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का राज्यस्तरीय महासम्मेलन संपन्न



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का उत्थान कैसे हो, इस विषय के तहत रांची स्थित एमडीएलएम हॉस्पिटल के धनवंतरी सभागर में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का राज्यस्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी वर्ष अक्तूबर महीने में संपन्न हुए महासभा के आम चुनाव के बाद नवनिर्वाचित समिति ?के सदस्यों की उपस्थिति में पहली बार आयोजित इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से बडी संख्या में शाकद्वीपीय ब्राह्मणों ने भाग लिया और अपने अपने विचार व्य?क्त किये। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री विजया नंद सरस्वती मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ कुमार ने किया तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं महासभा के उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी मिश्रा ने किया। इस महासम्मेलन में अवध मणि पाठक, आचार्य मिथिलेश, वसंत व्यास, वसंत कुमार पाठक, शैलेंद्र मिश्र, विभाकर मिश्र, बंशीधर मिश्र, रवीन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. आशुतोष पांडये, श्रवण कुमार पाठक, शशिकांत मिश्र, विनायक शर्मा, मनोज कुमार पुट्टू, पंकज कुमार पाठक, डॉ. अर्चना पाठक विशेष रूप से मौजूद रहे।

## झारखंड प्रजापति महासंघ झारखंड प्रदेश के नए अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति बने



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ ,झारखंड प्रदेश का एकदिवसीय प्रदेश अधिवेशन विधायक क्लब रांची में संपन्न हुई इस अधिवेशन का अध्यक्षता महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सह माटी कला बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष श्री श्री चंद प्रजापति ने की इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि महासंघ के संरक्षक सह बेरमो के माननीय पूर्व विधायक श्री योगेश्वर महतो थे संचालन विक्रम महतो एवं शंभू प्रजापति ने किया सर्वप्रथम अतिथियों का माला पहनकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कोर कमेटी के सदस्य गण श्री संजय पंडित ,पप्पू पंडित धनबाद, गंगाधर प्रजापति इंद्रदेव प्रजापति 73 प्रजापति जमशेदपुर नीरज प्रजापति रांची तुलसी प्रजापति विनोद पंडित पलामू नरेंद्र प्रजापति, हजारीबाग ,राजेंद्र पंडित लक्ष्मण पंडित दुमका पुना बेसरा, सिमडेगा, के अलावा सभी 24 जिला के जिला अध्यक्ष धनबाद मोहन कुंभकार, गिरिडीह दीपक पंडित, कोडरमा भुवनेश्वर पंडित, साहिबगंज पिंटू पंडित, पाकुड़ गणेश पंडित, दुमका गणपति पाल, जामताड़ा रामस्वरूप पंडित, बोकारो शेखर प्रजापति, रामगढ़ राधा विनोद प्रजापति अधिवेशन को सफल बनाने में धनबाद के संजय कुमार प्रजापति, शिव कुमार, मुकेश प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति आदि शामिल रहे।

## भाकपा माले ने कंजगी हरीजन टोला में कामरेड विनोद मिश्रा को दी श्रद्धांजलि



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा-माले ने मांडू के कंजगी हरिजन टोला में पार्टी ब्रांच ने कामरेड विनोद मिश्रा की 25वीं स्मृति दिवस के अवसर पर पार्टी के द्वारा चलाए गए, 18 से 25 दिसंबर तक संकल्प कार्यक्रम के तहत मनाया गया। पार्टी की केंद्रीय आह्वान पत्र का पाठ किया व संकल्प लिया। देश की संविधान के रक्षा के लिए भाजपा हटाओ-देश बचाओ नारे के तहत जन अभियान को तेज करेंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी सदस्यता की भर्ती एवं नवीकरण कार्य में तेजी लाएंगे। श्रद्धांजलि और संकल्प पत्र की पाठ में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, लालचंद बेदिया, जयनंदन गोप, कांति देवी,बंधन नायक सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## अरगड्डा बीएस पब्लिक स्कूल में पुराने वर्ष की विदाई व नववर्ष का आगमन मना



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के बीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पुराने वर्ष की विदाई व नव वर्ष 2024 के आगमन पर कार्यक्रम आयोजित हुई। इसमें अभिभावको ने विद्यालय को आगे और अच्छा बनाने को लेकर मार्गदर्शन दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अभिभावकों के बीच चेयर रेस आयोजित हुई। इसमें तनिष्का कुमारी की नानी प्रथम व आराध्या कुमारी की मां द्वितीय स्थान पर रही। सफल बच्चों, अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निर्णायक में निलय कुमार, दीपक कुमार प्रथम द्वितीय, विद्यालय प्रबंधक बिहारी सिंह, शिक्षक राजू कुमार, संगीता कुमारी, सहजादी, खुशी, प्रीती, शानिया आदि का सहयोग रहा।

## महली समाज को पीएम विश्वकर्म योजना की जानकारी दी गई



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी हेतु पंचायत सुरू, ग्राम भालू के निवासी महली समाज में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा,दुलमी में पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे जानकारी कामगारों को दिया गया। इस योजना का लाभ ले बेरोजगारी दूर कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकते हैं इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा के प्रभारी अरुण कुमार सोनकर उपस्थित रहे । साथ ही मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। राजेंद्र महतो ने कहा की पीएम विश्वकर्मा योजना के देश के पिछड़े कामगारों को सयोग मिलेगी । साथ ही उन्होंने कहा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण की तारीख पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष हे।साथ ही मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार, सत्यादे ठाकुर, केदार ठाकुर इत्यादि।

## धारा फॉल विकास समिति की हुई बैठक आगामी मेले को लेकर हुई चर्चा



**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत अन्तर्गत खखरा गाँव में धारा विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मनसु माँझी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 एवं 16 जनवरी 2024 को पौष मेला लगवाया जायेगा। 15 जनवरी को मेला प्रारंभ होगी एवं 16 जनवरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमे जानेमाने लोक कलाकार नितेश कच्छप, मजबुल खान, अक्षय किंग एवं सुमन गुप्ता मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीक़े से मनाया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष जयनाथ मुंडा, सचिव बद्रीनाथ किस्कू, कोषाध्यक्ष मनसु हेम्ब्रम, शिवकुमार, बचन माँझी, रामचन्द्र, आशीष मुर्मू, सुरेश करमाली, बिनोद मुर्मू, विकास मुर्मू, विजय मुंडा, आनंद मुंडा, बरतु मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## कटिया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिला स्वेटर



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत 6 आंगनबाड़ी केंद्रो में मुखिया किशोर कुमार महतो के नेतृत्व में बच्चों को स्वेटर दिया गया तथा मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि आजकल क्षेत्र में काफी शीतलहरी चल रहा है जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है तथा आंगनबाड़ी केंद्रो में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने से माता-पिता को काफी चिंता सता रही थी की कही बच्चों को ठंड नहीं लग जाए इसी वजह से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर दिया गया है।मौके पर उप मुखिया नंदकिशोर महतो,वार्ड सदस्य किरण देवी, सेविका गुड्डी देवी,रेखा देवी,सुनीता देवी,जानकी देवी,सोनी देवी,भूमिका कुमारी,अनीता देवी,गणेश कुमार ठाकुर,रविंद्र कुमार,विजय कुमार, रीता कुमारी,नूनी देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति रामगढ द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण किया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला समिति द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए चितरपुर के एल टी मेमोरियल स्कूल के पास की बस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस मौके पर मारवाड़ी महिला मंडल समिति रामगढ़ की अध्यक्षता निशा जैन ने बताया कि आगे भी जरूरतमंद लोगों को इस कड़के की ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े दिया जाएगा । इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा निशा जैन, रिद्धि जैन एवं नीतू मित्तल मौजूद थी।

## भाजपा रामगढ़ अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनायेगा आज



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 25 दिसंबर 2023 को दिन के 12:30 बजे सुशासन दिवस मनाने को लेकर एक कार्यक्रम जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय हथमारा में होना तय किया गया है ! इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इस कार्यक्रम में रामगढ़ जिला में निवास करने वाले सभी भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य गण, सातों मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा सभी मंडल अध्यक्ष से उपस्थित रहने का निर्देश जिला अध्यक्ष द्वारा दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही सभी बुथ अध्यक्ष को बुथ पर सुशासन दिवस मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया है।

## शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप में 89 लोगों ने किया रक्तदान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को नया बाज़ार, मुस्कान कॉमप्लेक्स के समीप शिव मंदिर मध्य विधालय मे शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ। जिसमे 89 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम प्रात~ 9 बजे से शुरु हो कर शाम के 5 बजे समाप्त हुआ जिसमे एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक के चिकित्सकों सहित उनकी पुरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल ब्लड डोनर्स धनबाद झारखंड के फाउंडर मोहम्मद इरशाद आलम ने की। उन्होने बताया की वो नियमित रूप से हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं और थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों की जान बचाने के लिये इस शिविर का उन्होने आयोजन किया है। वहीं मौके पर उपस्थित सय्यद अल्तमश ने कहा की संस्था के संस्थापक इरशाद आलम और उनके साथियों की जितनी तारीफें की जाए वो कम है। शिविर मे रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिये सर्टिफ़िकेट और पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर विशेष रूप से डॉ मासूम आलम, हाजी ज़मीर आरिफ, शमीम अख्तर, बेनज़ीर परवीन, अबू तारिक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे इरशाद आलम, सय्यद अल्तमश, जौहर सिद्दिकी, मेराज, सेराज, तौसीफ आसिफ, ज़की, बाबू, रुस्तम, रैम्बो, डब्लू, कमर, बब्लू, गुलाम अनवर, शाहिद, अनिक आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया उद्घाटन



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड में तीन दिवसीय बेंगाबाद प्रीमियर लीग का शुभारभ किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा विशिष्ट अथिति के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं युवा नेता मनीष वर्मा शामिल हुए। जिन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर बेंगाबाद प्रीमियर लीग का शुभारभ किया। मौके पर राधास्वामी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा ने मैच के आयोजक की भी सराहना करते हुए कहा कि और इस तरह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की हौसला अफजाही करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं मौके पर सिन्हा ने बताया कि राधास्वामी संगठन द्वारा जल्द ही आईपीएल की तरह राधास्वामी संगठन प्रीमीयर लीग का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पूरे भारतवर्ष से टीम का चयन किया जाएगा। उस मैच के विजेता टीम को 5,10,000 का प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर आईपीएल तक ले जाने का कार्य भी सगठन द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर राधास्वामी संगठन के कार्यालय प्रभारी अमित कुमार, बेंगाबाद प्रखंड प्रभारी सह गांडेय विधानसभा प्रभारी समीम अख्तर, पंचायत प्रतिनिधि मासूम गुप्ता, बेंगाबाद प्रीमियर लीग के सभी टीम के साथ सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

## फिरदौसी मेमोरियल वेलफेयर एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त आंख जांच शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फिरदौसी मेमोरियल वेलफेयर एजुकेशन



ट्रस्ट के तत्वाधान एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के सौजन्य से रविवार को मॉडर्न इंग्लिश एकेडमी, न्यू इस्लामपूर में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 400 बच्चों एवं लगभग 50 अभिभावकों ने इस जांच शिविर में निःशुल्क नेत्र जाँच कराया। इनमें से 12 लोगों में मोतियाबिंद को चिन्हित किया गया। जिनका एएसजी आई हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। इस अवसर पर एएसजी आई हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर रवि कुमार सिन्हा, सीनियर ऑप्टिमेट्रिक्स डॉ संजय कुमार रजक व ट्रस्ट के अध्यक्ष मो हसनैन अख़्तर, ट्रस्टी अब्दुल जब्बार व स्कुल के प्राचार्य मो निशात अख़्तर एवं सहायक शिक्षक वसीम बारी, मो जीशान अख़्तर आदि लोगों ने जांच शिविर में उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान की।

## विहिप ने अयोध्या से आये पुजित अक्षत का किया वितरण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के रामचन्द्र मोदी मेमोरियल मैरेज हॉल में रविवार को अयोध्या से आये पुजित अक्षत का वितरण विहिप के द्वारा किया गया । कार्यक्रम से पूर्व भगवान श्री गणेश एवं भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष सामूहिक द्वीप प्रज्वलित किया गया । कार्यक्रम में विभाग मंत्री अनूप यादव,विभाग धर्माचार्य कृष्णदेव पांडेय,जिला मंत्री निरंजन कुमार,प्रखण्ड संयोजक प्रेम तर्वे,विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष साव,प्रखण्ड उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा,प्रखण्ड मंत्री बालेश्वर साव,गौ रक्षा प्रमुख रोहित बजरंगी,खण्ड कार्यवाह विनय संगम आदि उपस्थित रहे ।

# जिला खनन टास्क फोर्स ने 156 टन अवैध कोयला लदे 11 वाहनों को किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला एवं बालू के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात गोविंदपुर, निरसा, बरवाअड्डा व बलियापुर में बड़े पैमाने पर औचक छापामारी अभियान चलाया। अभियान में अवैध कोयला लदे 11 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों पर लगभग 156 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। निरसा में 3, बरवाअड्डा में 2, बलियापुर में 1 एवं गोविंदपुर में 1 एफआईआर दर्ज की गई है। निरसा के सपन गोराई, संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारी सहित ट्रक के चालक एवं मलिक पर प्राथमिक दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर कुमार पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, माइंस इंस्पेक्टर विनोद प्रमाणिक के अलावा संबंधित



अंचल के अंचल अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने निरसा के खुदिया फाटक के पास 11.180 एमटी अवैध कोयला लदा ट्रक को जब्त किया। साथ ही संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारी, पिता परमहंस तिवारी, निरसा कांटा तथा अन्य के विरुद्ध निरसा थाना में कांड संख्या 430/23, दिनांक 24.12.2023 भादवि की धारा 413 / 414 / 34 एवं 21 एमएमडीआर एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। निरसा के कांडा डंगाल के जंगल से भी 3.50 मेट्रिक टन अवैध कोयला लदे ट्रक को जब्त किया है तथा सपन गोराई उर्फ तपन गोराई, पिता पोलहू गोराई के विरुद्ध निरसा थाना में कांड संख्या 429 / 23 दिनांक 24.12.2023 दर्ज किया है।इसके अलावा खुदिया फटाक से जाने वाली एमपीएल रोड में 2.5 टन अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या डब्ल्यूबी 39 सी 2589 को जब्त कर निरसा थाना में कांड संख्या 428 / 23 दिनांक 24.12.2023 दर्ज किया है। टीम ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र से 35 - 35 टन अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या डब्ल्यूबी 37 डी 3615, ट्रक संख्या सीजी 04 एमक्यू 7543, ट्रक संख्या जेएच 09 बीडी 9264 व ट्रक संख्या जेएच 10 सीए 5645 को जब्त किया। सभी ट्रक के चालक और मालिक पर गोविंदपुर थाना में कांड संख्या 403 / 2023 दिनांक 24.12.2023 दर्ज किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में कोयला, बालू तथा अन्य खनिज के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार ऐसा ही औचक छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य में अनियमितता पर भड़के प्रखंड सचिव



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड के नगरकेशवारी में लगभग 55 लाख की लागत से बन रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य की अनियमितता की शिकायत पर माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल ने संवेदक को जमकर फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार करने की नसीहत दी है बता दें की अस्पताल भवन निर्माण की लागत लगभग 55 लाख रूपया है निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है लेकिन छत ढलाई मे संवेदक के द्वारा अनियमितता बरती जा रही थी जिसकी शिकायत पर माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल, मनीष मंडल ने कार्य स्थल का निरिक्षण कर मामले को सही पाया इस दौरान भोला मंडल ने बताया की ढलाई में ठीकेदार द्वारा किये जा रहे घटिया ढलाई को हमलोगो ने बंद करवा दिया था यह मामला बगोदर के विधायक माननीय विनोद सिंह के पास पहुंचा मामले को विधायक जी ने गम्भीरता से लेकर हमें एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण प्रसाद मंडल को जाँच के लिए स्थल पर भेजा जाँच में हमलोगों के द्वारा बन्द किये गए काम को सही ठहराया और ठीकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए बेहतर ढलाई का निर्देश दिया है,हालांकि निरिक्षण के बाद ग्रामीणों ने बताया की अभी संवेदक के द्वारा कार्य मे सुधार किया है, मौके पर मनीष मंडल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण एवं जनमानस पर दुष्प्रभाव पर हुआ मंथन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया में व्याप्त जानलेवा वायु प्रदूषण के विषय पर रविवार को प्रेस क्लब में मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के विधायक सह दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता, पर्यावरणविद सरयू राय उपस्थित थे। कार्यक्रम में झरिया के चारों ओर से आउटसोर्सिंग में मानक के विरुद्ध हो रहे खनन के कारण उत्पन्न वायु प्रदूषण एवं उसका जनमानस के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन ग्रीन लाइफ झरिया के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद द्वारा किया गया।

# जिला उपाउक्त के आदेश पर बरहमसिया पंचायत में मनरेगा एवं 15वीं वित्त योजनाओं की जांच, मिली भारी गड़बड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत में संचालित मनरेगा एवं 15वीं वित योजनाओं में भारी गड़बड़ी उजागर हुआ है जिस पर जिला उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सख्त तेवर अपनाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। बता दें कि जिला उपाउक्त के आदेश पर जिला से आई जांच टीम बरहमसिया पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया तो लगभग आधा दर्जन से अधिक योजनाओं में भारी गड़बड़ी पाई गई। इस बीच जांच टीम ने बताया कि इसी पंचायत के घुजी में रविन्द्र कुमार के जमीन पर बन रहे डोभा में मजदूरों का



नकली हस्ताक्षर कर 123060 रुपए की निकासी अवैध रूप से कर ली गई है। इतना हीं नहीं डोभा भी अनुपयोगी स्थल पर बनाया गया है, जिसके स्वीकृति के कागजात भी नदारद थे। ग्राम टाटो में देवेंद्र कुमार वर्मा के जमीन पर बने गड्ढे को डोभा में तब्दील कर 39105 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। ग्राम जटाडीह में बिरेंद्र यादव के जमीन पर डोभा निर्माण में मेडिकल किट नदारद पाई गई साथ हीं डोभा का निर्माण कार्य अधूरा रहने के बाद भी अवैध रूप से सम्पूर्ण राशि की निकासी कर ली गई है। इतना हीं नहीं 15वीं वित योजना में भी भारी गड़बड़ी देखने को मिला ग्राम झांझ में बंशी कुशवाहा के घर के पश्चिम में कूप मरम्मती, ग्राम खरटी में रामा महतो का कूप मरम्मती, बैजनाथ महतो के जमीन पर कूप मरम्मती एवं ग्राम घूजी में बिरेंद्र यादव के जमीन पर कूप मरम्मती कार्यों में कार्य से अधिक राशि की निकासी कर ली गई है साथ हीं उपरोक्त सभी कूप रैयती जमीन पर बने है जो सरकारी प्रावधान के विरूद्ध है। इस बीच जिला उपाउक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित पदाधिकारियों जैसे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुख्य अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं मुखिया पर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

**तीन दिनों के अंदर मांगा स्पष्टीकरण**

## टुंडी : सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के प्रखंड के अंतिम बचे रतनपुर एवं राजाभीठा पंचायत में आज रविवार को राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी-आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रतनपुर के पुराना पंचायत भवन के बगल गादी टुंडी मोड़ के पास मैदान में बने शिविर का टुंडी के विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्जवलित कर किया. उन्होंने चिर परिचित अंदाज में लोगो को राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ को लाभ लेने के लिए शिविर में आवेदन करने को कहा. साथ ही अबुआ आवास, व्यक्ति गत वन पट्टा, कल्याण विभाग दवारा मिलने वाले लाभ के बारे में बिस्तार से लोगो को जानकारी दी. उन्होंने दुहराया की जो भी आवेदन अभी तक प्राप्त हुए है सबका इंट्री हो चूका है, भौतिक सत्यापन कर अहर्ता प्राप्त लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने के लिए हर सभव प्रयास करेंगे. समय समय पर इसकी समीक्षा भी करेंगे. उन्होंने साथ ही शिविर में बने कल्याण मंच से दर्जनों वृद्ध, विधवा एवं विकलांगो को पेंशन स्वीकृति पत्र, निशुल्क विद्यालय दवारा तैयार जाती प्रमाण पत्र, अन्य कई लाभुकों को विरसा सिंचाई कूप, सावित्री बाई फुले, जॉब कार्ड, स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को छ लाख का चेक, कई ग्रामीणों के बिच धोती साड़ी, कम्बल एवं पौधा सहित कई सरकारी परिसम्पतियों का वितरण किया. मौके पर सीऔ रवि कुमार, बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया, प्रशिक्षु बीडीओ लक्ष्मण यादव, मुखिया गरीबन, जीप सदस्य मीना, उपमुखिया सुनीता मरांडी, हरिमोहन मुखर्जी, आजाद अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी आदि थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के तेलमोच्चो पंचायत में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ,आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तेलमोच्चो पंचायत की मुखिया मीरा कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिला एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। मौके पर अबुआ आवास योजना में लोगों की कतार देखी गई और सबसे ज्यादा आवेदन भी आया। कार्यक्रम के दरमियान पेंशन योजना, आवास योजना, स्वास्थ्य योजना आदि



योजनाओं का लाभ लोगों को मिला।

मुखिया मीरा कुमारी ने बताया कि हमारा प्रयास है की पंचायत के सभी लोगो का विकास हो और मेरा पंचायत जिला में अवल रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो, सीओ रवि भुसन प्रसाद,बीएलओ

सीआई नरेंद्र कुमार सिंह, बीपीओ दीपक रवानी, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार के आलावा सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत भवन में पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष प्रदीप पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बीच बैठक में संघ के द्वारा रांची में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में गिरिडीह की भूमिका का समीक्षा किया गया जिसमें विगत 21 दिसंबर को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ पर बर्बरता पूर्ण तरीके से हुए लाठी चार्ज की कड़ी निंदा किया गया। साथ ही साथ आगामी 29 दिसंबर को संघ द्वारा आहूत नंग धडंग प्रर्दशन एवं सामूहिक आत्मदाह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्य योजना तैयार किया गया, जिसमें संघ के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उक्त आंदोलन में जिले के सभी प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक सदस्यों को अनिवार्य रूप से शामिल होना है, क्योंकि अब हमारा आंदोलन निर्णायक और अंतिम चरण में है, इसलिए पूरी शक्ति और संख्या के साथ आंदोलन में शामिल होना जरूरी है, आज की बैठक में गावां, तीसरी, देवरी, जमुआ, गिरिडीह सदर, बिरनी, सरिया और बगोदर सहित सभी प्रखंड के पदाधिकारी और स्वयं सेवक शामिल हुए ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया सुपर चेकिंग और स्थल निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा 31 गांडेय, 32 गिरिडीह तथा 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों में प्राप्त प्रपत्रों (प्रपत्र 6, प्रपत्र 7, प्रपत्र 8) का सुपर चेकिंग और स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, गांडेय, सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, गिरिडीह, गांडेय और डुमरी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आवेदनकर्ताओं से मिलकर उनके द्वारा दाखिल किए गए दावा आपत्ति प्रपत्रों का जांच किया गया तथा चेक लिस्ट और भरे हुए फार्म तथा अन्य वांछित दस्तावेजों का जांच किया गया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर नाम जोड़ने, विलोपन एवं सुधार संबंधी प्रविष्टियों की जांच के लिए संबंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जांच की एवं पुनरीक्षण संबंधी कार्य के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने "विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार" से किया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया । समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री बी.के.सिंह सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला



कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रेखा खंडेलवाल सहित संगठन की सदस्याएं भी इस अवसर पर उपस्थित थीं । आज के इस समारोह में महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा वर्ष 2022-23 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 110 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय द्वारा पूर्व मध्य रेल के उन 05 रेलकर्मियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया जिन्हें पिछले दिनों अखिल भारतीय स्तर पर माननीय रेल मंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था। समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है । सभी रेलकर्मियों के लगन, परिश्रम एवं सहयोग से वित्तीय वर्ष 2022-23 में इसमें और गति आई ।

# असर्फी अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी अस्पताल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल प्रबंधन द्वारा केक काटकर किया गया। कर्मचारियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक अस्पताल के विभिन्न विभाग ने प्रस्तुत किए। वहीं सेंटा क्लाज ने सभी लोगो को उपहार बांटे। सेंटा क्लाज के रूप में सजी अस्पताल की आकांक्षा ने सभी का मन मोहा। रुक्सार ने सभी को प्रभूयीशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों



को सुनाया। अन्य लोगो ने भी प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे लोगो ने साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। अस्पताल प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। प्रभू यीशू के जन्म दिवस पर आधारित कई नाटक नरसिंग के बच्चों ने प्रस्तुत किए। अस्पताल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभू यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसे प्रभू से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए। इस दौरान असर्फी हॉस्पिटल के प्रबंधक गोपाल सिंह, नयन सिंह, उदय सिंह एवं सुधा, जूही, दिशा, अनिता, विजेता, कौशिक, सजल आदि मौजूद रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

### ग्रामीणों ने मंत्री से नाली निर्माण का किया मांग

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के ग्रामीणों ने झारखण्ड सरकार के वित्त एवं वाणिज्य सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उराँव को आवेदन देते हुए लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ स्थित सेरेंगहातु ग्राम में सड़क किनारे नाली निर्माण के लिये ग्रामीणो द्वारा मांग किया है। वही ग्रामीणों ने मंत्री से बताते कहा कि सड़क किनारे नाली नही होने से गाँववासियों को काफी परेशानी होती है। और बरसात के दिनों में रास्ता में और सड़क किनारे घर मे गन्दा पानी घुस जाता है। जिसे रास्ता चलना काफी कठिन होता है. और गन्दा पानी जमने से बीमारी बढ़ने का खतरा रहता है। साथ ही इमरान आजाद अंसारी, शमशाद अंसारी, सरफुल अंसारी, तनवीर अंसारी, रेशमा नाज, साहिना खातुन, संजय कुमार, गुलशबा परवीन, शिफत परवीन, समसुल अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुषों ने मंत्री डॉक्टर उराँव को बताते हुए कहा कि लगभग 2 माह पूर्व लोहरदगा उपायुक्त को आवेदन दे कर नाली निर्माण के लिये मांग किया गया था।

# देश की प्रगति के लिए क्वालिटी एजुकेशन जरूरी : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

## सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़ें : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़े। जिला,राज्य और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उक्त बातें विधायक सह सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित स्टार कालोनी में विस्डम ग्रोव एकेडमी उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि देश में क्वालिटी एजुकेशन में सरकारी स्कूलों की तुलना में प्राइवेट स्कूलों का काफी योगदान रहा है। मंत्री ने कहा कि विश्व में जब यह पता किया गया कि विकसित देश इतने आगे कैसे हैं, तो इसकी वजह उन देशों की शिक्षा



निकली। इसलिए देश की प्रगति के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजें जिससे देश और समाज का विकास हो सके। लोहरदगा के एसपी हारिस बिन जमां ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि क्वालिटी एजुकेशन में प्राइवेट स्कूलों का बड़ा योगदान रहा है। लेकिन अब सरकारी स्तर पर भी क्वालिटी एजुकेशन के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म में भी कहा गया है कि पढ़िए। अगर इल्म हासिल करने के लिए चीन भी जाना पड़े तो जाइए। लेकिन अब हमारे देश में भी शिक्षा की ऐसी व्यवस्था है कि बाहर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने ने उम्मीद जताते हुए कहा कि ये विस्डम ग्रोव एकेडमी सिर्फ एक ईमारत नहीं रहेगी, बल्कि शिक्षा का वो संस्थान बनेगी, जो हजारों परिवारों को बेहतर भविष्य की उम्मीद बनेगा। एसपी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा फर्ज है। कुरआन-ए-पाक में इस्लाम धर्म मानने वालों को दुनिया में इंसानियत, मोहब्बत व शांति बनाए रखने के लिए पैगाम दिया गया है। साथ ही हमारे देश का संविधान भी सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। मेरा यह संदेश है कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़े। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि कुरआन पाक में शुरुआत ही एकरा से हुई है। जिसका अर्थ होता है पढ़िए। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारते है। हमारी यह शुभकामनाएं है कि भाई सलीम व उनकी अहिल्या ने जिन उद्देश्यों को लेकर विस्डम ग्रोव एकेडमी की शुरुआत की हैं, उनमें सफल हों। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे एवं युवा वर्ग मन में दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़ें। मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल शबनम परवीन ने बताया कि वे बच्चों को एक बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि यहां सीबीएसई बेस्ड कक्षा 5वीं स्टेंडर्ड तक की कक्षाएं शुरू हो रही हैं। प्रत्येक वर्ष एक स्टेंडर्ड अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्मार्ट क्लासेस व आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एकेडमी में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की अतिरिक्त गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन समारोह में शमायरह सलीम ने अपने स्वागत उद्बोधन के साथ मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। साइस्ता ने शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा थाना के समीप अपराध रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान पु0अ0 नि0 गणेश कुमार यादव ने शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया,चार पहिया तथा बॉक्साइट लदा वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन सम्बंधित कागजातों का जांच किया गया। साथ ही वैसे मोटरसाइकिल चालक जो बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे थे। उन लोगों को हेलमेट पहने कर मोटर साइकिल चलाने के लिए जागरूक किया गया। तथा चार पहिया वाहन एवं बॉक्साइड ट्रक का कागज साथ में लेकर चलने के लिये कड़ी चेतावनी दिय्या गया। वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर चलाया गया। वाहन जांच के दौरान एस आई गणेश कुमार यादव ने कहा की आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। मौके पर पु0 अ0नि0 गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

## अक्षत कलश यात्रा में मातृशक्ति व दुर्गावाहनी समिति ने लिया भाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड स्तरीय अक्षत कलश यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू के नेतृत्व में प्रांत के आदेशानुसार आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मातृशक्ति एवं दुर्गावाहनी के महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विदित हो कि अयोध्या से आया अक्षत कलश को महिलाओ ने सिर लेकर यात्रा में भाग लिया। अक्षत कलश यात्रा का आरम्भ मेन रोड स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर प्रांगण से पररम्भ किया गया जो सेन्हा गांव का भ्रमण करते हुए मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी समिति के लोगों ने श्रद्धा और सच्चे मन से गांव में स्थित सती मंदिर और ठाकुरबाड़ी



स्थित जगन्नाथ मंदिर तथा शिव मंदिर प्रांगण में कलश के साथ माथा टेका तथा अयोध्या से आए अक्षत कलश को पंचायत स्तर पर डोर टू डोर वितरण कर अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। जिसके लिये पंचायत स्तरीय समिति को कार्य भर सौंपा गया। वही कार्यक्रम आरम्भ होने के पूर्व दुर्गा मंदिर प्रांगण में हिन्दू संगठन के प्रति अलख जगाया गया। इस अवसर पर दुर्गावाहिनी के प्रांत संयोजिका अनुराधा कच्छप तथा विहिप के लोहरदगा जिला सहमंत्री रंजीत साहू,संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा जय श्री राम समिति के बौद्धिक प्रमुख अवनीश पाठक, सीठीयो से रवि साहू के अलावे सेन्हा प्रखंड के दुर्गावाहिनी संयोजिका राखी कुमारी, मातृशक्ति संयोजिका उषा देवी के अलावे सेन्हा ग्राम के लगभाग 100 की सांख्या मे ग्रामीण माता और बहन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। और आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोगो द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## निष्ठा संस्था द्वारा स्टार एलुमिनी मीट और प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिद्धि सिद्धि विनायक भवन में संचालित निष्ठा संस्था द्वारा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना के अन्यर्गत संचालित उप योजना सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना तहत गुरुवार को स्टार एलुमिनी मिट तथा प्लेसमैंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला श्रम पदाधिकारी अखिल केरकेट्टा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही मुख्य अतिथि द्वारा स्टार एलुमिनी मीट के जुबलिटेक्स में कार्यरत 4 कैंडिडेट अनीता कुमारी, गीतांजलि कुजूर, पूनम कुमारी, गीताअंजली कुजूर को पुरस्कार देकर निष्ठा कौशल में माध्यम से



सम्मानित किया गया। वही प्लेसमेंट में गई इन किशोरियों ने अपना अनुभव साझा किया। तथा 30 कैडिटेटो को मुख्य अतिथि द्वारा ऑफर लेटर द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही बताया की नौकरी कैसे मिलेगी तथा इस प्रशिक्षण से कैसे आगे बढ़ेंगे तथा आत्मनिर्भर बनाने के बारे में किशोरियों को विस्तृत जानकारी दी गई। तथा सेंटर में प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षणीर्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर निष्ठा संस्थान की प्लेसमेंट ऑफिसर पूजा मिश्रा ने भी प्लेसमेंट में जाने हेतु प्रशिक्षणीर्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। तथा आज के समय मे बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनना कितना जरूरी है। उज़क बारे में विशेष तौर बताया गया। सेंटर मैनेजर राखी कुमारी ने कहा कि आज की महिलाएँ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं। तथा आत्मनिर्भर बन अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। सेंटर इंचार्ज रूही परवीन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया तथा प्लेसमेंट में जाने हेतु उत्साहित किया गया। मौके पर नेहा परवीन, सबाना खातून कार्यक्रम में प्रशिक्षक पिंटू कुमार, रविरंजन कुमार, धीरेंद्र कुमार, अमर कुमार, सबाना खातून, सबनम खातून, ललिता देवी, नम्रता कुमारी एवं 200 प्रशिक्षित कैंडिडेट कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## अलौदी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड क्षेत्र के अलौदी पंचायत के समीप मध्य विद्यालय अलौदी गोसाईटोली मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम का शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,उप मुखिया गोपाल उराँव, व अन्य अतिथियों द्वारा



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम में अधिकारीयों ने बारी बारी से विभिन्न विभागों से मिलने वाले योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। तथा परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लोग अब गाँव से ही प्राप्त कर सकते हैं। लोगो को प्रखंड और अंचल कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रखंड व अंचलकर्मियो द्वारा गाँव गाँव तक आम जनता के बीच पहुंचया जा रहा है।

## कांग्रेस के नये प्रभारी मीर के अनुभव का लाभ मिलेगा : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा गुलाम अहमद मीर को झारखंड कांग्रेस का नया प्रभारी तथा झारखंड के डॉक्टर अजय कुमार को उड़ीसा, तमिलनाडु व पुडुचेरी का कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने पर द्वव नेताओं को बधाई दिए। श्री साहू ने कहा कि गुलाम अहमद मीर जम्मू कश्मीर में लगभग 7 वर्षो तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं उन्हें संगठन का अनुभव है जिसका लाभ झारखंड कांग्रेस को मिलेगा।

## छात्रओं ने सरस्वती यात्रा के क्रम में थाना भ्रमण कर जाना थाना गति विधि व कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बहनों को व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी के उद्देश्य से सरस्वती यात्रा के क्रम में थाना का भ्रमण कर थाना का कार्य व गति विधि के बारे में जानकारी प्राप्त किया साथ ही भ्रमण के दौरान छात्रओं ने थाना भवन,रिसिस्ता,बाल मित्र थाना,महिला व पुरुष बंदी गृह सहित अन्य चीजों का अवलोकन किया। वही मौके पर मौजूद थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा छात्राओं को बताते हुए जानकारी दिया गया कि पुलिस का कर्तव्य है आम जनता का सुरक्षा करना और चोरी, हिंसा, प्रताड़ना, बलात्कर, लूट, सहित विभिन्न आपराधिक गति विधियों का रोक थाम करना तथा गलत कार्य करने वाले अपराधियो को पकड कर सजा दिलाना पुलिस का कार्य है। साथ ही बहनों द्वारा पूछे गये सवालों के जबाब में थाना प्रभारी के द्वारा बताते हुए किसी के विरुद्ध आवेदन मिलने पर केश दर्ज करना और थाना में बच्चे बच्चियों या अन्य लोगो के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा व्यवहार और कार्य के बारे में भी बताया गया। साथ ही पीएलबी दुखिता मिंज द्वारा न्यायलय में प्रेम व आपसी सौहार्द के केशों का निपटारा और आम नागरिकों का अधिकार कर्तव्य के बारे में बताया गया। वही भ्रमण के दौरान छात्राओं के चेहरे पर हर्ष था।

## झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के तीन पहलवानों ने जीता पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 22 से 24 दिसंबर तक गणपत राय इंदौर स्टेडियम खेल गांव, होटवार, रांची में झारखंड राज्य कुश्ती संघ द्वारा आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के 10 पहलवानों ने विभिन्न वजन भार में भाग लिए थे। जिनमे से तीन पहलवानों ने पदक प्राप्त किए। पुरुष वर्ग के 96 किलो वजन भार में कुरडेग के संजय ठाकुर ने रजत पदक तथा 86 किलो वजन भार में कुरडेग प्रखंड के ही साहिल बड़ाइक ने कांस्य पदक जीता तथा महिला वर्ग के 57 किलो वजन भार में कुरडेग प्रखंड की सरस्वती कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त की। सिमडेगा जिला के तीन पहलवानों के पदक जीतने पर सिमडेगा जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, सचिव कमलेश मांझी, उपाध्यक्ष बलबीर प्रसाद, करिश्मा परवार, कोषाध्यक्ष प्रतिमा तिर्की, संयुक्त सचिव पंखरासियूस टोप्पो, वेद प्रकाश, सोनू ठाकुर, राकेश सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में 7 जनवरी को मैत्री महासम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिला अध्यक्ष सीमा परवीन की अध्यक्षता में कोंग्रस कार्यालय राजेंद्र भवन में बैठक का आयोजन कर 7 जनवरी 2024 को मैत्री महासम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमिटी की पदाधिकारी को अलग अलग दायित्व दिया गया। जिलाध्यक्ष सीमा परवीन ने कहा कि मैत्री महासम्मेलन में झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड प्रदेश की प्रभारी सुष्मिता बेहरा विशेष रूप से शामिल होंगी। 7 जनवरी 2024 को



मैत्री महा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारी को दायित्व सोपा गया है आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मैत्री महासम्मेलन महत्वपूर्ण साबित होगा। बैठक में सुशीला देवी उपाध्यक्ष, सरिता देवी उपाध्यक्ष बबीता देवी उपाध्यक्ष, महासचिव शहजादी खातून, पेसरार प्रखंड अध्यक्ष सरिता खालखो, कैरो प्रखंड अध्यक्ष मुनि उराव किस्को प्रखंड अध्यक्ष पुनीता उरांव, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष ललकारी एकका, कुडू प्रखंड अध्यक्ष किस्मती देवी, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष, बसंती उरांव, सुनीता भगत, फुलेश्वरी नगेसिया, सचिन मिश्रा, शकीला खातून, सुबिनता भगत, सरिता उरांव, जयललिता कुमारी, निंगनी पंचायत अध्यक्ष, सलगी पंचायत अध्यक्ष सुरबाला देवी, कौशल्या देवी, अनीता देवी आदि मौजूद थी।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ लखन लोहार की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुजी मोड़ के समीप रविवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी लखन लोहरा उर्फ सरदार (52 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लखन लोहरा सेमरा सप्ताहिक बाजार से अपने घर सेमरा लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा साइकल से नशे की हालत में अपने घर मकुंदा जा रहे जोगो उरांव ने अनियंत्रित होकर लखन लोहरा के



सामने आ गया। जिसे बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर लखन लोहरा दुर्घनाग्रस्त हो गए। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही नशे में धुत जोगो उरांव को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। सड़क दुर्घटना में सामाजिक कार्यकर्ता लखन लोहरा उर्फ सरदार की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लखन लोहरा काफी मृदुल स्वभाव के थे। मसमानो गांव के अलावे सामाजिक कार्यो में इनकी भूमिका बहुत अहम मानी जाती थी।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 80 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है, और कहा कि अब तक 3900 से ज्यादा लोगों



ने शिविर से लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में गर्म पानी का सेवन करें,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं,और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध महतो, गोपाल सिंह,अंजलि सर्राफ, सरिता कुमारी, जुगल प्रसाद, अतुल सर्राफ, राजू कुमार सिंह, शंकर प्रसाद, गंगोत्री देवी, अनिल वर्मा, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, निशा देवी, सुरेंद्र कुमार, मनोज महतो, गजेंद्र खत्री, कृष्ण प्रसाद, रमेश शर्मा,उदय कास्यंकार, डोमेन चंद्र कर्मकार, राजेश अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, शिमला देवी, रामचंद्र गौरी, नवल कास्यंकार, रुपेश चौधरी, किरण देवी, राजू अग्रवाल, शंभू शर्मा, प्रतिमा चौधरी, प्रभु दयाल साहू, अफरोज आलम, नीलम देवी, सोनिया पोद्दार आदि थे।

**सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है क्रिसमस : विधायक भूषण बाड़ा**

## क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विधायक भूषण बाड़ा ने जिलेवासियों को क्रिसमस की दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह बड़ा दिन प्रभु येसु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। प्रभु यीसु मसीह का शांति, प्यार व दया का संदेश दुनिया भर के लोगों को एकता की राह दिखाता है। इसलिए हम प्रत्येक को हमारे जीवन के हर क्षण, हर दिन को लोगों के साथ शांति, प्रेम और मेल-मिलाप से जीना चाहिए। जिस अच्छे काम को हम अभी कर सकते हैं, उसे बाद के लिए नहीं टालना चाहिए। क्योंकि यह अवसर दुबारा नही आता है। उन्होंने कहा है क्रिसमस प्रभु यीसु का अनुपम उपहार है। उन?होंने कहा कि क्रिसमस का यह दिन सभी से प्रेम करने, अपने पापों के क्षमा करने के लिए प्रभु से प्रार्थना करने का है। मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए यीशु मसीह ने अपने जीवन को बलिदान के रूप में क्रूस पर दिया। यह ईश्वर के असीम प्रेम का दर्शन है। पवित्र शस्त्र बाइबल में लिखा है परमेश्वर प्रेम है। परमेश्वर के प्रेम में कोई भेदभाव नहीं है। अर्थात परमेश्वर का प्रेम विश्व के सभी जाति, जनजाति, प्रजाति, राष्ट्र एवं समुदाय के स्त्री-पुरुषों के लिए है। हमें आपसी प्रेम व भाईचारा को बनाएं रखने की जरूरत है।

**जोसिमा खाखा ने भी दी क्रिसमस की बधाई :** वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी क्रिसमस पर्व की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मानव रूप में ईश्वर का जन्म हरेक मनुष्य के उद्धार के लिए हुआ था। दुनिया के प्रत्येक मनुष्य का उद्धार करना उनके सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है और परमेश्वर के ऐसी क्रियाशीलता का समर्थन विश्व व्यापी है। उनके इस धरती में आने से सारे मानव जाति के उद्धार का मार्ग प्रशस्त हुआ जो भी उनपर सच्चे हृदय से विश?वास करता है। उनकी कृपा निश्चित रूप से प्राप्त होती है। अपने संदेश में उन्होने कहा कि यीशु का जन्म इस बात को दर्शाता है, परमेश्वर जगत में सक्रिय है। वह अतित में भी था और भविष्य में भी उसकी सक्रियता देखी जा सकती है।

## विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर हथियों को भगाने के लिए सामग्री उपलब्ध में किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही विधायक बिक्सल नमन कोंगाड़ी ने ठेठईटांगर प्रखंड के जामपानी कहुपानी अकवानटोली कटहलटोली का भ्रमन कर ग्रामीणों से मुलाकात की साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया और लोगो को सुविधा उपलब्ध कराने में मदद कर सहयोग किया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी मौके पर से ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया।साथ ही हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच जुट बोरा, जला हुआ मोबिल पटाखा तेल आदि का वितरण किया। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर तुरन्त पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके।

**चलते चलते एक नजर**

## डा. एमएन खान के नेतृत्व में चिनिया में चला जनसम्पर्क अभियान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम संगठन को मजबूत करने को लेकर प्रखंड स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाते एमआईएम पार्टी के गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी डॉ एमएन खान, जिला प्रवक्ता रहमान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुक अहमद, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मोजाहिद अंसारी, साहमोहमद, गुलबहार अंसारी, हाजी नसरुद्दीन, हसनैन मंसूरी ने चिनिया प्रखंड के चिनिया मुरटंगी मसरा खुरी बघमरी आदि गांव मे पहुंच कर एमआईएम पार्टी के सिद्धांतों के बारे में लोगों से चर्चा किया। इस पर भरोसा कर इस पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी डा. खान ने कहा कि वर्तमान की सरकारी एवं मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गए इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। एक भी वादा पूरा नहीं हो सका। यह पार्टी पिछड़ी आदिवासी दलित दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है।

## रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने कोरोना के मद्देनजर व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 के बढ़ते मामले को देखते हुए राज्य सरकार भी अलर्ट मोड पर है। सभी जिलों के अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक हिरेंद्र बिरुआ रविवार को अस्पताल में ऑक्सीजन, बेड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रिम्स के सभी कर्मियों को मास्क पहनने को कहा। साथ ही डॉक्टरों को ओपीडी में मास्क लगाकर परामर्श देने का आदेश दिया। रिम्स के पहले तल्ले में ट्रामा सेंटर के पास कोरोना वार्ड बनाया गया है। सदर अस्पताल में भी अलग से ओपीडी की शुरुआत की गयी है, जहां सर्दी-खांसी के मरीजों की जांच की जायेगी। मरीजों में कोरोना के लक्षण पाये जाने पर उनके सैंपल की जांच की जायेगी।

### अमर बाउरी का विजय नंद पाठक, अरुणा शंकर सहित कई भाजपाइयों ने किया सम्मानित

# हेमंत सरकार ने एक भी चुनावी वादा नहीं किया पूरा : अमर बाउरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा पलामू के द्वारा जिला कार्यालय मेदिनीनगर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम एवं संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री सतीश पासवान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सम्मानित नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। सर्वप्रथम भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक के द्वारा अमर बावरी को सम्मानित किया गया। उसके बाद यहां के प्रथम महापौर अरुणा शंकर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर राम,अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात कुमार भुइयां, ममता भुइयां, लाभली गुप्ता, मीना गुप्ता, रेणु देवी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह



एवं अन्य कई नेताओं के द्वारा नेता प्रतिपक्ष को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने सरकार पर आरोप लगाते कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया है। 28 दिसंबर को सरकार का चार साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। इसे लेकर प्रदेश की जनता में आक्रोश है। इस दौरान पांच लाख नौकरी देने,सात हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने, तीन लाख रुपये का आवास देने, अनुबंध कर्मियों को स्थायीकरण करने सहित 1932 के खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाकर बहाली करने आदि वादे पूरे नहीं किए गए। पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता के आक्रोश का नेतृत्व भाजपा करेगी और चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा।

## ड्रंक एंड ड्राइव अभियान में 18 वाहन चालक पकड़ाए

**रांची** : रांची के ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की चारों थानों ने अलग-अलग जगह पर अभियान में 10 वाहन चालक शराब के नशे में पकड़ में आए। इनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल थे। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सड़क से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। एसपी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें, शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी।

## झारखंड टीम में गढ़वा के चार खिलाड़ी का चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा** : 76 वीं एसजीएफआई अंडर 17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली जाने वाली झारखंड टीम में गढ़वा जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गोविंद उच्च विद्यालय के नीतीश कुमार मेहता, आदित्य बिड़ला के अनिमेष कुमार पांडेय और डीएवी मॉडल के उज्जवल कुमार जबकि बालिका वर्ग में शांति निवास उच्च विद्यालय की अंजलि कुमारी का चयन हुआ है। टीम का कोच कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है। नेशनल प्रतियोगिता में चयन पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस के पदाधिकारी ने इन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता, सुशील कुमार केसरी, सियाराम शरण वर्मा, विनोद कमलापुरी, अशोक विश्वकर्मा, मुजीबुद्दीन खान, संजय सोनी, सुधीर पाठक, सिस्टर रोशना, अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, नवनीत शुक्ला आदि के नाम शामिल हैं।

### एमएसए स्कूल का जारी हुआ अर्धवार्षिक रिजल्ट

# कम फीस में बेहतर शिक्षा देना ही लक्ष्य : शफीक अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एमएसए पब्लिक स्कूल में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही सेकेंड टर्मिनल परीक्षा का रिजल्ट भी आज पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन कर सैकड़ों अभिभावकों के बीच घोषित किया गया। स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कहा बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का होना बहुत जरूरी होता है। इस प्रदर्शनी में सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को साबित



किया है। मौके पर फर्स्ट सेकेंड और थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र समीर, सुहानी, अब्दुल, अराध्या, प्रिती, रोज़ी, अलीशा नाज़, तबीस ,अलीशब्बा, उत्कर्ष, फलक, अनुराग, सतीश, अम्रीता, रीया, प्रिया, श्रेया, कार्तिक, आर्यन, गुलाम, गौसिया, नुरैशा, जीसान, सरस, मुबारक, आरूष, निशांत, आशिया, संस्कृति, अंकुश, सक्षम, अनम, रितिक सहित कई अन्य को मैडल और एचीवमेंट सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में अराध्या, दीपक जायसवाल, संजर अली, सचिन, इमैनुअल, हिबीशकश, सहबाज , आजम अली , श्रवण, अनमोल, रजी अहमद, स्नेहा, वत्सल, हर्ष, आर्य भास्कर, शिवानी मिंज, आर्यन, आशीष, पियुष, आदवीक, तारीफ, दिलशान आदि छात्र छात्राओं ने अपने विद्यालय का मॉडल, रोबोट, सोलर सिस्टम, फर्स्ट एड बॉक्स, कम्प्यूटर सिस्टम, टेलिस्कोप, सोलर इरिगेशन, विंड मिल, हिटर, चंद्रयान 3 इसरो, रैनवाटर हार्वेस्टिंग , सहित कई अन्य मॉडल प्रदर्शित कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हेमंत सरकार को है सबकी चिंता : मंत्री मिथलेश

*** मंत्री ने 17 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन ग्रामीण सड़कों का किया शिलान्यास**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेराल** : गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को मेराल प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव गेरुआ में करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमें मेराल डंडई मुख्य पथ में देवगाना स्टैंड से बजनवा टोला भाया बिछियादामर बस्ती, करियईजरही गेरूआडीह तक 8.150 किमी पथ निर्माण। देवगाना मोड़ से देवगाना पथ 1.300 किमी पथ सुदृड़ीकरण कार्य तथा देवगाना पीएमजीएसवाई रोड से जरही चरमुहान होते गेरुआडीह आदिवासी टोला तक 4.800 किमी पथ सुदृड़ीकरण कार्य शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आसपास के बुजुर्गों एवं गणमान्य लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही लगभग 800 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल विवरण किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अपना झारखंड राज्य 23 वर्ष का युवा अवस्था में पहुंच गया है। अगर इसका अच्छा से पालन पोषण होता तो आज स्थिति ऐसी नहीं होती। आज जन सरोकार और झारखंडी मानसिकता की सरकार है। हमें सबसे पहले समाज के अंतिम पंक्ति गांव टोलों के लोगों को उनका हक अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को सबकी चिंता है, राज्य के 15 लाख लोगों का ग्रीन कार्ड बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में पेंशन के लिए कोटा होता था, परंतु आज सभी को पेंशन मिल रहा है। उन्होंने पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व सिर्फ शिलान्यास होता था। आज गांव में भी सड़कों का जाल बिछ रहा



है। 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि एक विधायक को अपने क्षेत्र में मात्र 10 किलोमीटर प्रति वर्ष कर सड़क बनाने का पावर मिलता है। परंतु मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के चार साल के कार्यकाल में 1600 किलोमीटर सड़क बन गया है तथा बहुत सड़कों पर कार्य चल रहा है। जबकि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल में ग्रामीण सड़कों की क्या हालत थी किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की सोंच है कि जिले पर जो पिछड़ापन और पलायन का अभिशाप है उसको दूर करने के लिए यहां दो-तीन बड़े बड़े कारखाने लगाया जाएगा। जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने सत्येंद्र नाथ तिवारी को जोकर बताते हुए कहा कि अब उनका दाल गलने वाला नहीं है। मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को कविता के माध्यम से विकास पुरुष बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम को मुखिया अनिल चौधरी, राजेश चौबे, गोपाल चौबे, राधेश्याम विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन हरेंद्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में झामुमो महिला जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव मनोज ठाकुर, विकास सिंह कुशवाहा, अजय प्रसाद गुप्ता, बबलू दुबे, युवा नेता ज्ञान रंजन मिश्र, जितेंद्र चतुर्वेदी, संतोष चौबे, यासीन अंसारी, दिलीप गुप्ता सहित आसपास के कोई गांव के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**दो सौ लोगों ने थामा झामुमो का दामन :** मेराल प्रखंड के गेरुआ में आयोजित शिलान्यास समारोह के दौरान मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर करीब 200 लोगों ने झामुमो का दामन थामा। सभी को मंत्री तथा अन्य नेताओं ने पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा में काफी सराहनीय एवं अद्वितीय विकास कार्य किया है। उनके किए जा रहे हैं कार्यो से प्रभावित होकर सभी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि इसे पूर्व के विधायकों ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया। इनसे पूर्व के विधायक जनता को सिर्फ वोट बैंक समझते रहे। क्षेत्र का कुछ भी विकास कार्य नहीं किया।

# इमरान प्रतापगढ़ी को कांग्रेस में मिल रहा मेहनत का फल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आगमी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अभी से ही कमर कस ली है। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के ने पी चितम्बर के नेतृत्व में 16 सदस्यीय मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया है। जिसमें सबसे चौंकाने वाला नाम राज्यसभा सांसद अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी का है। पार्टी में सलमान खुर्शीद ,तारिक अनवर सरीखे नेता को रहते हुए पार्टी ने इसके लिए इमरान प्रतापगढ़ी पर विश्वास किया है। यह सभी को चौंका रहा है। इस कमिटि में प्रियंका गाँधी,टी सिंहदेव, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, आनन्द शर्मा, जयराम रमेश,शशि थरूर सरीखे नेता शामिल हैं। लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह इमरान प्रतापगढ़ी ने पूरे देश में कांग्रेस के लिए भारत जोड़ो सम्मेलन, बुनकर सम्मेलन ,साझी



विरासत सम्मेलन और बेरोजगार युवाओं की बात उठा रहे हैं। इससे कांग्रेस हाईकमान काफी प्रभावित नजर आ रहा है। अभी हाल ही के दिनों में तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में जिस तरह इमरान प्रतापगढ़ी ने अल्पसंख्यकों के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी कराया और और धुआंधार प्रचार कर मुसलमान को क्षेत्रीय दल केसीआर से कांग्रेस के तरफ मुख मोडा और वहां सरकार बनाने में अपनी हम रोल को निभाया। इससे इमरान प्रतापगढ़ी का कांग्रेस पार्टी के हाई कमान में कद बहुत बढ़ गया। ताजुब नहीं होगा कि पार्टी आने वाले दिनों में इमरान प्रतापगढ़ी को इससे भी बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। क्योंकि पार्टी में इमरान प्रतापगढ़ी राहुल गांधी के सबसे करीबी नेता माने जाते हैं एवं मुसलमान के सबसे भीड़ जुटाऊ नेता के रूप में उभरे हैं। अपने निराले अंदाज में लोगों को अच्छा खासा प्रभावित करते हैं।

## साउथ प्वाइंट रोमांचक मुकाबले में पांच रन से जीता

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने सीपी मेमोरियल स्कूल को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराया। वहीं ब्राइट फ्यूचर स्कूल ने जीएन कॉन्वेंट स्कूल को सात विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल का मैदान में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शफी के 14 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 9 विकेट होकर 93 रनों का स्कोर खड़ा किया। सीपी मेमोरियल की ओर से दीपू ने तीन विकेट प्राप्त किया । जवाबी पारी खेलने उतरी सीपी मेमोरियल के टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 88 रन ही बना पाई। अंतिम छह गेंद में जीत के लिए नो रनो की आवश्कता थी अंतिम ओवर में सीपी मेमोरियल स्कूल के बल्लेबाज चार रन ही बना सके। दूसरे मैच में जीएन कॉन्वेंट स्कूल सभी विकेट खोकर 55 रन ही बना सकी। ब्राइट फ्यूचर ने तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। जीएन कॉन्वेंट स्कूल की और से युवराज ने दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीपी मेमोरियल के दीपू और स्कूल ब्राइट फ्यूचर के आयुष को दिया गया। इस मौके पर गढ़वा के पूर्व खिलाड़ी सह अधिवक्ता सचितानंद धर दुबे, अभिषेक, रजनीश, प्रवीण मिश्रा, सुमित, नवनीत, धीरज, विशाल, आलोक, आशोतुष रंजन, आदित्य, दिव्य रंजन, मनोज तिवारी, अभय कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में हुआ भव्य व रंगारंग फेयरवेल प्रोग्राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार का दिन डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के नाम रहा। लीलवाकरम स्थित कॉलेज के प्रांगण में 11वीं क्लास के छात्रों द्वारा 12वीं के छात्रों का भव्य फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के सचिव ई विनय मेहता, डॉ. प्राचार्य श्वेता कुमारी, समाजसेवी ब्रजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, सन्नी शुक्ला, कन्हैया दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में 11वीं की छात्राओं ने फेयरवेल पर एक से बढ़कर कई गीत नृत्य पेश कर सबका मन मोह लिया। इस मनमोहक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में 11-12 के सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्रा और कॉलेज के पूर्व वैसे छात्र भी उपस्थित थे, जो आज डॉक्टर और इंजीनियर बनकर देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सबकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया।

### अभी तो गज भर जमीन नापी है, आसमान नापना बाकी है : ई. विनय मेहता

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव ई विनय मेहता ने छात्रों को मोटिवेट करते हुए कहा कि जिस तरह किसी भी रंग के बैलून में




हाइड्रोजन गैस भरने से बैलून उपर जाता है, ठीक उसी प्रकार सभी विद्यार्थियों में ज्ञान रूपी गैस भरकर समाज और राष्ट्र के ऊंचाई पर कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। ताकि विद्यार्थी अपने जिंदगी में हमेशा उपर उठते रहें। उन्होंने कहा कि सूरज तो नहीं सूरज बनने की तमन्ना है। दीपक हूं, तूफानों में जलने का हौसला है। अभी तो गज भर जमीन नापी है, आसमान नापना बाकी है। ई विनय मेहता ने कहा कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज अपने स्थापना काल से ही टॉपर पैदा कर रहा है। वह क्रम आज तक जारी है। कहा कि कॉलेज प्रबंधन क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं करता है। कहा कि यहां छात्रों को आईआईटी, आईएएस, आईपीएस सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं को तैयारी कराई जाती है। ताकि वे आप को पूरी तरह से प्रतियोगिता परीक्षाओं के लायक ढाल सकें। ई. विनय मेहता ने कहा कि कॉलेज के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक पढ़ाई का विशेष ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य वर्ल्ड लेबल का रैंकर पैदा करना है। अभी इस कॉलेज के बच्चे झारखंड लेबल पर अच्छे रैंक प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के टीचर बेहतर भूमिका निभा रहे हैं।

**छात्रा प्रिया, नीति, अंजली, लक्ष्मी व सरस्वती ने डांस कर मोहा सबका मन**

11 वीं की छात्रा प्रिया व नीति के द्वारा वेलकम डांस कर सीनियर छात्रों का स्वागत किया गया। सीनियर और जूनियर के बीच बढ़ते गैप को कैसे कम किया जाय, इस पर इस पर पोयम के माध्यम से 11 वीं के रक्षित और 12वीं के मनिस्वानी के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। 12वीं की छात्रा अंजली ने भी शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही लक्ष्मी और सरस्वती ने भी शानदार नृत्य पेश कर सबका मन मोह लिया।




### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर स्कूल मैनेजमेंट का पूरा ध्यान : डॉ. श्वेता कुमारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.श्वेता कुमारी ने कॉलेज के जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच टूट रहे संबंध और संस्कार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रों के बीच मधुर संबंध और प्यार मोहब्बत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शिक्षण कर सुचारू रूप से चल रहा है। सभी शिक्षक ईमानदारी पूर्वक शिक्षण कार्य करते हैं। प्राचार्य श्वेता कुमारी ने कहा कि कॉलेज में पढ़ाई के आलावा खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाता है। साथ ही एनसीसी के माध्यम से भी बच्चों को मोटिवेट किया जाता है। कॉलेज मैनेजमेंट का पूरा ध्यान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाती है। यही कारण है कि कॉलेज का रिजल्ट अन्य कॉलेजों से बेहतर होता है। स्वेता कुमारी ने कहा कि कॉलेज के कई छात्र आज डॉक्टर इंजीनियर बनकर देश की सेवा में लगे हुए हैं।